वर्ष 72 अंक 290 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 18 जुलाई, 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत् 2082
नगर ■■ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

अपनी जिंदगी आज ही बदलो। भविष्य के भरोसे जुआ मत खेलो। बिना किसी देरी के अभी से काम शुरू करो।
– सिमोन द बोउआर

## ऑफ बीट

### खरीदारी की लत: 2 घर भर गए पार्सल से



*जब से ऑनलाइन शॉपिंग का चलन शुरू हुआ है, लोग जरूरत से ज्यादा सामान खरीदने के आदी हो गए हैं। वे बिना सोचे-समझे सामान आर्डर करते हैं, जिस कारण बजट हिल जाता है। चीन की एक महिला को भी खरीदारी करने की ऐसी ही लत लगी है। दरअसल, यह महिला ऑनलाइन इतना सामान आर्डर करती हैं कि उनका पूरा घर पार्सल से ही भरा हुआ है। सामान का ढेर इतना है कि उन्हें सोने तक कि जगह नहीं मिलती है। यह महिला शंघाई की रहने वाली हैं, जिन्हें लोग वांग नाम से जानते हैं। उनकी उम्र 66 साल है और वह जियाडिंग जिले में एक फ्लैट लेकर अकेले ही रहती हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि वांग अबतक ऑनलाइन खरीदारी करके करीब 2.40 करोड़ रुपये से ज्यादा उड़ा चुकी हैं। उनके अपने फ्लैट में सामान रखने की जगह नहीं बची है, जिसके चलते उन्होंने एक बड़ा फ्लैट किराए पर लिया है। यह फ्लैट केवल बंद पैकेटों से भरा है। वांग जरूरत न होने पर भी चीजें मंगवा लेती हैं और कई बार उनके पैकेट को खोलना तक जरूरी नहीं समझती हैं। उनके घर में ज्यादातर बंद डिब्बे और पैकेट का ढेर लगा हुआ है। वांग का कहना है कि उन्हें ऑनलाइन खरीदारी की लत है और इस तरह पैसा खर्च करना उन्हें उत्साहित करता है। वह यह भी कहती है, मुझे अपना पैसा बर्बाद करना पड़ता है, ताकि मेरे रिश्तेदार और दोस्त मुझसे पैसे उधार लेने न आ जाएं। वांग ने बताया कि वह आमतौर पर लाइव-स्ट्रीमिंग सेशन के दौरान ही खरीदारी करती हैं, जिसमें तुरंत आर्डर करना होता है।*

### वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण: सुपर स्वच्छ लीग में भी बजा इंदौर का डंका

# 10 लाख की आबादी वाले शहरों में भोपाल नंबर दो

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश का इंदौर शहर लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहरों में अव्वल रहा है। इंदौर ने सुपर लीग में बाजी मारी है। राजधानी भोपाल को भी स्वच्छता के मामले में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। नई दिल्ली में गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेता शहरों को पुरस्कृत किया। मध्यप्रदेश के इंदौर, भोपाल सहित 8 शहर स्वच्छता में अलग-अलग श्रेणी में पुरस्कृत हुए हैं।

राजधानी के विज्ञान भवन में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर से आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान किए। जहां वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 के विजेता शहरों को पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के अलावा विजेता निकायों के मेयर-अध्यक्ष व अधिकारी मौजूद रहे।



राष्ट्रपति से पुरस्कार ग्रहण करते मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और निकाय जनप्रतिनिधि और अधिकारी।

**9वें** *वर्ष में स्वच्छ सर्वेक्षण ने स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और सेवा वितरण का मूल्यांकन किया।*

**10** *मापदंडों पर आंकी गई शहरों की स्वच्छता*

**54** *संकेतकों का इस्तेमाल किया गया*

**4500** से अधिक शहरों को किया गया था शामिल इस बार सर्वेक्षण में

#### इंदौर विशिष्ट क्लब में भी अव्वल

इंदौर को इस बार उन 23 सुपर लीग शहरों में शामिल किया गया था, जो अब तक हुए सर्वेक्षणों में पहले, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे हैं। इस विशिष्ट क्लब में भी इंदौर ने 2024-25 में बाजी मार ली है। इस तरह इंदौर ने लगातार 8वीं बार भारत के सबसे स्वच्छ शहरों में अव्वल रहा है। गुजरात के सूरत को दूसरा और नवी मुंबई को तीसरा स्थान मिला है।

#### भोपाल पांचवें से दूसरे स्थान पर आया

भोपाल ने तीन स्थानों की छलांग लगाते हुए 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। पिछली बार भोपाल 5वें नंबर पर था। इस बार नगर निगम ने कचरे की प्रोसेसिंग में सुधार लाते हुए कई ठोस कदम उठाए। फरवरी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 100 करोड़ से भी ज्यादा काम हुए थे। उसी समय सर्वेक्षण टीमें भी भोपाल में थी।

#### देवास-नंबर वन, जबलपुर 5वें स्थान पर

50 हजार से 3 लाख की आबादी वाले शहरों की कैटैगरी में देवास को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। जबलपुर नगर निगम को देश में 5वीं रैंक प्राप्त हुई है। इससे पहले इस श्रेणी में जबलपुर 13 वें स्थान पर था।

#### उज्जैन-बुधनी भी पुरस्कृत

3-10 लाख कैटेगरी में उज्जैन पुरस्कार पाने में सफल रहा। 20 हजार से कम वाले शहर में बुधनी भी पुरस्कृत हुआ है।


# भगदड़ मामले में आरसीबी पर चलेगा क्रिमिनल केस

### केएससीए के खिलाफ भी चलाया जाएगा मुकदमा

**बेंगलुरु, जेएनएन।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में कर्नाटक सरकार ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के खिलाफ आपराधिक मामले दायर करने की मंजूरी दे दी है। ये फैसला मंत्रिमंडल की बैठक में जस्टिस माइकल डी कुन्हा आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार करने के बाद लिया गया है। आयोग की इस रिपोर्ट में कई अनियमितताओं और गड़बड़ियों का खुलासा किया गया है, जिसके आधार पर ये कार्रवाई की जा रही है।

आयोग ने आरसीबी और केएससीए से जुड़े मुद्दों की गहन जांच की थी। इस जांच में वित्तीय अनियमितताओं, प्रबंधन में पारदर्शिता की कमी और अन्य गंभीर उल्लंघनों के सबूत सामने आए।

#### विराट का भी नाम आया सामने



रिपोर्ट में कहा गया है कि 4 जून को हुई इस पूरी घटना में विराट कोहली का भी नाम सामने आया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि विराट कोहली ने एक वीडियो में फैन्स से फ्री में विक्ट्री परेड में आने की अपील की थी।

### अहमदाबाद विमान हादसा: अमेरिकी अखबार के नए दावे से खड़ा हुआ नया विवाद

# कैप्टन ने खुद बंद की थी फ्यूल की सप्लाई

### विशेषज्ञों ने पारदर्शिता पर उठाए सवाल, सरकार बोली- अभी न निकालें निष्कर्ष

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर अब एक नया दावा सामने आया है। एक अमेरिकी अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि विमान के कैप्टन सुमीत सभरवाल ने खुद फ्यूल सप्लाई 'कट ऑफ' कर दी थी, जिसके कारण दोनों इंजन बंद हो गए। यह जानकारी कथित तौर पर कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) से मिली बातचीत के आधार पर दी गई है।

रिपोर्ट में दावा किया गया कि को-पायलट क्लाइव कुंदर ने कैप्टन से हैरान होकर पूछा था, 'आपने फ्यूल स्विच को कटऑफ पोजिशन में क्यों किया?' इस पर कैप्टन शांत रहे जबकि को-पायलट की आवाज में घबराहट थी। अखबार ने यह जानकारी अमेरिकी जांच एजेंसियों के सूत्रों के हवाले से दी है।



इधर, केंद्र सरकार ने कहा है कि हादसे की शुरुआती रिपोर्ट की गहन समीक्षा जारी है और जब तक पूरी जांच नहीं हो जाती, तब तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। यह मामला अब अंतरराष्ट्रीय विमानों की सुरक्षा मानकों और पारदर्शिता पर एक बड़ी बहस का केंद्र बनता जा रहा है।

भारत के एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इनवेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने 12 जुलाई को इस हादसे पर शुरुआती रिपोर्ट जारी की थी। उसमें बताया गया था कि टेकऑफ के तुरंत बाद फ्यूल स्विच 'रन' से 'कटऑफ' में बदल गया, जिससे दोनों इंजन बंद हो गए।

#### क्या अमेरिकी मीडिया ज्यादा जानता है?

इस रिपोर्ट पर भारतीय एविएशन विशेषज्ञ संजय लजार ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अमेरिका का मीडिया भारत की संसद और नागरिक उड्डयन मंत्रालय से भी ज्यादा जानता है? उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट का इस तरह लीक होना पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। लजार ने मांग की कि इस दुर्घटना की जांच किसी हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवाई जानी चाहिए ताकि निष्पक्षता बनी रहे।



जागरण रीवा

रीवा, 18 जुलाई 2025

www.dainikjagranmpcg.com



मैनचेस्टर टेस्ट खेल सकते हैं बुमराह (पेज - 11)



## न्यूज कार्नर

### पावर जनरेटिंग कंपनी की लापरवाही से डूबी 50 एकड़ की फसल



**जागरण, रीवा।** मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी सिरमौर के अधिकारियों की लापरवाही के चलते बाढ़ का कहर किसानों की फसल पर टूटा। बकिया नहर पर स्कैप की सफाई नहीं कराये जाने के कारण पर्याप्त पानी की निकासी नहीं होने से पानी ओवरफ्लो हो गया। इस लापरवाही की वजह से नहर का पानी खेतों में भर गया जिससे 50 एकड़ की फसल पानी में नष्ट हो गयी। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ग्राम बरौं इकाई उपाध्यक्ष धनेंद प्रताप सिंह ने बताया कि बरौं और हरदी गांव में बकिया नहर के ओवरफ्लो से जाने से खेतों में बोई गई फसलें नष्ट हो गई हैं। लोगों के घरों में भी पानी घुसा है। उन्होंने बताया कि पावर जनरेटिंग कंपनी के एसई श्री सिद्दीकी से कई बार नहर की सफाई के लिए कहा गया लेकिन सफाई नहीं कराये जाने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया।

### मानस भवन में आरसीएम सेवकों ने किया पौधरोपण



**परिसर को हराभरा बनाने रोपे गए आधा सैकड़ा पौधे**

**जागरण, रीवा।** शहर के मानस भवन में बुधवार को आरसीएम सेवकों ने मानस मण्डल के अध्यक्ष सुभाष बाबू पाण्डेय की उपस्थित में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। परिसर को हरा भरा बनाने आधा सैकड़ा फलदार पौधे के साथ वाटर प्लांट, मुनगा, मीठी नीम के पौधे लगाए गए। आरसीएम सेवा दिवस कार्यक्रम के तहत वृक्ष वृद्धि अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है, लाखों की संख्या में आरसीएम सेवक इस समय पौधारोपण कार्य में लगे हुए हैं। मानस मण्डल के अध्यक्ष सुभाष बाबू पाण्डेय ने पौधारोपण के दौरान कहा कि आरसीएम द्वारा देश के समग्र विकास के लिए जो अभियान चलाया जा रहा है वह सराहनीय है, देश में बीमारी और बेरोजगारी बड़ी समस्या है, जिसके तहत लोगों को स्वस्थ्य जीवन शैली के लिए स्वास्थ्य क्रांति, लोगों को पर्याप्त आय का अवसर प्रदान करना इस अभियान का अहम उद्देश्य है। इसके साथ ही ब्लड हेल्प लाइन जैसे सामाजिक कार्य भी संस्था द्वारा किए जा रहे है। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान मानस मण्डल के पदाधिकारियों के साथ ही स्टार एमराल्ड आर.बी द्विवेदी, एमराल्ड डॉ. अरूण शुक्ला, डॉ. के.के गौतम, प्रो. एस.एम कुर्मवंशी कृषि वैज्ञानिक, प्रो. प्रदीप मिश्रा, शिक्षक राजेश चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में आरसीएम सेवक उपस्थित रहे।

---

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 का जारी हुआ परिणाम**

# अतिक्रमण मुक्त और ब्यूटीफिकेशन से मिली बड़ी सफलता फाइव स्टार के साथ रीवा देश का 5वां सबसे स्वच्छ शहर

### राज्य में मिली 6 वीं रैंक, जनता ने भी दिया बेहतर फीडबैक

जागरण, रीवा



स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नगर निगम कमिश्नर डॉ.सौरभ सोनवणे के द्वारा स्वच्छता को लेकर किए गए प्रयास रंग लाए हैं, अतिक्रमण मुक्त शहर और ब्यूटीफिकेशन ने शहर में एक नई पहचान तो बनाई ही बल्कि देश में रीवा को एक नई पहचान भी दिला दी है। रीवा अब देश का 5वां सबसे स्वच्छ शहर है। निगमायुक्त के प्रयास से मिली जनसुविधा के चलते रीवा नगर निगम की रैंक इस वर्ष पिछली वर्ष की अपेक्षा काफी सुधरी है और रीवा देश के स्वच्छ शहरों के लिस्ट में अंडर-5 में पहुंच गया है। रीवा ने पिछले वर्ष से इस वर्ष 37 पायदान आगे 5वीं रैंक देश भर के 3 लाख आबादी वाले 824 शहरों के बीच में प्राप्त की है। प्रदेश में निगम का 56 शहरों में 6वां स्थान है। इसके अलावा निगमायुक्त सहित निगम अधिकारियों की कार्यप्रणाली से खुश जनता ने भी निगम के हित में फीडबैक दिया और उससे मिले अंक ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पहली बार मिली फाइव स्टार रेटिंग ने देश में अलग पहचान रीवा शहर को दिला दी। अब तक के हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में सबसे बेहतर प्रदर्शन इस वर्ष नगर निगम का रहा है। रीवा को इस वर्ष कुल 12500 अंकों की परीक्षा में 10931 अंक मिले हैं। हालांकि इस वर्ष संभाग के सभी तीनों जिलों का परिणाम बेहतर रहा है, सिंगरौली ने रीवा से एक पायदान ऊपर चौथी रैंक देश भर में हासिल की है, वहीं सतना का देश भर में 12वां स्थान है।

### बीते वर्षों से सबसे अच्छा परिणाम

रीवा नगर निगम के पिछली रैंकिंग की बात करें तो वष 2023 में 42वां स्थान था व प्रदेश में 10वां स्थान था। वहीं वर्ष 2022 में रीवा को देश में 55वां स्थान, 2021 में 93वां, 2020 में रीवा की रैंक 116वीं थी, वर्ष 2019 में रीवा देशभर के 425 में 75वां स्थान और वर्ष 2018 में 285 शहरों के बीच हुए सर्वेक्षण में 49वें स्थान व प्रदेश में 11 वें स्थान पर था। वहीं वर्ष 2017 में हुए सर्वे में रीवा को 434 शहरों के बीच 38वीं रैंक के साथ प्रदेश में 10वां स्थान मिला था।

### पहली बार मिले फाइव स्टार

बता दें कि बीते वर्षों से निगम प्रशासन थ्री स्टार रेटिंग के लिए प्रयास कर रहा है लेकिन निगम को या तो इस परीक्षा में ही फेल कर दिया जाता था या फिर वन स्टार दे दिए जाते थे, पिछले वर्ष निगम ने थ्री स्टार हासिल किया था लेकिन इस वर्ष फाइव स्टार के लिए आवेदन किया गया था और निगम ने फाइव स्टार हासिल कर लिया। जिसके महत्वपूर्ण 1100 अंक मिलने से रीवा टॉप-5 में अपनी जगह बना सका। रीवा ननि के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है, इसके बाद अब ननि अब सेवन स्टार के लिए परीक्षा दे सकेगा। हालांकि इनके मानक फिलहाल रीवा नगर निगम पूरा नहीं करता है।

### सिंगरौली फिर आगे

बता दें कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वच्छता सर्वेक्षण में सिंगरौली ने रीवा संभाग में सबसे बड़ी रैंक हासिल की है। सिंगरौली को देश भर में चौथी रैंक मिली है। सिंगरौली की रैंक इस वर्ष भी 31 पायदान ऊपर है। प्रदेश में सिंगरौली ननि को प्रदेश में 5वां स्थान मिला है। बीते वर्षों में लगातार सिंगरौली की रैंक खिसकती जा रही थी लेकिन इस वर्ष सिंगरौली ने अपनी रैंक में बड़ा सुधार किया है। वहीं सतना नगर निगम इस वर्ष पिछली रैंक से 79वें पायदान ऊपर आई है , पिछले वर्ष सतना ननि को 91वीं रैंक मिली थी लेकिन इस वर्ष सतना ने 12वीं रैंक देश भर में हासिल की है। वर्ष 2022 में 65वीं रैंक, वर्ष 2021 में 71वीं रैंक सतना की थी। वर्ष 2020 से 74वां स्थान सतना को मिला था। वर्ष 2019 में 123वां स्थान था, वहीं सीधी की देश भर में 27वीं रैंक है और प्रदेश में 25वीं रैंक है। बता दें कि सीधी ने इस वर्ष तीन लाख तक आबादी वाले शहरों में प्रतिभाग किया था और रैंक में काफी सुधार किया है।

### इसलिए मिली सफलता

बता दें कि स्वच्छता के क्षेत्र में नगर निगम आयुक्त डॉ.सौरभ सोनवणे के प्रयासों से बड़े अतिक्रमणों पर कार्यवाही व ब्यूटीफिकेशन पर सबसे ज्यादा काम हुआ। इसके अलावा आधुनिक मशीनों से सफाई, व्यवसायिक क्षेत्र में नाइट स्वीपिंग, कचरा उठाव कंपनी रेमकी पर नकेल कसते हुए कचरे का समय से अलग-अलग उठाव व निष्पादन, एमआरएफ प्लांट, कंपोस्ट प्लांट, जैविक खाद प्रसंस्करण,पशु प्रसंस्करण इकाई पहाड़िया में स्थापित कराई गई। वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के निर्माण में तेजी के साथ सेनेट्री लैंडफिल पहड़िया में स्थापित हुआ जहां निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई स्थापित की गई। जिसमें खराब मटेरियल से उपयोगी सामग्री बनाने का कार्य, ई-वेस्ट कलेक्शन सेंटर इस वर्ष शुरू कराया गया। शौचालयों की लगातार मॉनिटरिंग, सेल्फी प्वाइंट, थ्रीआर पार्क, सर्वेक्षण के दौरान सफाई कामगरों ने दिन-रात सफाई की, शहर को स्वच्छ किया, 90 प्रतिशत सफाई कर्मचारियों की उपलब्धता, यूएलबी स्टाफ जैसे सेनेटरी इंस्पेक्टर, असिसटेंट इंजिनियर, ई-लर्निंग कोर्स से दक्ष, ओडीएफ प्लसप्लस सर्टिफिकेट जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदुओ पर नगर निगम आगे रहा।

> वर्ष 2024 के सर्वे में रीवा को फाइव स्टार मिले हैं, अगले वर्ष अब सेवन स्टार के लिए प्रयास करेंगे। इसके साथ ही देश के सबसे स्वच्छ 5वें शहर के रूप में रीवा को एक नई पहचान मिली है। आम जन की जागरूकता व सभी के सफल प्रयास से यह उपलब्धि मिली हैं। आगामी वर्षों में रीवा को स्वच्छता में नंबर वन स्थान दिलाने का प्रयास किया जाएगा।
>
> **डॉ.सौरभ सोनवणे, आयुक्त नगर निगम रीवा।**

### इस प्रकार मिले अंक...

**रीवा-**

| | |
|---|---|
| देश में रैंक | - 5/820 |
| प्रदेश में रैंक | - 6/56 |
| स्टार | - 5 |
| स्वच्छ सर्वेक्षण | - 8906/10000 |
| स्टार रेटिंग | -1100/1300 |
| ओडीएफ | - 1000/1200 |
| **कुल** | - **10931/12500** |

**सतना-**

| | |
|---|---|
| देश में रैंक | - 12/820 |
| प्रदेश में रैंक | - 12/56 |
| स्टार | - 5 |
| स्वच्छ सर्वेक्षण | - 8716/10000 |
| स्टार रेटिंग | -1100/1300 |
| ओडीएफ | - 1000/1200 |
| **कुल** | - **10671/12500** |

**सिंगरौली-**

| | |
|---|---|
| देश में रैंक | - 4/820 |
| प्रदेश में रैंक | - 6/56 |
| स्टार | - 3 |
| स्वच्छ सर्वेक्षण | - 9092/10000 |
| स्टार रेटिंग | -800/1300 |
| वाटर प्लस | - 1200/1200 |
| **कुल** | - **10671/12500** |

**सीधी-**

| | |
|---|---|
| देश में रैंक | - 27/820 |
| प्रदेश में रैंक | - 25/56 |
| स्टार | - 3 |
| स्वच्छ सर्वेक्षण | - 8327/10000 |
| स्टार रेटिंग | - 800/1300 |
| ओडीएफ | - 1000/1200 |
| **कुल** | - **10127/12500** |

### रीवा शहर में टीम को यह मिली व्यवस्था

- 99 प्रतिशत डोर-टू-डोर कलेक्शन सर्वे टीम के अनुसार
- 87 प्रतिशत सोर्स सेगेरेशन
- 84 प्रतिशत वेस्ट जेनरेटिंग प्रोसेसिंग
- 100 प्रतिशत रहवासी क्षेत्र की सफाई
- 100 प्रतिशत बाजार क्षेत्र की सफाई
- 100 प्रतिशत वाटर बॉडी की सफाई
- 100 प्रतिशत स्वच्छ सार्वजनिक शौचालय
- 100 प्रतिशत रेमीडेशन ऑफ डंप साइट्स

### दो निकाय भी वन स्टार, नईगढ़ी सबसे स्वच्छ

**चाकघाट और गोविंदगढ़ का भी बेहतर रहा परिणाम**

**रीवा।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में निकायों के लिए जोनल रैंकिंग की गई है। इस वर्ष संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन रीवा क्षेत्र अंतर्गत 3 नगर निगमों के अलावा 42 नगरीय निकायों ने 25 हजार व 50 हजार से अधिक आबादी वाले निकायों के सर्वे में हिस्सा लिया था। जिसमें निकायों को नैशनल, स्टेट व जोनल रैंक दी गई है। जिले के कुछ निकायों ने अपनी पिछली रैकिंग में सुधार किया है और कई पायदान ऊपर आए हैं। इस वर्ष नईगढ़ी नगर परिषद में सीएमओ हेमंत त्रिपाठी के प्रयास रंग लाए हैं। इस वर्ष नईगढ़ी जिले का सबसे स्वच्छ निकाय है व वन स्टार भी स्वच्छता सर्वेक्षण में नईगढ़ी को मिले हैं। इसके अलावा चाकघाट नगर परिषद ने भी वन स्टार हासिल किया है। बताया गया कि रीवा व शहडोल संभाग के 21 नगरीय निकायों को स्टार रेटिंग मिली है, जिसमें दो निकाय 5 स्टार, चार निकाय थ्री स्टार जिसमें सिंगरौली, धनपुरी, पासन व सीधी शामिल हैं। इसके अलावा 15 निकायों को वन स्टार मिला है।

### इस प्रकार रहा जिले के निकायों का प्रदर्शन

| निकाय | जोनल रैंक | स्टेट रैंक | स्टार |
|---|---|---|---|
| मऊगंज | 268/1581 | 275/346 | 0 |
| नईगढ़ी | 162/2030 | 130/346 | 1 |
| चाकघाट | 241/2030 | 181/346 | 1 |
| बैकुंठपुर | 389/2030 | 282/346 | 0 |
| गोविंदगढ़ | 177/2030 | 144/346 | 0 |
| गुढ़ | 292/2030 | 223/346 | 0 |
| हनुमना | 284/2030 | 216/346 | 0 |
| मनगवां | 293 /2030 | 224/346 | 0 |
| सेमरिया | 319/2030 | 242/346 | 0 |
| सिरमौर | 333/2030 | 251/346 | 0 |
| त्योंथर | 342/2030 | 260/346 | 0 |

> स्वच्छता सर्वेक्षण में रीवा शहर को देश में पांचवां स्थान मिला है, प्रदेश में 6वीं रैंक शहर की है। सभी के सहयोग से शहर को यह उपलब्धि मिली है, जहां पर कमियां रही हैं उन पर काम कर रीवा शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाएंगे। पिछली रैंक में सुधार किया गया है।
>
> **एचके त्रिपाठी, नोडल अधिकारी स्वच्छता सर्वेक्षण 2024।**

---

## विद्यालयों में नशामुक्ति को लेकर पुलिस ने किया अभियान

**हजारों छात्र-छात्राओं ने लिया नशामुक्ति का संकल्प**

**नशे से दूरी है जरूरी अभियान ने पकड़ी रफ्तार**



**जागरण, सीधी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी विशेष अभियान नशे से दूरी है जरूरी के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव तथा समस्त एसडीओपी व थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में आज दिनांक 17 जुलाई 2025 को अभियान के तीसरे दिन जिले के विभिन्न विद्यालयों में नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा सभी को नशा न करने एवं समाज को नशामुक्त बनाने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। साथ ही, नशा मुक्ति रथ के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। प्रमुख कार्यक्रमों के विवरणों में कोतवाली सीधी उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 2 में 600 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में शपथ कार्यक्रम हुआ, थाना जमोड़ी हाई स्कूल सिरसी एवं बरम बाबा में 300 विद्यार्थियों व शिक्षकों की सहभागिता रही वहीं महिला थाना कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 250 छात्राओं व शिक्षिकाओं को संबोधित किया गया इसी तरह थाना अमिलिया विद्यालय अमिलिया में 200 छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही, थाना सेमरिया हाई स्कूल बेल्दह में 200 छात्र-शिक्षकों की सहभागिता रही, चौकी टिकरी थाना मड़वास विद्यालय टिकरी में लगभग 300 छात्र-शिक्षकों की भागीदारी रहीं वहीं थाना कुसमी एकलव्य विद्यालय टमसार में 200 छात्र-शिक्षक जागरूकता सत्र में सम्मिलित हुए, थाना भुईमाड़ हाई स्कूल पुरायडोल में 150 छात्र-शिक्षकों को नशा मुक्ति का संदेश दिया गया।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष से मिला शिक्षक कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

**सीधी।** मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष कृपाशंकर मिश्र के नेतृत्व में दिनांक 17 जुलाई 2025 को पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल भैया से सौजन्य भेंट कर संगठन के विस्तार एवं जिला कार्यालय की स्थापना सहित शिक्षकों, अतिथि शिक्षकों एवं विभागीय विभिन्न समस्याओं के निराकरण करवाये जाने हेतु सार्थक चर्चा हुई। जिसमें प्रमुख रूप से ई-अटेंडेंस से हाजिरी बंद करने, सम्बल की राशि का भुगतान, शासकीय विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक शुल्क का जिला स्तर पर निर्धारण, शाला विकास शुल्क में रोक लगाने, एपीसी/बीएसी/ सीएसी जिनकी प्रतिनियुक्ति अवधि 4 वर्ष पूर्ण हो चुकी है उन्हे मूल संस्था हेतु मुक्त करने जिससे अन्य शिक्षकों को अवसर प्रदान हो सहित शिक्षा विभाग से सम्बन्धित शिक्षक-छात्र हितार्थ कई समस्याओं को कलेक्टर एवं विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर निराकरण कराये जाने हेतु आग्रह किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह तथा संगठन के कई पदाधिकारीगणों समेत शिक्षक संघ के राजेंद्र प्रसाद मिश्रा संभागीय उपाध्यक्ष, हरीश कुमार पाण्डेय ब्लॉक अध्यक्ष सिहावल, मधुर कुमार मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, मुस्ताक अहमद कादरी संगठन मंत्री, धीरेन्द्र प्रताप सिंह संयोजक आदि उपस्थित रहे।

## जल संसाधन प्रतियोगिता: मुख्य अभियंता ने ली बैठक



**रीवा।** मप्र. जल संसाधन विभाग की 34वीं अन्तर्क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता दिसम्बर 14 से 19 दिसम्बर तक होनी है। जिसमें 11 खेल होने हैं। गंगा कछार रीवा के मुख्य अभियंता एके देहरिया ने प्रतियोगिता के तैयारी के संबंध में सभी अधीक्षण यंत्रियों एवं कार्यपालन यंत्रियों एवं खेल पदाधिकारियों की बैठक ली। बाणसागर नहर मण्डल के अधीक्षण यंत्री मनोज तिवारी ने खिलाड़ियों को खेल अभ्यास शुरू करने के लिए कहा। कार्यपालन यंत्री के.पी.कडयाम ने कहा कि विभागीय खेल इस वर्ष रीवा में होना काफी सुखद है। तैयारी जोरों से करनी होगी। गंगा कछार के मुख्य अभियंता ए.के.देहरिया ने कहा कि इन्दौर, भोपाल, जबलपुर, नर्मदापुरम, ग्वालियर जोन के साथ ही मेजबान रीवा के खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयां न हों उसके लिए टीम गठित करने के सुझाव दिये। सिविल सर्विसेस फुटबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं फुटबॉल के प्रांतीय संयोजक मोहन लाल शुक्ल ने 600 खिलाड़ियों के लिए आवास व्यवस्था एवं खेल मैदानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन रीवा जोन खेल प्रभारी असद खान ने किया। मीटिग में का.य. बी.पी. मिश्रा, का.य. आर.के. वर्मा, का.य. अमरीप त्रिपाठी, का.य. उदय प्रकाश विश्वकर्मा, आयोजक व का.य. आदित्य सिंह, उप आयोजक सुदीप गौतम, गौहर खान, अवधेश मांझी चन्द्र प्रकाश वर्मा, राजेश पटेल, रोहित शुक्ला आदि मौजूद थे।

### नेशनल बॉक्सिंग खेल प्रतियोगिता: रीवा से 05 बॉक्सर होगें शामिल



**रीवा।** इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित नेशनल बॉक्सिंग खेल प्रतियोगिता स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स रायबरेली उत्तर प्रदेश द्वारा 19 से 23 जुलाई तक किया जा रहा है, जिसमें स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स रीवा जिले से मध्यप्रदेश बॉक्सिंग एमेच्योर एसोसिएशन के टीम शामिल होंगे।

## शहर से लगे गांवों के भूमियों की खरीदी में बनी हुई है तेजी

**हल्का पटवारियों के संरक्षण में चल रहा यह करोबार**

**नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने वाले हैं 23 गांव**

जागरण, सीधी



### पांच डिसमिल रकवे की बिक्री में तेजी

शहर के आसपास के ग्रामों में प्लाटिंग कर भू-खंडों की बिक्री करने वाले ढाई सौ रुपए से 300 प्रति वर्ग फीट की दर से बिक्री कर रहे थे। वहीं रिंग रोड़ के सर्वे के पश्चात सड़क से 1 किलोमीटर अंदर स्थित खेतों में बनाए गए भूखंड 300 सौ से 400 प्रति वर्ग फुट की दर से बेचे जा रहे हैं। मुआवजा पाने के चक्कर में 2 ढिसमिल से 5 ढिसमिल रकवे के प्लाटों की बिक्री में तेजी आई है। वहीं नगर पालिका परिषद सीधी में शामिल होने वाले 23 गांवों की जमीनों की मांग भी काफी तेजी से बढ़ गई है। लोग शहरी क्षेत्र में शामिल होने वाले गांवों में प्राथमिकता के साथ जमीनों की खरीदी कर रहे हैं। दरअसल उक्त सभी गांवों में इससे पूर्व डिसमिल में जमीनें बिक रही थी। अब वर्गफीट में बिक्री की जा रही है। सड़कों से लगी भूमि की मांग सबसे ज्यादा है। लोग सड़क के किनारे ही प्लॉट खरीदने के लिए रजिस्ट्री करा रहे हैं। तत्संबंध में रजिस्ट्री कार्यालय से जुड़े सूत्रों का कहना है कि विगत दो वर्षों में सीधी शहर के आसपास के गांवों की भूमि सबसे ज्यादा बिक रही है। जिनके पास जमीन है वह पैसे के लिए बेंच रहे हैं। वहीं जिनके पास पैसा है वह अपनी भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जमीन की खरीदी प्राथमिकता के साथ कर रहे हैं।

नगर पालिका परिषद सीधी में शामिल होने वाले 23 गांवों की भूमियों की खरीदी का कार्य काफी तेजी से बढ़ गया है। शहर के समीपी गांवों में इन दिनो भू-माफियाओं का जाल तेजी से फैल रहा है। कुछ माह पूर्व नगर पालिका क्षेत्र के विस्तार के बाद इन कार्यो में काफी तेजी देखने को मिल रही है। इन कार्यो में शहर के आसपास के पटवारियों की भूमिका संदिग्ध बनी हुई है। बता दें कि शहर को विस्तृत करने आसपास की ग्राम पंचायतों को नगर पालिका क्षेत्र में शामिल कराने का गजट नोटिफिकेशन जारी होने के बाद से भू-माफिया सक्रिय होकर औने-पौने दामों में जमीन की खरीदी-बिक्री की जाने लगी है। इसके पूर्व भी रिंगरोड के नाम पर जमकर जमीनी की खरीदी व बिक्री करने का खेल खेला गया था। इन पूरे मामले में संबंधित पटवारियों की भूमिका भी संदिग्ध बनी हुई है। सूत्रों द्वारा बताया गया कि कई पटवारी भी इन अवैध प्लाटिंग के खेल में शामिल हो रहे है। इसका खुलाशा भी विगत वर्ष गोपदबनास के तत्कालीन तहसीलदार सौरभ मिश्रा ने किया था। जहां कई ग्राम पंचायतों का फर्जी नक्शा एक निजी कम्प्यूटर की दुकान में मिला था। जिस पर तहसीलदार द्वारा दुकान संचालक के ऊपर कार्रवाई करने पत्र भी जारी किया है। ऐसे में स्पष्ट है कि सांठ-गांठ के चलते ही दुकान संचालक के पास गांवों का नक्शा पहुंचा था। वहीं यह भी बताया गया कि पटवारियों द्वारा स्वयं जमीन अपने रिस्तेदारों के नाम पर खरीद कर प्लांटिग कर रहे है और यह अफवाह भी उड़ी थी कि पटवारियों द्वारा रिंग रोड का निकलने का लालच देकर किसानों से जमीन औने-पौने दाम में खरीद ली गई है। बताया गया कि कलेक्ट्रेट के पीछे कई रजिस्ट्री की दुकानें संचालित हो रही हैं उनमें कई दुकानें पटवारियों द्वारा संचालित कराई जा रही है। पटवारियों द्वारा जमीन के कागजात तैयार कराकर आनन-फानन में खरीदी बिक्री का खेल खेला जा रहा है। अगर किसानों द्वारा इनके दुकानों से रजिस्ट्री नही करवाई जाती तो उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त सभी कार्य बड़े अधिकारियों के नाक के नीचे खेले जा रहे है इनकी जानकारी भी इन अधिकारियों को भी है लेकिन किसी भी प्रकार की कार्रवाई न करना बड़े सवाल को जन्म दे रहा है। जमीन के खरीदी-बिक्री में शामिल पटवारियों के खिलाफ शिकायतें तो की जाती है बावजूद इसके किसी भी प्रकार की कार्रवाई इन पर नही की जाती है। कई पटवारियों के खिलाफ शिकायतों का अंबार लगा हुआ है लेकिन कार्रवाई करने से परहेज किया जाता है। जिससे थक-हारकर किसान लोकायुक्त पुलिस की शरण में जाने को मजबूर हो जाता है। वहीं जानकारों का कहना है कि सीधी शहर एवं आसपास के हल्कों में लंबे समय से पदस्थ कुछ पटवारियों द्वारा जमीनों की बिक्री एवं खरीदी में काफी दखल दिया जा रहा है। उनके इशारे पर जमीनों की बिक्री काफी तेजी के साथ हो रही है। हल्का पटवारी संबंधित भू-स्वामियों से बात करने के बाद उनकी जमीन एकमुश्त बिक्री करानें में भी पूरा सहयोग कर रहे हैं। इससे उनको भी लंबा कमीशन मिल रहा है। लाखों की रजिस्ट्री होने के बाद हल्का पटवारियों को भी एकमुश्त सुविधा शुल्क मिल रहा है।

भारतीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
रतहरा, रीवा (म.प्र.)
अंग्रेजी माध्यम : नर्सरी से कक्षा 12वीं तक (CBSE पैटर्न)
हिन्दी माध्यम : कक्षा 6 से कक्षा 12वीं तक (मैथ, बायो, कामर्स)
प्रवेश प्रारंभ सत्र-2025-26
आवश्यकता है शिक्षक वर्ग- 1: अर्थशास्त्र, क्रीड़ा, संगीत, रसायन शास्त्र
प्राचार्य 9826658430

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर (अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रेक्चर
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604 7566831551

वर्ष 72 ▸ अंक 290 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 18 जुलाई, 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत् 2082
नगर ▪▪ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"सिर्फ किनारे खड़े होकर पानी को देखते रहने से समुद्र पार नहीं किया जा सकता।
– रवींद्रनाथ ठाकुर

## संक्षिप्त खबरें

### यूएपीए को हाई कोर्ट ने माना वैध, याचिका रद्द

**मुंबई, जेएनएन।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखते हुए एक अहम याचिका को खारिज कर दिया है। इस याचिका की पैरवी प्रकाश अंबेडकर ने की थी। यह याचिका अनिल बाबूराव बैले की ओर से दायर की गई थी, जिन्हें 2020 में एल्गार परिषद मामले में नोटिस जारी किया गया था। उन्होंने याचिका में दावा किया था कि यूएपीए और आईपीसी की धारा 124 ए (राजद्रोह) संविधान के खिलाफ हैं। हालांकि, एनआईए की ओर से पेश हुए एडिशनल सोलिसिटर जनरल और वकील संदीश पाटिल व चिन्तन शाह ने इस याचिका का विरोध करते हुए कहा कि बैले को सिर्फ गवाह के तौर पर समन भेजा गया था, इसलिए वे कानून की संवैधानिकता को चुनौती नहीं दे सकते। सुनवाई के दौरान बॉम्बे हाई कोर्ट ने साफ किया कि यूएपीए को राष्ट्रपति की मंजूरी प्राप्त है और यह पूरी तरह से वैध है। याचिका में कोई दम नहीं है, अतः इसे खारिज किया जाता है।

#### तबलीगी जमात कोविड मामला

### 70 भारतीयों के खिलाफ सभी केस, कार्यवाही रद्द

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कोविड-19 महामारी के दौरान विदेशी नागरिकों को मस्जिदों में ठहराने के आरोप में तबलीगी जमात से जुड़े 70 भारतीयों पर दर्ज 16 एफआईआर और उससे जुड़ी चार्जशीट्स को दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया। यह फैसला जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने सुनाया। कोर्ट ने खुले न्यायालय में घोषणा की कि इन सभी मामलों की कार्यवाही अब रद्द मानी जाएगी। हालांकि विस्तृत फैसला अभी सार्वजनिक नहीं हुआ है। गौरतलब है कि साल 2020 के मार्च महीने में जब देशव्यापी लॉकडाउन लागू किया गया था, उस दौरान तबलीगी जमात के दिल्ली स्थित मरकज में बड़ी संख्या में विदेशी नागरिकों के एकत्र होने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने महामारी रोग अधिनियम, डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट और आईपीसी की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। इन धाराओं में आपराधिक साजिश (धारा 120बी), महामारी फैलाने (धारा 269, 270) और सरकारी आदेशों की अवहेलना (धारा 188) शामिल थीं।

### आधार सत्यापन होगा और सुरक्षित व आसान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार आधारित पहचान सत्यापन प्रक्रिया को सरल और अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसका उद्देश्य नागरिकों की निजता को सुरक्षित रखते हुए वित्तीय और फिनटेक सेवाओं में आधार के ऑफलाइन कस्टमर वेरिफिकेशन को बढ़ावा देना है। यूआईडीएआई की योजना के अनुसार, अब कोई भी नागरिक बिना अपना आधार नंबर या व्यक्तिगत जानकारी साझा किए ऑफलाइन केवॉयसी प्रक्रिया पूरी कर सकेगा। यह बदलाव डेटा सुरक्षा और गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। नई प्रणाली में क्यूआर कोड और पीडीएफ फॉर्मेट का उपयोग बढ़ाया जाएगा ताकि यूजर्स के लिए दस्तावेज साझा करना आसान हो सके। अब तक ऑफलाइन आधार केवॉयसी के लिए एक्सएमएल फॉर्मेट का इस्तेमाल किया जाता था, जिसे यूआईडीएआई अब हटाने की तैयारी में है। इसके स्थान पर क्यूआर कोड और पीडीएफ दस्तावेजों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही, यह प्रक्रिया अब बायोमेट्रिक या ओटीपी आधारित नहीं होगी, जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी सुविधा होगी।

#### बंगाल की खाड़ी से उठी स्ट्रांग ट्रफ गुजर रही मप्र से

# 27 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट 28 पर भी दिखेगा असर

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में दो दिन बाद फिर तेज बारिश शुरू हो गई है। पिछले 24 घंटे में 90 से ज्यादा स्थानों पर एक इंच से लेकर 10 इंच तक बारिश दर्ज की गई है। भारी बारिश के कारण प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। वहीं मौसम विभाग ने भी एक दर्जन से अधिक जिलों में बाढ़ की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग शुक्रवार के लिए भी प्रदेश के 27 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी है। इसके अलावा प्रदेश के शेष बचे 28 जिलों में वज्रपात और हल्की बारिश होने की संभावना दर्शाई है।

**इसलिए आई बारिश में तेजी**

दो से तीन दिन पहले तक प्रदेश में मानसून का पहला चरण सुस्त पड़ता दिखाई दे रहा था, लेकिन अब एक बार फिर तेज बारिश हो रही है। इसके पीछे कारण स्ट्रांग ट्रफ को बताया जा रहा है। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार इस समय बंगाल की खाड़ी से एक मजबूर द्रोणिका मप्र के सीधी, रीवा, सतना, दतिया, पन्ना, छतरपुर सहित ग्वालियर के ऊपर से गुजर रही है। साथ में एक डिप्रेशन भी एक्टिव है। यह दोनों मिलकर मप्र में जोरदार बारिश करवा रहे हैं। यह सिस्टम अगले दो दिन तक सक्रिय रहेगा।

### बारिश की कहां कैसी चेतावनी

**रेड अलर्टः** ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी।

**ओरेंज अलर्टः** मंदसौर, नीमच, गुना, श्योपुरकलां, अशोक नगर, शिवपुरी, सिंगरौली, सीधी, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, मंडला, दमोह, सागर, मैहर।

**एमपी के कई डैम ओवरफ्लो**

पिछले एक महीने से जारी तेज बारिश की वजह से बांधों में पानी बढ़ गया है। जोहिला, बरगी, बाणसागर, सतपुड़ा समेत कई डैम तो ओवरफ्लो भी हो रहे हैं। इनमें जुलाई में जितना पानी आना चाहिए, उससे कई गुना ज्यादा आ गया। इस वजह से गेट खोलने पड़े हैं। बरना, गांधीसागर, गोपीकृष्ण, इंद्रा सागर, केरवा, कलियासोत, कोलार, कुंडालिया, कुशलपुरा, मोहनपुरा, ओंकारेश्वर, राजघाट, बरगी, संजय सागर, तवा, टिल्लर, तिघरा, पेंच, सतपुड़ा समेत कुल 54 डैमों में पानी बढ़ा है।

**अब तक 67% अधिक बारिश**

मानसून की मेहरबानी के चलते मप्र में बारिश का कोटा औसत से ज्यादा चल रहा है। 17 जुलाई तक प्रदेश में कुल बारिश का आंकड़ा 487 मिली मीटर हो चुका है। जो कि इस अवधि तक औसत वर्षा से 67 फीसदी अधिक है। निवाड़ी और मंडला में सीजन की कुल बारिश से ज्यादा पानी गिर चुका है। हालांकि मानसून की मेहरबानी के बीच अभी भी प्रदेश के करीब 10 जिले ऐसे हैं, जहां औसत से कम वर्षा हुई है।



### मध्य प्रदेश में बारिश से कहर- इंदौर के दो भाई ओंकारेश्वर में डूबे, रीवा में 8 मजदूर फंसे, मंदसौर में 10 लोगों को किया गया शिफ्ट

मध्य प्रदेश में जारी भारी बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। नर्मदा, टमस और चंबल सहित कई नदियां उफान पर हैं। पहाड़ी और जलप्रपातों वाले क्षेत्रों में पर्यटकों की भीड़ के बीच खतरे की स्थिति बन गई है। राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन ने बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं और कई इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है।

**इंदौर के दो भाई नर्मदा में डूबे :** ओंकारेश्वर में इंदौर के रहने वाले दो भाई नर्मदा नदी में डूब गए। दोनों भाई अपने परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर आए थे और घाट पर नहाते समय हादसा हो गया। गोताखोरों की टीम मौके पर सर्च ऑपरेशन में जुटी है लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। इस घटना के बाद इलाके में शोक की लहर है।

**रीवा में निर्माणाधीन अस्पताल में फंसे 8 मजदूर :** रीवा जिले के सगरा थाना क्षेत्र के ग्राम सथनी में निर्माणाधीन अस्पताल की इमारत में 8 मजदूर बारिश के कारण फंस गए हैं। रातभर लगातार बारिश के चलते आसपास के नदी-नाले उफान पर आ गए और इमारत चारों ओर से पानी में घिर गई। मजदूर वहां रात बिताकर सुबह काम शुरू करने वाले थे लेकिन वे पानी में फंसे रह गए।

## सरकारी स्कूल के शिक्षक ने कुरान पढ़ने का दबाव बनाया, गिरफ्तार

**उज्जैन का मामलाः** छात्रों का आरोप, देवी-देवता और भारत माता की तस्वीर जलाई

**जागरण, उज्जैन।** उज्जैन से एक विवादास्पद मामला सामने आया है। यहां छात्रों ने आरोप लगाया है कि एक सरकारी स्कूल का शिक्षक छात्रों पर कुरान पढ़ने का दबाव बना रहा था। छात्रों का आरोप है कि शिक्षक ने देवी-देवताओं और भारत माता की तस्वीरें जला दी हैं। पुलिस ने आरोपी शिक्षक शकील मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा ने शकील को निलंबित कर दिया है। मामला ग्राम नागपुरा के सरकारी मिडिल स्कूल का है। स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र ने अपने चाचा को जानकारी दी थी। इसके बाद चाचा ने झारड़ा थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। विहिप, विद्यार्थी परिषद और बजरंग दल ने इस मामले में थाने का घेराव किया। उन्होंने थाना प्रभारी और संकुल प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



### कांग्रेस नेता के स्कूल में छात्राओं के नाम बदलकर वीडियो बनवाने का आरोप, हाईवे जाम


**जागरण, बुरहानपुर।** कांग्रेस नेता नूर काजी का गणपति नाका स्थित निमाड़ वैली स्कूल एक बार फिर विवादों में है। स्कूल संचालक पर छात्राओं के मुस्लिम नाम से वीडियो बनवाने का आरोप है। मामला सामने आने के बाद गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों और छात्राओं के अभिभावकों ने स्कूल पहुंच कर जमकर हंगामा किया। स्कूल प्रबंधन पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर दोपहर 12 बजे के आसपास विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी स्कूल के सामने इंदौर-इच्छापुर हाइवे पर बैठ गए। इससे करीब आधे घंटे तक हाइवे जाम रहा। दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई थी। बाद में एसडीएम अजमेर सिंह गौड़, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश पाटीदार, गणपति थाना प्रभारी सुरेश महाले आदि मौके पर पहुंचे



और कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। ज्ञात हो कि नूर काजी कांग्रेस के पूर्व विधायक हमीद काजी के पुत्र हैं और स्वयं भी कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हैं। इस संबंध में नूर काजी का कहना था कि लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं। वे किसी कार्यक्रम के दौरान मौजूद नहीं थे। सिटी मजिस्ट्रेट राजेश पाटीदार ने कहा कि स्कूल पर धर्मांतरण और मुस्लिम नाम से वीडियो बनवाने के आरोप लगाए गए हैं। लिखित शिकायत लेकर जांच कर रहे हैं।

#### एनसीईआरटी की नई किताबों में सिख-मराठा इतिहास का विस्तार

## डेढ़ पन्ने से बढ़कर 22 पन्नों में फैला मराठा इतिहास




**नई दिल्ली, जेएनएन।** एनसीईआरटी ने 2025-26 के शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा 8वीं की सामाजिक विज्ञान की किताब 'एक्सप्लोरिंग सोसाइटीः इंडिया एंड बियॉन्ड' में बड़ा बदलाव किया है। अब इस किताब में सिख और मराठा इतिहास के साथ-साथ देश के कुछ भूले-बिसरे और क्षेत्रीय राजाओं के विस्तृत अध्याय शामिल किए गए हैं। अब तक मराठा साम्राज्य को सिर्फ डेढ़ पन्ने में समेटा गया था, लेकिन अब यह 22 पन्नों में फैला होगा। इसमें छत्रपति शिवाजी के उदय, रायगढ़ में ताजपोशी, उनकी गुरिल्ला रणनीति, प्रशासनिक सुधारों और स्वराज की अवधारणा को विस्तार से बताया गया है। साथ ही, संभाजी, राजाराम, शाहूजी, ताराबाई, बाजीराव प्रथम, महादजी सिंधिया और नाना फडणवीस जैसे प्रमुख मराठा शासकों को भी विस्तृत रूप से शामिल किया गया है। इसी तरह सिख इतिहास के तहत गुरु नानक की आध्यात्मिक यात्रा, गुरु गोबिंद सिंह का सैन्य प्रतिरोध और खालसा पंथ की स्थापना को प्रमुखता दी गई है।

### क्षेत्रीय शासकों को भी किया गया शामिल

नई किताब में ओडिशा के गजपति शासक नरसिंहदेव प्रथम (जिनके शासनकाल में कोणार्क मंदिर बना), दक्षिण भारत की रानी अब्बक्का (प्रथम और द्वितीय), और त्रावणकोर के राजा मार्तंड वर्मा जैसे क्षेत्रीय शासकों पर भी अध्याय जोड़े गए हैं। इन राजाओं को पहले अक्सर केवल संदर्भ में ही उल्लेखित किया जाता था।

### मुगल शासन की नई व्याख्या

मुगल इतिहास को भी नई दृष्टि से पेश किया गया है। उदाहरण के लिए, अकबर को 'सहिष्णुता और क्रूरता का मिश्रण' बताया गया है, जबकि औरंगजेब को 'एक सख्त सैन्य शासक' बताया गया है, जिसने गैर-मुस्लिम प्रथाओं पर रोक लगाई और जजिया टैक्स लागू किया।

## ज्योति टॉकीज के पास नाले के बहाव से धंसी पीडब्ल्यूडी की सड़क

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राजधानी भोपाल के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक एमपी नगर में गुरुवार दोपहर करीब एक बजे तेज बारिश के बीच सड़क का एक बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया। बोर्ड ऑफिस से एमपी नगर की ओर आने वाली मुख्य सड़क पर लगभग 8 फीट गहरा और 10 फीट चौड़ा गड्ढा हो गया। सिग्नल ग्रीन होने के कारण कोई वाहन रुके नहीं थे, जिसके कारण बड़ा हादसा टल गया। रेड सिग्नल होते ही वाहन गड्ढे से दूर होकर निकलने लगे। बाद में, एमपी नगर एसडीएम एलके खरे ने गड्ढे के आसपास बैरिकेडिंग करवाई।

जानकारी के मुताबिक, जहां गड्ढा हुआ है, वह दीवार 50 साल पुरानी थी। फिलहाल गाटर लगाकर सड़क को साध लिया गया है, ताकि बारिश होने पर गड्ढा और बड़ा नहीं हो सके और सीमेंट कांक्रीट भरकर सड़क को दुरुस्त किया जा सके। चीफ इंजीनियर संजय मस्के का कहना है रात में बारिश नहीं होती है, तो शुक्रवार से सड़क पर ट्रैफिक शुरू कर दिया जाएगा। बरसात निकलने के बाद सड़क को दोबारा से तैयार कराया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटना नहीं हो।




**पटवारी ने साधा निशान**

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर धंसी हुई सड़क का वीडियो साझा करते हुए सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तो गड्ढे में उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

**सीपीए से पीडब्ल्यूडी के पास आई सड़क**

यह सड़क साल 2002 में राजधानी विकास परियोजना (सीपीए) द्वारा पीडब्ल्यूडी को सौंपी गई थी। तब से पीडब्ल्यूडी का डिवीजन नंबर-2 इसका रखरखाव कर रहा है। एसडीएम खरे ने आश्वस्त किया है कि सड़क की मरम्मत गुरुवार रात तक ही करवा दी जाएगी और यातायात सुचारू रखने के लिए पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

"ज्योति टॉकीज के सामने पुराना फुटपाथ और उसके नीचे बना नाला, जिसकी मिट्टी खिसकने से यह सड़क धंसी है। सड़क धंसने के बाद पीडब्ल्यूडी ने मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। - **एलके खरे**, एसडीएम

### शराब तस्करी कर रहा भाजयुमो नेता गिरफ्तार

**जागरण, जबलपुर।** कार में शराब की तस्करी करते हुए आबकारी विभाग ने बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात भाजयुमो के पदाधिकारी प्रशांत राय को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई पौड़ी गांव के पास की हुई। भाजयुमो नेता राय अपनी कार में 20 पेटी (180 लीटर) देशी शराब लेकर जा रहा था। आबकारी विभाग ने पौड़ी-मझौली मार्ग पर वाहन तलाशी के दौरान भारी मात्रा में अवैध मदिरा जब्त की। आरोपी की कार को जब्त कर लिया गया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपए बताई जा रही है। प्रशांत राय मझौली युवा मोर्चा पश्चिम मंडल में कार्यालय मंत्री है।



प्रशांत राय

## मध्यप्रदेश ट्रेसिबल उत्पादन का हब : सीएम

### स्पेन में दूसरे दिन वैश्विक कपड़ा और फैशन क्षेत्र के दिग्गजों से किया निवेश संवाद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पेन यात्रा के दूसरे दिन वैश्विक कपड़ा एवं फैशन क्षेत्र के दिग्गजों से निवेश संवाद किया। उन्होंने कहा कि इंडिटेक्स जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड की उपस्थिति से राज्य में आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और हरित उत्पादन को गति मिलेगी। हम इस साझेदारी को सभी स्तरों पर समर्थन देने को तत्पर हैं। डॉ. यादव ने स्पेन के गैलिसिया स्थित इंडिटेक्स मुख्यालय में हुई बैठक में प्रदेश को हरित, लागत-प्रतिस्पर्धी और ट्रेसिबल उत्पादन हब के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार टेक्सटाइल क्षेत्र में वैश्विक साझेदारियों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने इंडीटेक्स समूह के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यापारिक साझेदारी और सतत निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश देश के शीर्ष कच्चा कपास उत्पादक राज्यों में से एक है, जहां सालाना लगभग 18 लाख बेल्स (3 लाख मीट्रिक टन) का उत्पादन होता है। राज्य में 15 से अधिक टेक्सटाइल क्लस्टर हैं। इसमें इंदौर, मंदसौर, बुरहानपुर, उज्जैन, नीमच जैसे केंद्र टेक्सटाइल उत्पादन में अग्रणी हैं। धार जिले में पीएम मित्रा योजना के अंतर्गत विकसित हो रहा टेक्सटाइल मेगा पार्क इंडिटेक्स जैसे वैश्विक ब्रांडों के लिए सस्टेनेबल और इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग का आदर्श केंद्र बन सकता है।



स्पेन में इंडीटेक्स कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ सीएम।

#### आईसीएमआर की रिपोर्ट | वजन में भी पति-पत्नी साथ-साथ! एक-चौथाई भारतीय विवाहित जोड़े मोटापे के शिकार

# एक थाली-एक आदतः शादीशुदा जोड़ों में तेजी से बढ़ रहा मोटापा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आईसीएमआर के ताजा अध्ययन के मुताबिक, भारत में हर चार शादीशुदा जोड़ों में से एक जोड़ा मोटापे या अधिक वजन की समस्या से ग्रस्त है। इस बढ़ती समस्या के पीछे जीवनशैली की साझी आदतों, खराब खानपान, और निष्क्रिय दिनचर्या को जिम्मेदार ठहराया गया है।


दिल्ली के अमित और स्वाति जैसे कई युवा दंपति पहले भिन्न जीवनशैली के आदि थे। लेकिन शादी और नौकरी के तनाव के साथ उन्होंने 'साझा जिंदगी' के नाम पर फास्ट फूड, देर रात जागना और वीकेंड में बिना शारीरिक गतिविधि के समय बिताना शुरू कर दिया। अब 33 की उम्र में दोनों गंभीर रूप से ओवरवेट हैं।आईसीएमआर और टेरी स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए इस अध्ययन में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5, 2019-21) के 52,737 जोड़ों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। अध्ययन 'करंट डेवलपमेंट्स इन न्यूट्रिशन' जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

छोटे परिवारों में यह प्रवृत्ति ज्यादा देखी गई है। 28.9 प्रतिशत न्यूक्लियर फैमिली में मोटापा है, जबकि इसकी अपेक्षा संयुक्त परिवारों 25.9 प्रतिशत के साथ पीछे हैं। शिक्षित दंपत्तियों में यह दर 31.4 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। यह दर्शाता है कि शिक्षा का स्तर भी जीवनशैली और आदतों को एकसमान बना रहा है।

**ये राज्य मोटापे में सबसे आगे**

| राज्य | मोटापा |
|---|---|
| केरल | 51.3 प्रतिशत |
| जम्मू-कश्मीर | 48.5 प्रतिशत |
| मणिपुर | 47.9 प्रतिशत |
| दिल्ली | 47.1 प्रतिशत |
| गोवा | 45 प्रतिशत |
| तमिलनाडु | 42.7 प्रतिशत |
| पंजाब | 42.5 प्रतिशत |

शहरों में रहने वाले, आर्थिक रूप से संपन्न और मीडिया-एक्सपोज वाले परिवारों में यह प्रवृत्ति और अधिक देखी गई। अध्ययन के अनुसार शहरों में मोटापे की दर 38.4 प्रतिशत रही, जबकि ग्रामीण इलाकों में 22.1 प्रतिशत।



**30 साल से कम उम्र के जोड़े सबसे ज्यादा प्रभावित**

सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि 30 वर्ष से कम उम्र के जोड़ों में भी यह मोटापा तेजी से फैल रहा है। डॉ. शालिनी सिंह के अनुसार, यह संकेत है कि मेटाबॉलिक बीमारियां युवावस्था में ही शुरू हो रही हैं, जिससे डायबिटीज, हृदय रोग और अन्य पुरानी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।

**एक ही छत के नीचे एक जैसे शरीर**

डॉ. प्रशांत कुमार सिंह बताते हैं कि पति-पत्नी का एक जैसे स्वास्थ्य प्रोफाइल का कारण सिर्फ साथ खाना-पीना नहीं, बल्कि टीवी देखना (32.8 प्रतिशत), अखबार पढ़ना (39.6 प्रतिशत), शारीरिक गतिविधियों की कमी, और प्रोसेस्ड फूड का अत्यधिक सेवन भी है।

**परिवार-केंद्रित समाधान जरूरी**

आईसीएमआर की सिफारिश है कि व्यक्तिगत नहीं, बल्कि 'दंपति-केंद्रित' हस्तक्षेप की जरूरत है। स्वास्थ्य जागरूकता को अब घर की साझा जिम्मेदारी के रूप में देखना होगा। खासतौर पर शहरी और अमीर तबकों में, जहां प्रोसेस्ड फूड और स्क्रीन टाइम सामान्य हो चुका है।

### अन्य राज्यों का हाल

मोटापे में मध्यम स्तर की समानता आंध्र प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और उत्तराखंड में देखी गई (25-35 प्रतिशत के बीच), जबकि पूर्वोत्तर और पूर्वी राज्यों में यह दर अपेक्षाकृत कम (19-22 प्रतिशत) रही।

## ब्राह्मणों को भोज पर बुलाया, तो यादव समाज ने किया बहिष्कार

### समाज के युवा ही करेंगे कर्मकांडः यादव पंचायत

**जागरण, भिंड।** उत्तर प्रदेश के इटावा में कथावाचक की चोटी काटने और मारपीट की घटना को लेकर मध्यप्रदेश में भी रह-रहकर विरोध सामने आ रहा है। सियासी खींचतान के बीच इस घटना को लेकर दोनों समाजों के बीच खिंची लकीर भिंड में गहरे रूप में सामने आई है, जब एक त्रयोदशी कार्यक्रम में ब्राह्मणों को बुलाने पर यादव समाज ने भोज का बहिष्कार कर दिया। यादव समाज की पंचायत ने परिवार के भोज का भी बहिष्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार भिंड जिले के मौ कस्बे में रहने वाले कमल यादव की मां रामदेवी का 4 जुलाई को निधन हो गया। परिवार ने 16 जुलाई को शांति भोज रखा गया, जिसमें 13 ब्राह्मणों को भोज करने बुलाया गया था। इसकी सूचना मिलते ही यादव समाज के लोग कमल यादव के घर पहुंचे और तीन दिन पहले हुई पंचायत के फैसले का हवाला देते हुए ब्राह्मणों को भोज पर न बुलाने का दबाव बनाया। मगर परिवार ने इस फैसले से अनभिज्ञता जताते हुए समाज के लोगों से कहा कि हम लोग कुल पुरोहित से ही अंतिम संस्कार कराते आए हैं। हमने भोज की तैयारी पहले ही कर ली थी। परिवार का जवाब सुनने के बाद मोहल्ले के लोगों ने त्रयोदशी भोज का बहिष्कार कर दिया।

**ब्राह्मण कर चुके हैं कथा का बहिष्कार**

यादव और ब्राह्मणों के बीच इस तनातनी की शुरुआत कुछ दिन पहले हुई थी, जब ब्राह्मणों ने इटावा की घटना के बीच गांव में यादव कथावाचक की कथा का विरोध कर दिया था। यादव समाज की पंचायत में मौजूद रहे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद यादव का कहना है कि भिंड के बड़ेरा गांव में उत्तर प्रदेश की कथावाचक राधा यादव की भागवत कथा 4 जुलाई से होना थी।

# सरकार अंतिम छोर के प्रत्येक व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है : मंत्री सम्पतिया उईके

## नैनपुर में आयोजित किया गया जन शिकायत निवारण शिविर



**जागरण, मंडला ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश की सरकार जनता की भलाई के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। हमारी सरकार अंतिम छोर के प्रत्येक व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। उक्ताशय के उद्गार नैनपुर में आयोजित जन शिकायत निवारण शिविर को संबोधित करते हुए प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने व्यक्त किए। उन्होंने इस शिविर का मक़सद बताते हुए कहा कि शासन प्रशासन की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति जो शासन की योजनाओं के लाभ से अभी वंचित है और उसे लाभ नहीं मिला है उसके द्वार पर जाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। जिला प्रशासन ने यह बीड़ा उठाया है कि पूरा प्रशासन आज मंडला से बस में बैठकर आपकी शिकायतें सुनने और उनका समाधान करने आया है ताकि आप के समय की बचत हो और आपको जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आकर आवेदन न देना पड़े। इसके लिए मंत्री ने कलेक्टर श्री मिश्रा एवं समूचे जिला प्रशासन का आभार जताया।

कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की तरह वे भी एक जनसेवक हैं। हमारी डबल इंजन सरकार शासकीय योजनाओं से जनता को लाभान्वित कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आज जिन आवेदकों ने शिविर में आवेदन दिए हैं उनके परीक्षण कर कई आवेदनों का तत्काल निराकरण कर आवेदकों को लाभान्वित किया जा रहा है। शेष आवेदनों का परीक्षण कराते हुए शीघ्र ही निराकरण कराया जायेगा। उन्होंने मंच से ही सभी उपस्थितजनों को मध्यप्रदेश पुलिस के 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री देवसिंह सैयाम, नगरपालिका अध्यक्ष नैनपुर श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शालिनी साहू, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा सहित संबंधित जिला अधिकारी एवं नैनपुर अनुविभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

**शिविर में लोगों को दी गई योजनाओं की जानकारी, 381 आवेदकों ने दिए आवेदन :** जन शिकायत निवारण शिविर में कृषि, राजस्व, लोक स्वास्थ्य, नगरीय प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पुलिस, पीएचई, पीडब्ल्यूडी, एमपीईबी समेत अन्य विभागों ने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी से लोगों को अवगत कराया। शिविर के दौरान मंच पर मंत्री श्रीमती उइके एवं कलेक्टर श्री मिश्रा की उपस्थिति में विभिन्न विभागों के स्टॉल के माध्यम से 381 आवेदकों ने अपनी समस्याओं तथा शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान 89 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि वितरण किया गया। सिकल सेल से पीड़ित 20 रोगियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### मंत्री संपतिया उइके ने किया विभागीय स्टॉल का निरीक्षण

जिला प्रशासन आपके द्वार अंतर्गत नैनपुर के रेलवे सामुदायिक भवन में आयोजित जन शिकायत निवारण शिविर के दौरान विभिन्न विभागों एवं योजनाओं की ओर से आमजन को योजनाओं की जानकारी से अवगत कराने तथा संबंधित समस्या अथवा शिकायतों के आवेदन प्राप्त करने के लिए स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में पहुंची केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने स्वयं सभी विभागीय स्टॉलों में पहुंचकर निरीक्षण करते हुए आवश्यक जानकारी भी ली। इस दौरान नगरपालिका नैनपुर की अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शालिनी साहू उनके साथ रही।

### कलेक्टर की अगुवाई में बस से पहुंची जिला अधिकारियों की टीम

नैनपुर में आयोजित किये गए जन शिकायत निवारण शिविर में शामिल होने के लिए जिला अधिकारियों की टीम बस से पहुंची। इससे पहले जिला योजना भवन से सभी जिला अधिकारी कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में एकत्रित हुए। बस में पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट के साथ संबंधित जिलाधिकारी भी सवार हुए।

# शहर की हर गली और रास्ते पर आवारा कुत्तों का आतंक सुबह सैर पर निकलने से बचने लगे हैं लोग



**टीकमगढ़।** शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। शहर में अकसर डॉग बाइट के मामले भी सामने आते रहते है। जिसके कारण लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। गुरुवार को एक दर्जन के करीब आवारा कुत्तों का एक झुंड सड़कों पर घूमता हुआ नजर आया जो कि लोगों के लिए आफत बना है। यह आवारा कुत्ते राहगीरों पर हमला कर रहे है। शैलसागर चौराहा, लुक़मान चौराहा, नजर बाग, पुराना बस स्टैंड, पोस्ट ऑफिस पे पास सहित शहर में कई स्थानों पर अक्सर आवारा कुत्तों के झुंडों को बैठे देखा जा सकता है आलम यह है कि आवारा कुत्तों से परेशान होकर लोग सुबह व देर रात को घरों से निकलने से भी कतराने लगे हैं। ये आवारा कुत्ते अक्सर आने-जाने वाले लोगों पर झपट पड़ते हैं कई बार ये आवारा कुत्ते एक दूसरे कुत्ते से लड़ते-लड़ते बीच सड़क में भी आ जाते हैं। जिससे दोपहिया वाहन चालकों का इनमें उलझकर गिरने का खतरा बना रहता है। कई बार ये लोगों की बाइक या कार के पीछे भागते हैं।

**माइस दुकानों के पास रहते है आदमखोर कुत्ते :** वही हम आपको बताने की यह कुत्ते अधिकांश मास दुकानों के आसपास ही ज्यादा नजर आते हैं। जिसमें सेल सागर चौराहे के पास खुले में अवैध रूप से संचालित कर रहे मांस दुकानदार सेल सागर के पास मास के टुकड़े डालते हैं, जिससे सेल सागर चौराहे पर कुत्तों का आतंक बना हुआ है। अधिकांश लोग रात्रि या सुबह के समय सेल सागर से निकलने पर दहशत बनी रहती है की कहानी कोई कुत्ता आकर हमला न कर दे। वहीं पुराने बस स्टैंड के पास भी यही हाल है मांस मंडी होने के कारण वहां काफी संख्या में आवारा आदमखोर कुत्ते राहगीरों को अपना निशाना बनाते हैं।

**बच्चों के बीच आवारा कुत्तों का खौफ :** शहर के विभिन्न सड़कों और मोहल्लों में इन कुत्तों का खौफ इस कदर छाया हुआ है कि लोग रात तो रात दिन में भी इनके झुंड को देखकर रास्ता बदल लेने में ही गनीमत समझते हैं। कुत्तों के आतंक से स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को सबसे अधिक खतरा है। जब हमारी टीम ने नजर बाग स्थित शिशु मंदिर के 8वी के छात्र गोकुल रैकवार से बात कि तो छात्र ने बताया कि हमें स्कूल जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्कूल जाते समय अधिकांश कुत्ते नजर बाग के पास कुत्तों का आतंक रहता है। लोगों में सामाजिक कार्यकर्ता अजय वर्मा ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा की जल्द से जल्द इन आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने के लिए ठोस से ठोस कदम उठाया जाए।

**जल्द ही करवा रहे कार्यवाही :** वही जब इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदोरिया से बात की तो उन्होंने तत्काल नगर परिषद के हवलदार राकेश करोसिया को निर्देश देते हुए कुत्तों पर कार्रवाई करने की बात कही।

# लंदन की संसद में सम्मानित हुए धीरेन्द्र शास्त्री



**जागरण, छतरपुर ।** कथाव्यास पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने ब्रिटेन में भारत का मान बढ़ाया है। उन्हें ब्रिटेन की संसद में सांसदों के एक समूह के द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। धीरेन्द्र शास्त्री को यह सम्मान मानवता के लिए किए जा रहे उनके कार्यों, वैश्विक प्रेम, शांति और सामंजस्य के क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान के लिए था। इस गरिमामय कार्यक्रम में यूके की सांसद सीमा मल्होत्रा, हैरो सिटी की मेयर अंजना पटेल, सांसद बॉब ब्लेकमैन, हाउस ऑफ लॉर्ड्स की सदस्य बारोनेस वर्मा उपस्थित रहीं। इस मौके पर लंदन स्थित हाउस ऑफ कॉमन्स में यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के द्वारा भारत में गरीब बेटियों के लिए किए जा रहे विवाह समारोह, प्रतिदिन हजारों लोगों के लिए की जा रही अन्नपूर्णा सेवा, जरूरतमंद मरीजों के लिए बनाए जा रहे कैंसर अस्पताल जैसे कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि इन सब कार्यों की प्रेरणा उन्हें अपने शास्त्रों और भारतीय संस्कृति से मिलती है जिसमें नर को ही नारायण मानकर सेवा का संदेश दिया गया है। उन्होंने इस अवसर पर लंदन में एक लंबा उद्बोधन देते हुए सभी भारतवंशियों और लंदन के लोगों को बागेश्वर धाम आने का न्यौता भी दिया। इस अवसर पर बागेश्वर महाराज ने यह भी कहा कि विश्व शांति के लिए भारतीय जीवनशैली और सनातन का मार्ग सर्वश्रेष्ठ रास्ता है। उन्होंने कहा कि एक सनातनी ही संपूर्ण विश्व को अपना परिवार मानते हुए उसके कल्याण की कामना करता है।

# मन्नी खिर्वा मोड से लेकर बमुरहा ग्राम तक गड्ढे में तब्दील हुई सड़क



**पन्ना ।** पन्ना जिले के अमानगंज तहसील अंतर्गत आने वाले बमुरहा ग्राम के मन्नी खिरवा मोड़ से लेकर बमुरहा ग्राम तक मुख्यमंत्री सड़क योजना से बनाई गई सड़क पूरी तरह से ध्वस्त और खस्ता हालत में देखे जा रही है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है हालत यह है कि बच्चे पढ़ाई के लिए जाते समय इस रास्ते से जाते हैं जो कीचड़ में सन जाते हैं तो चार पहिया वाहन कई बार घंटों फंसी रहती है मगर इस पर शासन प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है यह कहा जा रहा है कि यह सड़क सड़क नहीं गड्ढों में सड़क तब्दील हो गई है ग्राम के निवासी तिलक राज पटेल बमुरहा द्वारा मीडिया से चर्चा के दौरान शासन प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शासन प्रशासन सड़क को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है और अमेरिका जैसी खर्राटेदार सड़क होने के दावे किए जाते हैं मगर जमीनी हकीकत बिल्कुल जुदा है जहां आज भी लोग ऐसा जीवन जी रहे और सड़क न होने से परेशानी का सामना कर रहे यह एक मात्र उदाहरण है इस प्रकार की परिस्थितियों में अनेक ग्रामों में निर्मित है।

# जनप्रतिनिधि और अधिकारियों के लिए अखाड़ा बना जिला डिंडोरी, जनता परेशान

## जनप्रतिनिधि द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालने के संबंध में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने सौंपा



**जागरण, डिंडोरी ।** जनप्रतिनिधियों के द्वारा 16 जुलाई 2025 को डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक के कक्ष से टेबल ठोककर जोरदार चिल्ला चिल्लाकर झगडे की आवाज आ रही थी। आवाज सुनकर हम सभी कर्मचारीगण डिप्टी कलेक्टर के कक्ष की तरफ गए तो देखे श्री रूद्रेश परस्ते जिला पंचायत अध्यक्ष, श्रीमती अंजू ब्यौहार जिला पंचायत उपाध्यक्ष, श्रीमती हीरा देवी परस्ते जनपद सदस्य एवं अन्य 5 से 6 की संख्या में जिला पंचायत सदस्य डिप्टी कलेक्टर के कक्ष में मौजूद थे और टेबल ठोककर जोर-जोर से चिल्लाकर डिप्टी कलेक्टर महोदय से अभद्रतापूर्ण व्यवहार कर रहे थे। यह सब देखकर हम कलेक्टर कार्यालय के सभी कर्मचारीगण भयभीत हैं। आज डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारी से कार्यालय में इस तरह का व्यवहार जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया जा रहा है, तो हमारे साथ भी किया जा सकता है। इस प्रकार के माहौल में हम सभी कर्मचारी स्वतंत्रतापूर्वक कार्य कैसे करेंगे। जनप्रतिनिधियों के द्वारा इसके पूर्व में भी जिले के शासकीय कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारियों के साथ दुर्भावनापूर्ण अभद्र व्यवहार किया गया है, जिसकी पुनरावृत्ति आज कलेक्टर कार्यालय में हुई है।अतः कलेक्टर से हम सभी कर्मचारीगण प्रार्थना करते हैं कि कलेक्टर कार्यालय में सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की जाए और डिप्टी कलेक्टर के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले जनप्रतिनिधियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावे ताकि हम भयमुक्त वातावरण में शासकीय कार्य का सम्पादन कर सकें।


मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, वेब. : www.mpstdc.com
क्रमांक 265/यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक : 17.07.2025

**निविदा सूचना 123/2025_STDC_438054_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम -** कोल गढी त्योंथर जिला रीवा में टॉयलेट ब्लॉक, बोरवेल, पेविंग एवं प्लिंथ की सुरक्षा हेतु निर्माण कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 03 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 25.98 लाख।
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 04.08.2025 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/121152/2025 **कार्यपालन यंत्री**


# शुक्रवार को जिले के समस्त स्कूल बंद रहेंगे



**पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने वर्तमान में जारी अतिवृष्टि तथा अगले 24 घंटे तक भारी बारिश की संभावना के दृष्टिगत जारी अलर्ट के मद्देनजर शुक्रवार, 18 जुलाई को समस्त स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। विद्यार्थियों को होने वाली परेशानी, जोखिम और छात्र-छात्राओं के सुरक्षा को ध्यान में रखकर घोषित किया गया अवकाश जिले में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय, मान्यता प्राप्त सीबीएससी स्कूल सहित केन्द्रीय व नवोदय विद्यालय में समस्त कक्षाओं के लिए लागू होगा। अवकाश के कारण बाधित शैक्षणिक पाठ्यक्रम की पूर्ति अन्य कार्य दिवसों में अतिरिक्त कालखण्ड लगाकर की जाएगी।

# करोड़ों की लागत से कड़वानी नाले में बनाए गए दोनों पुल धराशाई

**जागरण, पन्ना ।** जिले में भ्रष्टाचार चरमसीमा पर चल रहा है सबसेअधिक भ्रष्टाचारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग में चल रहे है इसी के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र का विकास किया जाता है शासन द्वारा करोड़ों रुपए विकास के लिए दिए जाते हैं लेकिन जिम्मेदारों द्वारा भ्रष्टाचार करके कागजों पर काम दिखला दिए जाते हैं इसी प्रकार का मामला गुनौर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मडिया कला का प्रकाश में आया है जहां पर सिमरी बिल्हा ग्राम के दोनों ओर बीचों बीच कड़वानी नाला पर ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा पुल का निर्माण कराया गया था उक्त पुलो की लागत लगभग 50 लाख रही लेकिन उक्त पुल एक ही बरसात में धराशाई हो गया पुल की ऊंचाई भी कम होने के कारण हो सकता है। जिससे बरसात होने पर वह धराशाई हो गया तथा लोगों को एवं छात्र-छात्राओं को आने-जाने में फिर वही परेशानी उत्पन्न हो गई इसी प्रकार ग्राम पंचायत जिजगाव अंतर्गत मडियाराव ग्राम के पास भी कड़वानी नाला पर ही इसी प्रकार का बनाया गया था वह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया स्थानीय लोगों ने बताया गया कि इस बार कड़वानी नाल में पत्थरों से चेक डैम अनेक ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए जिससे नाला की धार रुक जाने से बाढ़ के हालात बन गए हैं तथा करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार भी हो गया है इनका कहना है कड़वानी नाला मैं सिमरी तथा माडिया राव गांव के पास जनता की मांग पर पुलों का निर्माण कराया गया था जिसमें करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार हुआ तथा उक्त दोनों का एक ही वर्ष के अंदर धराशाई हो गए संबंधित मामले कि जांच कर कार्यवाही करने की जाए ऐसा ग्रामीणो का कहना है।

# पुलिस भर्ती हेतु विशेष सहयोगी दस्ता भर्ती प्रक्रिया शुरू

**डिंडोरी।** सहायक पुलिस महानिदेशक (चयन/भर्ती), मुख्यालय भोपाल द्वारा विशेष सहयोगी दस्ता भर्ती 2025 के अंतर्गत डिंडौरी जिले के चिन्हित नक्सल प्रभावित विकासखंडों के नक्सल प्रभावित ग्रामों के मूल निवासी युवाओं के लिए भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है।जो पिछले 10 वर्षों से लगातार जिले में निवासरत तथा चिन्हित ग्रामों के निवासी युवाओं को विशेष सहयोगी दस्ता पर भर्ती किया जाना है। नक्सल प्रभावित ग्रामों के मूल निवासी हेतु विशेष सहयोगी दस्ता के 25 पदों में भर्ती की कार्यवाही की जाना है। भर्ती प्रक्रिया जिले के विकासखंड बजाग, समनापुर एवं करंजिया के चिन्हित ग्रामों के मूल निवासियों के लिए है। इच्छुक उम्मीदवार 18 जुलाई 2025 से 07 अगस्त 2025 तक अपना आवेदन पुलिस अधीक्षक कार्यालय, डिंडौरी में प्रस्तुत कर सकते हैं।आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क है और इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत विज्ञापन डिण्डौरी पुलिस वेबसाइट मध्यप्रदेश पुलिस की वेबसाइट पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# जन शिकायत निवारण शिविर में आये लोगों का मौके पर हुआ निराकरण

**मंडला ।** जन शिकायत निवारण शिविर में आये आवेदकों के आवेदनों का मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके एवं कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों ने परीक्षण किया। जिन आवेदनों के परीक्षण के बाद तत्काल निराकरण संभव था उन्हें मौके पर ही निराकृत कर लाभांवित किया गया। जिनमें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत ग्राम पंचायत निवारी की रमिया ठाकुर, सुखिया बाई भांवरे और भोले भांवरे, ग्राम पंचायत अतरिया के दीवान सैयाम तथा ग्राम पंचायत जेवनारा के पुन्नूलाल को मौके पर ही इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के स्वीकृति पत्र प्रदाय किए गए। इसी तरह मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत गोंझी की मीना उइके, ग्राम पंचायत केरेगांव की रामकली यादव, ग्राम पंचायत जेवनारा की गीता बाई चंदेला तथा सुखिया उइके के प्रकरण स्वीकृत किए गए।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने 5 शस्त्र धारियों के लाइसेंस निरस्त किए

**छतरपुर ।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी छतरपुर पार्थ जैसवाल ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर कार्यवाही करते हुए अधिनियम 1959 की धारा 17 के तहत 5 अनुज्ञप्तिधारियों का शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया। थाना राजनगर अंतर्गत डिगौनी निवासी शैलेन्द्र सिंह पिता बल्देव सिंह, प्रकाशचंद्र यादव पिता रामप्यारे यादव ग्राम गनेशपुरा थाना गढ़ीमलहरा, अजय चरन यादव पिता रामचरण यादव गि़लौहा थाना लवकुशनगर, प्राण सिंह पिता मलखान सिंह खिरवा थाना महाराजपुर, रज्जू प्रजापति पिता पुसुआ अलीपुर थाना गौरिहार का शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया गया है।


**नाम सुधार सूचना**

मैं चौरसिया जयसवाल पत्नी स्व. रामगोपाल जयसवाल उम्र 81 साल निवासी ग्राम ढेरा पथरहा नं.1 तहसील मऊगंज जिला मऊगंज/रीवा म.प्र. की हूं। शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि आधार नं. 729945138731 है, मैं उक्त पते की निवासी हूं। मेरा ईसीएचएस कार्ड नं. जे बी 000004124964 है जिसमें मेरा नाम मात्र चौरसिया लिख गया है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम चौरसिया जयसवाल लिखा हुआ है जो सही व सत्य है। उक्त दोनो ही नाम एक ही व्यक्ति का नाम है तथा मेरा ही नाम है। अत: मेरे उक्त ईसीएचएस कार्ड में मेरा नाम चौरसिया जयसवाल दर्ज किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN- 82669 चौरसिया जयसवाल

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. वि./यां. संभाग रीवा**

क्रमांक/4871 /कार्य/निविदा/2025–26 रीवा, दिनांक 11/07/2025
नविदा क्र0 D– 23/2025–26 रीवा, दिनांक 11/07/2025

**निविदा आमंत्रण – सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन–लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
आमंत्रित निविदा का संक्षिप्त विवरण।

| क्र. | टेंडर आई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अनुमानित राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_437012_1 | जिला रीवा के अन्तर्गत पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग टाउन एरिया मउगंज पर एच.टी. एवं एल.टी. लाईन का स्थानान्तरण का कार्य | प्रथम आमंत्रण | 06 माह तुपरवीजन आदेश के उपरान्त | 'अ' श्रेणी या उच्च विद्युत ठेकेदार | 38206176.00 | 15000.00 | 382062.80 |

निविदा फार्म online भुगतान कर 25/07/2025 को शाम 5:30 तक क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। जिसे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती हैं। किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा केवल वेबसाइड पर अपलोड किया जायेगा।
निविदा दिनांक– 28/07/2025 को खोली जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.)
संभाग रीवा (म.प्र.)
जी–15761/25

**म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग रीवा (म.प्र.)
फोन : 9425601523, 9340714903
पत्र क्र. 677/तशा./परि.यं./म.प्र.पु.आ.अद्यो.वि.नि./2025 रीवा, दिनांक : 17.07.2025

**पुन: संक्षिप्त नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय परियोजना यंत्री, म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम रीवा के अंतर्गत जीर्ण-शीर्ण शासकीय पुराने भवनों के ध्वस्तीकरण की अनुमति प्राप्त कर इन भवनों का ध्वस्तीकरण निम्न शर्तों के अनुसार किया जाना है :- 1. भवन जो जैसी हालत में है, ध्वस्तीकरण कर सामग्री कार्यस्थल से कार्यादेश दिनांक से 7 दिवस के अन्दर उठाना अनिवार्य होगा। 7 दिवस के अंदर सामग्री नहीं उठाई गई तो उच्चतम बोलीकर्ता से 10 प्रतिशत उच्चतम बोली का प्रत्येक दिन के हिसाब से राशि वसूली की जावेगी। 2. बोली की राशि लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/स्वयं उपस्थित होकर **दिनांक 24.07.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक** कार्यालय परियोजना यंत्री, मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम रीवा में प्राप्त की जावेगी। जिसके अंदर 2 लिफाफे होंगे। पहले लिफाफा में धरोहर राशि तथा दूसरे लिफाफा में बोली की राशि शब्दों एवं अंकों में उल्लेखित करना होगा। 3. धरोहर राशि जिसका ड्राफ्ट (धरोहर राशि) **Project Engineer, MP Police Housing & Infra. Dev. Corp. Ltd. Rewa** के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी बोलीकर्ता को जमा करना होगा। ड्राफ्ट निर्धारित राशि का होने पर ही प्राप्त बोली का लिफाफा दिनांक 24.07.2025 को सायं 4.00 बजे तक खोला जावेगा। 4. उच्चतम बोली की राशि उच्चतम बोलीकर्ता द्वारा जारी एकजाई रूप से कार्यालय परियोजना यंत्री, मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम रीवा के नाम से 07 दिवस में जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा बोली निरस्त मानी जावेगी और धरोहर राशि राजसात की जावेगी। नीलामी संबंधी समस्त जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | शासकीय भवन का विवरण | न्यूनतम बोली (ऑफसेट प्राइस) की राशि | कोटेशन लिफाफा | कोटेशन जमा करने का स्थान | धरोहर राशि | कोटेशन प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हनुमना जिला मऊगंज में पुराने भवन के ध्वस्तीकरण का कार्य। | 2,07,000/- | पंजीकृत डाक द्वारा अथवा कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर | कार्यालय परियोजना यंत्री मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम रीवा तिलकनगर वार्ड नं. 11 (खुटेही), कार्यालय जनपद पंचायत के पीछे, सिरमौर रोड रीवा (म.प्र.) | 10,000/- रुपये | दिनांक 24.07.2025 दोपहर 2.00 बजे तक |

म.प्र. माध्यम/121144/2025 **परियोजना यंत्री**

# 18 घंटे हुई आफत की बारिश, लोगों की बढ़ी मुसीबतें



जागरण बारिश

## उफान पर नदी-नाले, कई मार्गों में आवागमन बाधित

### झमाझम बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त

जागरण, सीधी

जिले में बुधवार की शाम से आज दोपहर तक 18 घंटे हुई आफ्त की बारिश ने लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी। निचले इलाकों में जल भराव होने से घरों में भी पानी भर गया। गनीमत यह रही कि दोपहर 2 बजे बारिश थमी। आकाश में उड़ते बादलों ने बारिश से कुछ समय तक लोगों को राहत प्रदान की। झमाझम बारिश होने से नदी-नाले उफान पर आ गये। पूरी रात और आज सुबह से बारिश का दौर जारी रहने से सभी नदियां और नाले उफान पर है। सेहड़ा नदी का पानी पुल के ऊपर आने से मड़वास-गिजवार मार्ग अवरूद्ध हो गया। कई ग्रामीण क्षेत्रों का मुख्य मार्ग से संपर्क कट चुका है। लगातार बारिश होने से नदी-नालों का जल स्तर काफी तेजी के साथ बढ़ गया। जिसके चलते मुख्य मार्गों मे भी नदी पुल के नीचे लगातार जल स्तर बढ़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में काफी संख्या में ऐसे नदी-नाले है जिसमें पानी पुल के ऊपर से गुजरने के कारण आवागमन बाधित होने की खबरें हैं। कल शाम से तेज बारिश शुरु होने से लोगों की दिक्कतें भी बढ़ना शुरू हो गई है। भारी बारिश के जारी रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। रोजमर्रा के काम के सिलसिले में घर से बाहर निकले लोगों की बारिश ने मुसीबतें बढ़ाई। स्कूली छात्र-छात्राऐं भी बारिश में भीगते नजर आए। बहरी-अमिलिया मार्ग में स्थित सोन नदी के जोगदहा पुल के नीचे भी जल स्तर तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है। यहां भारी वाहनों की आवाजाही पर पूर्व से ही प्रतिबंध लगा हुआ है। दो पहिया वाहनों को निकलने की ही अनुमति है। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये पुलों पर पुलिस की तैनाती की गई है। जिससे कोई भी वाहन खतरे के बीच पुल को पार न कर सके। बताते चलें कि आषाढ़ के महीने के अंतिम सप्ताह से तेज बारिश का दौर रुक-रूक कर चल रहा था लेकिन सावन मास के आगाज के साथ ही तेज बारिश का दौर शुरू है। सावन के आगाज से ही बादल पूरी तरह से मेहरबान दिखे रहे हैं। सीधी जिले में झमाझम बारिश का दौर आज दोपहर तक चलता रहा। फिलहाल मौसम के रुख को देखकर आभास हो रहा है कि तेज बारिश का दौर जारी रहेगा। जिले भर में घने बादलों का जमावड़ा बना है और जमकर बरस रहे हैं।



सेहड़ा नदी के ऊफान पर आने से पानी में डूबा पुल, मड़वास-गिजवार मार्ग अवरूद्ध

### धान के रोपा लगाने के कार्य में आई तेजी

झमाझम बारिश के बीच फसलों की बोनी का कार्य भी तेजी से शुरू हो गया है। समय पर अच्छी बारिश कई सालों बाद होने से किसानों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। अब सावन महीने के आगाज से झमाझम बारिश शुरू होने से किसान खेतों में रोपा लगाने का काम तेजी से करने में लगे हुए हैं। सावन महीने में तेज बारिश होने से समूचा जिला पानी से तरबतर है। अच्छी बारिश होने के कारण धान का रोपा लगाने का काम ग्रामीण क्षेत्रों में काफी तेजी के साथ शुरू है। किसानों द्वारा जल्द से जल्द खेतों की बोनी का कार्य पूरा किया जा रहा है।

### बारिश ने बाजारों की रौनक बिगाड़ी

आज सुबह से अनवरत रूप से दोपहर तक हुई बारिश के चलते बाजारों की रौनक बिगड़ गई। बारिश के चलते सीधी शहर की कई दुकानें बंद रहीं। दोपहर बाद बाजार में कुछ लोग ही आवश्यक सामानो की खरीदी के लिए निकले। लोगों की आवाजाही थमने से जो व्यवसायी दुकान खोले थे वह भी कारोबार न होने से मायूस नजर आए। बारिश के चलते आज सड़कों के किनारे फुटपाथों पर लगने वाली अधिकांश दुकानें भी बंद रहीं। कुछ ठेला कारोबारी नजर आए लेकिन लोगों की आवाजाही सड़कों में थमने से वह भी मायूस रहे।

### निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति

कल शाम से बारिश का सिलसिला दोपहर तक जारी रहने के कारण सीधी शहर के निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति निर्मित रही। शहर के मिश्रा कालोनी, थनहवा टोला, कोटहा, इंद्रानगर, इंद्रप्रस्थ नगर, पटेलपुल, मड़रिया, उत्तरी करौंदिया, नूतन कालोनी आदि कई क्षेत्रों में जल भराव होने से लोग परेशान नजर आए। कुछ क्षेत्रों में तो नालियों के जाम रहने से गंदा पानी और मलवा सड़कों में बहता नजर आया। आकाश में छाए घने बादलों के चलते रात में भी तेज बारिश होने के आसार नजर आ रहे हैं। इसी वजह से लोगों की चिंता बढ़ी हुई है कि रात में यदि तेज बारिश हुई तो किसी तरह की अनहोनी न हो जाए।

# जमोड़ी पुलिस ने 1.2 किग्रा गांजा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**जागरण, सीधी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान नशे से दूरी, है जरूरी के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जमोड़ी उनि. पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में जमोड़ी पुलिस ने मादक पदार्थ गांजा के विक्रेता को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी जमोड़ी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि राजू यादव पिता हीरालाल यादव निवासी दक्षिण करौंदिया अपने किराए के मकान के पास अवैध रूप से गांजा बिक्री हेतु रखे हुए है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जमोड़ी ने एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई हेतु रवाना किया। पुलिस टीम द्वारा दक्षिण करौंदिया में संदिग्ध स्थान पर दबिश दी गई। जहां आरोपी राजू यादव को सफेद-काली पॉलिथीन लिए हुए पाया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो 200 ग्राम मादक पदार्थ गांजा अनुमानित कीमत 12,000 बरामद किया गया, जिसे विधिवत जप्त कर लिया गया। आरोपी का कृत्य धारा 20(इ) एनडीपीएस एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने पर आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर थाना लाया गया तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई उपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

### जिला युवा व्यापारी संघ के सहसचिव बनें विनोद गुप्ता



**जागरण, सेमरिया।** जिला व्यापारी संघ एवं व्यापारी संघ मंडल सेमरिया के द्वारा युवा व्यापारी संघ का गठन किया गया। इस अवसर पर जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष लालचंद गुप्ता, जिला युवा व्यापारी संघ के महामंत्री अमित गुप्ता और उनके साथी रोहित और अनूप उपस्थित रहे। व्यापारी संघ के पदाधिकारी और युवा लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में विनोद गुप्ता को जिला युवा व्यापारी संघ के सहसचिव बनाए जाने की घोषणा की गई। जिस पर सभी ने उन्हें बधाई दी। जानकारी के मुताबिक युवा व्यापार संघ के सेमरिया से अध्यक्ष, महामंत्री उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष, जिला युवा व्यापारी संघ के नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### टिकरी मे छात्रों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ



**जागरण, सीधी।** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत पुलिस ने गुरुवार को विद्यालय में नशा मुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। पुलिस चौकी टिकरी अन्तर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकरी में 300 से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति में नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई। कार्यक्रमों में छात्रों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके खिलाफजागरूक करेंगे। पुलिस अधिकारियों ने कहा नशा जीवन को अंधकार की ओर ले जाता है, जबकि शिक्षा उजाले की राह है। युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखकर ही हम एक उज्ज्वल राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। जिसमें मुख्य रूप से टिकरी चौकी प्रभारी प्रमोद तिवारी अपने बल के साथ मौजूद रहे। साथ ही टिकरी प्राचार्य बसन्ती सिंह व शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### स्वच्छता अभियान में सीधी नगर पालिका को 3 स्टार रेटिंग



**जागरण, सीधी।** मध्य प्रदेश शासन के नगरीय निकाय विभाग द्वारा प्रदेश के नगर निगमए नगर पालिका एवं नगर परिषद क्षेत्र में स्वच्छता अभियान को लेकर सर्वे किया जाता रहा है। इस सर्वे की टीम द्वारा स्वतंत्र रूप से अपनी मार्किंग की जाती है जिसके आधार पर इन नगरीय निकायों को रेटिंग प्रदान की जाती है। स्वच्छता अभियान की इस प्रदेश स्तरीय सर्वे टीम द्वारा सीधी नगर पालिका क्षेत्र में सर्वे उपरांत उसकी पाई गई साफसफाई और प्रयासों के मद्देनजर नगर पालिका सीधी को 3 स्टार रेटिंग प्रदान की गई है। प्रदेश स्तर पर 3 स्टार रेटिंग मिलने के उपरांत सीधी नगर पालिका की अध्यक्ष काजल वर्मा ने अपने पूरे सफाई कर्मी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए नगर पालिका परिषद सीधी की मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल, स्वच्छता प्रभारी गौरव सिंह एवं सह स्वच्छता प्रभारी राजेंद्र भारती के साथ-साथ स्वच्छता कार्य में लगे सभी महिला एवं पुरुष सफाई कर्मियों और पूरी टीम को बधाई देते हुए सीधी नगर के लोगों से अपील की है कि वो जिस तरह शहर की सफाई में अपना सहयोग करते रहे हैं उसी का ये परिणाम है की सीधी नगर पालिका को 3 स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। नगर पालिका अध्यक्ष काजल वर्मा ने सीधी नगर के लोगों से अपील की है कि वो अपने इस प्रयास को और अच्छे तरीके से अंजाम दें जिससे भविष्य में होने वाले इस सफाई सर्वे को लेकर नगर पालिका सीधी को फाइव स्टार रेटिंग मिल सके।


**न्यायालय व्यवहार न्यायधीस कनिष्ट खण्ड ब्यौहारी जिला-शहडोल (म.प्र.)**

(पीठासीन अधिकारी - रानू रिछारिया)
संलग्न नोटिस प्रकाशन हेतु।

विद्यापाल पति सन्तोष पाल वगै. उम्र 40 वर्ष पेशा गृह कार्य निवासी ग्राम समान (खोखरा टोला) थाना देवलौंद तहसील ब्यौहारी जिला-शहडोल (म.प्र.)

वादीगण

बनाम

1. सन्तोष पाल पिता रामकुमार पाल उम्र-42 पेशा गृहकार्य निवासी ग्राम समान (खोखराटोला) थाना देवलौंद जिला-शहडोल (म.प्र.) (लापता/गुमसुदा)
2. हर आम व खास जिसे ग्राम समान (खोखरा टोला तहसील ब्यौहारी थाना देवलौंद जिला-शहडोल म.प्र. निवासी सन्तोष पाल पिता रामकुमार पाल के जीवित रहने मृतक होने के वारे में किसी प्रकार की जानकारी रखता हो।
3. मध्यप्रदेश शासन कलेक्टर सीधी जिला-सीधी म.प्र. ------------ प्रतिवादीगण

प्रोसेस क्र. 58/25 आर.सी.
एस.ए/52/2024 पेशी
दिनांक 18/07/2025

प्राषिति-

1. सर्वधारण हर आम एवं खारू जनता ।

प्रतिवादी क्र- 01- सर्वधारण हर आम एवं खास जनता को सूचति किया जाता है कि वादी विद्यापाल पति सन्तोष पाल उम्र 40 वर्ष पेशा गृहकार्य निवासी ग्राम समान (खोखरा टोला) थाना देवलौंद तहसील ब्यौहारी जिला-शहडोल मध्यप्रदेश ने लापता/गुमसुदा सन्तोष पाल पिता रामकुमार पाल ग्राम समान (खोखरा टोला) थाना देवलौंद तहसील ब्यौहारी जिला-शहडोल म.प्र. का लापता/गुमसुदा के बाद वादीगण को लापता/गुमसुदा का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में वादपत्र प्रस्तुत किये है। जिसकी सुनवाई दिनांक 18.07.2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में वादीगण का उक्त लापता/गुमसुदा का जीवित होने के सम्बधी जानकारी हो या आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 18.07.2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे सूचना उपरान्त अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा ।

यह आज तारीख 15/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर किया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
स्थान ब्यौहारी

न्यायाधीश (सुश्री रानू रिछारिया)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ट खण्ड
ब्यौहारी जिला-शहडोल (म.प्र.)


# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा



**जागरण, सीधी।** नाबालिग से दुष्कर्म के गंभीर प्रकरण में पुलिस की उत्कृष्ट विवेचना एवं अभियोजन अधिकारी द्वारा साक्ष्यो के उत्तम प्रस्तुतीकरण के कारण आरोपी को आजीवन कारावास की सजा से दण्डित कराया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन में तथा तत्कालीन थाना प्रभारी कमर्जी उप निरीक्षक भूपेश बैस के उत्तम विवेचना एवं साक्ष्यों के प्रस्तुतीकरण द्वारा बालिका से दुष्कर्म के एक प्रकरण में आरोपी को शेष जीवनकाल तक आजीवन कारावास की सजा दिलाई गई है। जिला सीधी के थाना कमर्जी क्षेत्र में दिनांक 22 अप्रैल 2023 को एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के गंभीर मामले में न्यायालय द्वारा आरोपी को शेष प्राकृत जीवनकाल तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता की माता द्वारा अस्पताल चौकी सीधी में सूचना दी गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ आइसक्रीम विक्रेता राजेश कोरी निवासी ग्राम चिलरी थाना कमर्जी द्वारा बहला-फुसलाकर अपने घर ले जाकर नशीला पदार्थ पिलाकर बलात्कार किया गया। घटना की पुष्टि के पश्चात थाना कमर्जी में एफआईआर क्रमांक 131/2023 अंतर्गत धारा 363, 376(3) भादवि एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट में अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामला जघन्य एवं सनसनीखेज श्रेणी में चिन्हित कर पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा द्वारा तत्काल विवेचना के निर्देश दिए गए। विवेचना में आरोपी के विरुद्ध पूर्व बलात्कार के मामले में दोष सिद्धि एवं 10 वर्ष की सजा का रिकॉर्ड भी सामने आया। अपराध की पुनरावृत्ति पाए जाने पर धारा 376(ई) भादवि का इजाफा कर अभियोग पत्र विशेष न्यायालय सीधी में प्रस्तुत किया गया। विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट सीधी द्वारा आरोपी राजेश कोरी पिता लखपति कोरी उम्र 28 वर्ष को धारा 366 भादवि में 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10,000 रुपए अर्थदण्ड, धारा 376(ई) भादवि में शेष जीवनकाल तक आजीवन कारावास एवं 50,000 रुपए अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया है। इस प्रकरण में विवेचना अधिकारी उप निरीक्षक भूपेश बैस एवं अभियोजन अधिकारी प्रशांत पाण्डेय द्वारा न्यायालय में सशक्त साक्ष्य व दस्तावेज प्रस्तुत कर प्रभावी पैरवी की गई, जिसके परिणामस्वरूप आरोपी को कठोर सजा सुनाई गई।

## कपिलमुनि शुक्ला बने सीधी के प्रभारी खनिज अधिकारी



**जागरण, सीधी।** जिले में खनिज अधिकारी का पद कुछ वर्षों से खाली था जिसे कि कपिलमुनि शुक्ला को प्रभारी खनिज अधिकारी का दायित्व मिला है। मालूम हो कि सतना और सिंगरौली जिले मे सहायक खनिज अधिकारी के रूप मे रहे कपिलमुनि शुक्ला सीधी जिले के प्रभारी खनिज अधिकारी बनाये गए हैं। उन्होंने गुरुवार को खनिज विभाग के कार्यालय पहुंचकर खनिज अधिकारी का प्रभार ग्रहण किये हैं।

## सात दिवसीय बीएलओ प्रशिक्षण संपन्न

### मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने पर दिया गया जोर



**रामपुर बाघेलान।** निर्वाचन कार्यालय द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत रामपुर बाघेलान में बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ का सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें मतदान केंद्र क्रमांक 1 से मतदान केंद्र क्रमांक 307 तक के बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा क्षेत्र 67 रामपुर बाघेलान के तहसील सभागार भवन में एसडी एम आर एन खरे एवं तहसीलदार सुजीत कुमार नागेश नायब तहसीलदार मंगलेश्वर सिंह एवं वीरेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में रत्नराज साकेत राष्ट्रीय मास्टर ट्रेनर पुष्पेन्द्र निगम मृगेंद्र द्विवेदी एवं द्वारा बी एल ओ को प्रशिक्षित किया गया। जिसमें संवैधानिक प्रावधान बीएलओ की नियुक्ति विशेष गहन पुनरीक्षण में बीएलओ की मुख्य जिम्मेदारियां टेलीफोन प्रोटोकॉल बूथ जागरूकता ग्रुप प्रारूप 6 व 7 एवं 8 पर विधिवत कार्य करने की रूपरेखा पर विशेष जोर देकर प्रशिक्षण दिया गया।

## मूसलाधार हुई बारिश से पानी-पानी हुआ कोठी सहित आसपास का क्षेत्र



**जागरण, सतना।** बीती रात से जारी मूसलाधार बारिश की वजह से कोठी सहित आसपास का क्षेत्र पानी पानी हो गया जिससे कई जगह जल भराव की स्थिति बन गई और आवागमन भी प्रभावित हो गया कई गांव का संपर्क टूट गया नदी नाले सभी उफान पर हो गए जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो ,उठा ग्राम पंचायत पवैया का पावर हाउस तेज बारिश की वजह से तालाब में तब्दील हो गया जिसकी वजह से बिजली सप्लाई बाधित हो गई और ग्रामीण अंधेरे में जीवन गुजारने को विवस हो गए ग्राम पंचायत सरपंच पति राकेश सिंह बबलू ने जानकारी देकर बताया कि जब पावर हाउस का निर्माण चल रहा था तभी इसकी शिकायत की गई थी परंतु ठेकेदार की मनमानी और भ्रष्टाचार के चलते ग्राम पंचायत पवैया का पावर हाउस का पावर बंद हो गया वही गांव के ही भाई लाल बसोर का कच्चा घर गिर जाने से उसकी तीन बकरियां मर गई। कोठी सिंहपुर मार्ग वाले सभी जलाशय जलमग्न हो गए यहां तक की खेत एवं बांध फुल हो जाने से सड़कों में पानी बहने लगा जिससे आवागमन में काफी परेशानी हुई ग्राम पंचायत मौहार दिदौंध गोरइया रायपुर सहित अन्य ग्रामों के नदी नाले उफान पर चलने लगे जिससे ग्रामीणजन बुरी तरह प्रभावित हुए इसके साथ-साथ कोठियार एवं सेमरावल नदी उफान पर है जिसकी वजह से ग्राम पंचायत पुरवा के नए पुल के ऊपर से पानी बहने लगा जिससे गांव का संपर्क भी आने जाने का बंद हो गया जान जोखिम में डालकर लोग पुल पार कर रहे थे जिस पर कोठी पुलिस पुल पर बैरिकेट्स लगा दी है और लोगों को आने जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है कुल मिलाकर सेमरावल नदी का रौद्ररूप देखने को मिला वहीं कोठी थाना अंतर्गत पतारी गांव में लोगों के घरों में पानी घुस गया जिससे लोग काफी मशक्कत करते दिखे,मदनी रपटा के काफी ऊपर पानी बहने लगा जिस गांव आने जाने का संपर्क टूट गया।

## नशे के विरुद्ध सीएसपी ने किया जागरूक

**सतना।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे 15 दिवसीय अभियान के तहत नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान एवं थाना प्रभारी मैहर अनिमेष द्विवेदी द्वारा मिनी लैंड स्कूल मैहर में नशे से दूरी बनाए रखने के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में छात्रों एवम शिक्षकों को नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया एवम लघु फिल्म के माध्यम से नशे के दुष्परिणाम बताए गए। सभी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। थाना देहात से उपनिरीक्षक वंदना द्विवेदी व स्टाफ द्वारा ग्राम बरहिया स्थित स्कूल में बच्चों से संवाद कर नशे से दूर रहने की समझाइश दी गई।

## प्रिज्म सीमेंट लाइमस्टोन माइन्स को 36वें मेटालिफेरस माइन्स सेफ्टी वीक में समग्र सुरक्षा प्रदर्शन हेतु मिला पुरस्कार




**जागरण, सतना।** महानिदेशालय खान सुरक्षा जबलपुर क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित 36वें मेटालिफेरस माइन्स सेफ्टी वीक का समापन समारोह 11 जुलाई को होटल पसरीचा जबलपुर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह निरीक्षण नवबंर-दिसंबर में किया गया था। सप्ताह भर चले इस सुरक्षा अभियान में क्षेत्र की लौह अयस्क, चूना पत्थर, बॉक्साइट और मैंगनीज अयस्क की खदानों ने सक्रिय भागीदारी की। खदानों को उनके उत्पादन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में बाँटा गया था और उनके सुरक्षा मानकों, प्रबंधन प्रणालियों एवं सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का निरीक्षण वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों की टीम द्वारा किया गया। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने उपरोक्त जानकारी देते हुये बताया कि प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से बगहाई लाइमस्टोन माइन्स और प्रिज्म सीमेंट बदरखा लाइमस्टोन माइन्स ने भाग लिया। निरीक्षण के दौरान इन खानों की सुरक्षा व्यवस्था, प्रशिक्षण, प्राथमिक चिकित्सा बचाव उपकरणों की उपलब्धता यातायात प्रबंधन, वैज्ञानिक उत्खनन विधि कार्यस्थल पर सतर्कता एवं मजदूर सहभागिता आदि का मूल्यांकन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नीरज कुमार डिप्टी डायरेक्टर जनरल ऑफ माइन्स सेफ्टी गाजियाबाद रहे। विशेष अतिथिगण में मनीष सी जायसवाल डायरेक्टर ऑफ माइन्स सेफ्टी, जबलपुर रीजन और शैक गुलाब डिप्टी डायरेक्टर ऑफ माइन्स सेफ्टी जबलपुर रीजन शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन नीरज कुमार के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की सभी खदान की उच्च सुरक्षा व्यवस्था की तारीफ की गई और भविष्य में इसे और ऊँचाइयों पर ले जाने की कामना की।

## भारी बारिस के चलते मंदाकिनी उफान पर

### कई गांवों का मुख्यालय से संपर्क टूटा



**जागरण, सतना।** पिछले तकरीबन 15 घंटे से हो रही भीषण बारिस के चलते सतना जिले के कई हिस्सों में पानी पानी दिखाई पड़ रहा है। भयंकर बारिस के बाद एक बार फिर चित्रकूट में मंदाकनी नदी उफान पर है। प्रशासन पुलिस और नगर परिषद स्थिति पर नजर बनाए हुए है । लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति बिगड़ने लगी है। निचली बस्तियों में पानी भर गया है। शहर के सर्किट हाउस चौक प्रेम नगर अंडर ब्रिज और पन्ना नाका में कुछ जगहों पानी भरने की खबर है । डालीबाबा से टिकुरिया टोला को जोड़ने वाले रपटे पर पानी बह रहा है। जिले की प्रमुख नदियां और नाले उफान पर हैं। कई गांवों का मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले 24 घंटे की तेज बारिश से बाढ़ जैसे हालात बने थे। सड़कों पर नावें चलानी पड़ी थीं।

### एसडीआरएफ को किया एलर्ट मोड पर

प्रशासन ने एसडीआरएफ की टीम को अलर्ट कर दिया है। प्रमोद वन में राहत केंद्र बनाया गया है। संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से लोगों को शिफ्ट करने की तैयारी है। जिला प्रशासन ने पूरे जिले में अलर्ट जारी किया है। लोगों से नदियों और नालों के पास न जाने की अपील की गई है। राहत एवं बचाव दलों को तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### महाविद्यालय की परीक्षाएं स्थगित

लगातार हो रही भारी बारिश के कारण शासकीय स्वशासी महाविद्यालय सतना की सभी परीक्षा स्थगित कर दी गई है। प्राचार्य डॉ एस सी राय ने आदेश जारी कर बताया कि महाविद्यालय में 17 जुलाई 18 और 19 जुलाई को होने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी गई है।

## पॉपुलेशन कैटेगरी में सतना को देशभर में स्वच्छता पर 12वीं रैंक




**सतना।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर पालिक निगम सतना ने अपनी पापुलेशन कैटेगरी में देशभर में 12वां स्थान प्राप्त कर एक ऐतिहासिक छलांग लगाई है। पिछले वर्ष सतना की रैंक 91 थी । यह बदलाव निश्चित रूप से नगर के लिए गौरवपूर्ण है। इस सफलता के साथ सतना को ओडीएफ डबल प्लस प्रमाणपत्र जीएफसी स्टार रैंकिंग में पहली बार सीधे 5 स्टार 15वें वित्त के अंतर्गत विशेष अनुदान भी प्राप्त होगा। इस सम्पूर्ण उपलब्धि का श्रेय नगर निगम सतना के महापौर योगेश ताम्रकार को जाता है। जिनकी दूरदृष्टि कुशल कार्यशैली एवं प्रभावी नेतृत्व में सतना ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## प्रतिभाओं को पहचानने व उन्हें प्रोत्साहित करने की जरूरत

> इसरो, नासा और इस मिशन से जुड़े तमाम वैज्ञानिक प्रशंसा के हकदार हैं कि उन्होंने मानव सामर्थ्य का एक नया अध्याय दुनिया के आगे खोला है। इस अभियान से भारतीय प्रतिभा के दमखम की एक सुनहरी दास्तां मुकम्मल हुई है।

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की धरती पर सकुशल वापसी इस मायने में तो हर्ष का विषय है ही कि इस अभियान के साथ भारतीय प्रतिभा के दमखम की एक सुनहरी दास्तां मुकम्मल हुई है, बल्कि शुभांशु ने वहां जो प्रयोग किए हैं, उनके लिए भी आने वाली नस्लें उन्हें बार-बार याद करेंगी और उनसे प्रेरणा लेंगी। जाहिर है, पूरा हिन्दुस्तान इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहा था और उनके मिशन की कामयाबी के लिए लगातार दुआएं मांग रहा था, क्योंकि जिस तरह से सुनीता विलियम्स और बैरी बुच विल्मोर को नौ महीने तक अंतरिक्ष में रुकना पड़ा था, उसके कारण कई तरह की आशंकाएं थीं। बहरहाल, इसरो, नासा और इस मिशन से जुड़े तमाम वैज्ञानिक व तकनीशियन हमारी प्रशंसा के हकदार हैं कि उन्होंने मानव सामर्थ्य का एक नया अध्याय दुनिया के आगे खोला है। अगले एक हफ्ते के एकांतवास के बाद शुभांशु आम लोगों के बीच आएंगे। मगर क्या वह वही शुभांशु रह गए हैं, जो एक्सिओम-4 मिशन से पहले थे? नहीं! उनके पास अब ऐसे अनुभव हैं, जो उन्हें अरबों की भीड़ से अलग कर देते हैं। इसरो के वैज्ञानिक उनके प्रयोगों-अनुभवों से अंतरिक्ष में आगे की राह तलाशेंगे। भारतीय अंतरिक्ष अभियान के लिए शुभांशु की इस यात्रा का महत्व इस एक तथ्य से पता चल जाता है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इस अभियान के लिए लगभग 550 करोड़ रुपये का योगदान किया है। निस्संदेह, अगले कई दिनों तक इस युवा वैज्ञानिक के प्रयोगों और अनुभवों पर बहुत कुछ कहा-लिखा जाएगा, मगर आवश्यकता देश के शुभांशुओं को पहचानने, उन्हें सुविधाएं देने और प्रोत्साहित करने की है। तब तो और, जब हमने साल 2047 तक भारत को विकसित देशों की कतार में खड़ा करने का संकल्प लिया है। बताने की जरूरत नहीं कि इसके लिए हमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी में श्रेष्ठतम मस्तिष्क और प्रदर्शन की दरकार होगी। हमारी तरक्की से ईर्ष्या रखने वाले कुछ पड़ोसी देश जिस तरह की दुरभिसंधि रच रहे हैं, इसे देखते हुए अपनी सरहदों की चाक-चौबंद निगरानी के लिए हमें उन्नत सैटेलाइट अंतरिक्ष में तैनात करने होंगे। सरकार ने हाल ही में लगभग 50 विशेष रक्षा सैटेलाइट तैनात करने का एलान भी किया है। शुभांशु की इस उपलब्धि से लाभ उठाते हुए हमें देश में एक वैज्ञानिक माहौल बनाना चाहिए। दुर्योग से पिछले कुछ समय में यहां तर्क और वैज्ञानिक चेतना से जुड़े विमर्शों के बजाय कट्टरपंथ की घटनाओं ने कहीं अधिक सुर्खियां बटोरी हैं। यहां विवाद सैकड़ों साल पुराने इतिहास के मुद्दों पर खड़े किए जा रहे हैं, जिनका विकसित राष्ट्र या समाज बनाने में कोई योगदान नहीं होने वाला। हमें नहीं भूलना चाहिए कि हमारा मुकाबला किन आर्थिक-वैज्ञानिक ताकतों से है। इसलिए, राष्ट्रीय और सामाजिक एकता के लिहाज से भी वैज्ञानिक सोच को अधिकाधिक बढ़ावा देने में भलाई है। शुभांशु शुक्ला की सफलता पर हर्षित देश का यही संकल्प होना चाहिए।

# मैं अलिप्त हूँ... मैं बुद्ध हूँ...



'**गौतम बुद्ध**' महान ज्ञानी थे... वह बुद्धत्व को प्राप्त कर सके थे... बुद्धत्व कोई पदवी नहीं... और बुद्ध से पहले इसे किसी ने पाया भी नहीं... ज्ञानी हुए... महाज्ञानी हुए... परम तपस्वी हुए... विकट योगी हुए... एक से एक चमत्कारी... सिद्ध पुरुष... युग पुरुष... अवतरित हुए... भारत की पवित्र वसुंधरा पर... यहाँ तक कि संसार में अगर कहीं ईश्वर ने अवतार लिया... परमात्मा ने मनुज शरीर धारण किया... जब भगवान इस धरती पर... ***'भये प्रगट कृपाला दीनदयाला''*** तो वह धरती दूसरी कोई नहीं... बल्कि भारत की ही थी...

जो कथा मैं आपको आज सुनाने जा रहा हूँ... जो किस्सा मैं आपको पढ़ा रहा हूँ... वह जरा अलग हटकर है... राजकुमार सिद्धार्थ... पत्नी... बच्चा... राज-पाट... सब त्याग कर... जब तप के मार्ग पर निकले... जब सन्यासी हुए... तब उन्होंने विकट योग साधा... और एक नहीं... एक के बाद एक अनेकों... ज्ञानी गुरुओं... अनुभवी तपस्वियों... की शरण में... '**गौतम**' गए... न जाने कितने गुरुओं की... शरणागति... उस युवा तपस्वी सिद्धार्थ ने स्वीकार की... जिसने जो बतलाया... उस मार्ग पर चल दिए... किसी ने कहा वस्त्र छोड़ दो... किसी ने समझाया... खाना छोड़ दो... एक गुरु मिले... गौतम को... उन्होंने कहा... '**कंट्रोल**'... शरीर पर नियंत्रण करो... रोज-ब-रोज भोजन कम करते जाओ... और '**बुद्ध**' ने ऐसा ही किया... लेकिन जब आखिरी में... चावल का सिर्फ एक दाना ही... '**बुद्ध**' के भोजन के लिए... नित्य प्रति बचा... तब तक बुद्ध की काया हड्डी का ढाँचा मात्र बची थी... राजकुमार की कांतिवान चमड़ी पूरी तरह काली पड़ गई थी...

राजकुमार सिद्धार्थ ईश्वर की खोज में... ज्ञान की खोज में... बुद्धत्व की तलाश में... '**निरंजना नदी**' को पार कर गहन वन में तप साधने जाते थे... एकांतवास करते थे... अचानक उनके शरीर ने... साथ छोड़ दिया... गौतम थक कर नदी में गिर गए... सहारे के लिए... वहीं नदी के तट पर लगे पीपल के पेड़ की जड़ जो पानी में तैर रही थी... गौतम ने उसे थामा... लेकिन ताकत ही नहीं थी... गौतम गिर गए... और किसी तरह... लुढ़क-लुढ़क कर उसी पीपल के वृक्ष के नीचे निढाल हो कर गिर पड़े... विडम्बना देखिए... जो व्यक्ति '**भव सागर**' पार करने के लिए... राज-पाट घर-परिवार छोड़कर वर्षों पहले निकला था... आज वह छोटी सी नदी... पार करने में भी असफल था...

'**सुजाता**' ने अस्थि-पिंजर को जीवित देखा... और उसे चावल की थोड़ी सी खीर आग्रह पूर्वक खिलाई... गौतम के प्राण बचे...

अन्न से प्राप्त चेतना ने गौतम की श्वांसों को वापिस खींचा... गौतम में प्राण और चेतना का संचार हुआ... लेकिन उनका '**चित्त**' एकदम विलुप्त हो गया... खो गया... चित्तवृत्ति पूरी तरह नष्ट हो गई... क्योंकि चित्त जीवित रहता है... कुछ प्राप्त करने की आकांक्षा में... चित्त के प्राण... बसते हैं... कुछ पा लेने में... या सब कुछ पा लेने में... जिस प्रकार मनुष्य का शरीर... आत्मा से संचालित होता है... उसी प्रकार '**चित्त**' का शरीर '**महत्वाकांक्षा**' से संचालित होता है... दूसरे शब्दों में महत्वाकांक्षा ही चित्त की '**आत्मा**' है... कुछ प्राप्त करने की... कुछ पाने की... कुछ हासिल करने की... '**चित्तवृत्ति**' भले ही... वह परमात्मा को प्राप्त करने की... '**चित्तवृत्ति**' क्यों न हो... वह भी मानसिक वासना... लालसा... या कामना ही तो है...




निस्तेज गौतम की चित्तवृत्ति विलुप्त हो गई... उन्होंने निर्णय लिया... अब मुझे... कुछ नहीं खोजना... कुछ नहीं पाना... कुछ नहीं सीखना... यहाँ तक कि परमात्मा को भी नहीं खोजना... न गुरु कोई मेरा... न मैं किसी का चेला... उन्होंने खोज की वासना ही छोड़ दी... भले ही वह सत्य की पाने की कामना हो... लेकिन फिर भी कामना ही तो है...

जब रात का... आखिरी तारा... ढल रहा था... तब गौतम के बुद्धत्व का सूर्य जगमगा रहा था... उनके भीतर स्वमेव से उपजे आत्मज्ञान में ईश्वर दैदीप्यमान हो उठा था... '**बुद्ध**' अपने आप में परम प्रकाशित हो उठे...

'बुद्ध' की वाणी से पहला उपदेश निकला...

**मैं सभी को परास्त करने वाला हूँ... मैं सब जानता हूँ... मैं सभी धर्मों... तृष्णा आदि से... अलिप्त हूँ... मैं सर्व त्यागी हूँ... तृष्णा के नाश से मुक्त हूँ... मैं स्वयं ही विमल ज्ञान का सागर हूँ... मैं किस को गुरु कहूँ... मैं किस शिष्य को सिखाऊँ...**

'**बुद्ध**' संसार को राह दिखला गए... कि जब '**चित्तवृत्ति**' समाप्त हो जायेगी... जब कामनाओं का अंत हो जायेगा... जब न सत्य होगा... न असत्य होगा... जब न संसार होगा... और न जब तू स्वयं होगा... तब... आत्मा और परमात्मा स्वयं साकार होकर एक रूप धरेंगे...

**गुमनाम दिशा में, खुलते रहे दिशा द्वार,**
**सन्यासी तन ने, चुप-चाप सब झेल लिया,**
**माटी से फूल के दुलार को,**
**लुटा-लुटा देखता रहा चमन,**
**बंजारे मन ने, दुख भी जिया, सुख भी जिया, खड़ा-खड़ा ऊंघता रहा गगन,**
**पर आये न पिया...**

भगवान गौतम बुद्ध जिन्होंने ज्ञान और ईश्वर को तलाशते हुए... सब कुछ त्याग दिया... एक के बाद एक न जाने कितने गुरुजनों की शरण में गए... किन्तु न उन्हें ज्ञान की सर्वोच्च अवस्था '**बुद्धत्व**' की प्राप्ति हुई और न ही उन्हें ईश्वर का साक्षात्कार मिला... जब तक उन्होंने स्वयं अपना आत्म दर्शन नहीं किया... इस कथा से सीखना चाहिए... कि दूसरों का सिखाया ज्ञान... अंतिम मंजिल तक नहीं पहुंचाता... और बिना आत्म चेतना के... बिना अपनी आत्मा का दर्शन किए... ईश्वर नहीं मिलता... परमात्मा बाहर नहीं... आत्मा में रहता है...

**।। इति शुभम् भवतु।।**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

## पानी को हथियार बनाकर रणनीतिक बिसात बिछा रहा चीन

**आनंद कुमार**

**हाल** के वर्षों में चीन ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर अपने आक्रामक रुख को केवल सीमाई दावों तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि अब यह सांस्कृतिक, धार्मिक, पर्यावरणीय और रणनीतिक क्षेत्रों तक भी फैल गया है। हाल ही में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने जिस चिंता को सबसे अधिक उठाया है, वह तिब्बत के दूरस्थ इलाके में स्थित यारलुंग त्सांगपो नदी (भारत में ब्रह्मपुत्र) पर चीन द्वारा बनाये जा रहे विशाल बांध को लेकर है। उन्होंने इस प्रस्तावित बांध को 'टिक-टिक करता हुआ जल बम' बताया है, जो आने वाले दिनों में भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू द्वारा इस संबंध में बार-बार की गयी टिप्पणियां इस ओर इशारा करती हैं कि यह केवल एक पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि चीन की एक नयी रणनीतिक चाल भी हो सकती है।

इस मुद्दे को भलीभांति समझने के लिए इसके भू-राजनीतिक और ऐतिहासिक संदर्भ को समझना आवश्यक है। चीन लगातार अरुणाचल प्रदेश पर अपना अवैध दावा करता रहा है, जिसे वह 'दक्षिण तिब्बत' कहता है। जबकि भारत स्वाभाविक ही बार-बार उसका झूठा दावा खारिज करता आया है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत की सीमा कभी भी चीन से नहीं लगी थी, बल्कि वह तिब्बत से लगी थी। उनका यह कथन केवल भूगोल नहीं, बल्कि इतिहास और जनचेतना का भी प्रतिनिधित्व करता है। वर्ष 1950 में तिब्बत पर चीन के बलपूर्वक कब्जे ने क्षेत्रीय संतुलन को बदल दिया और चीन को एक ऐसा पड़ोसी बना दिया, जिसकी उपस्थिति ऐतिहासिक रूप से अरुणाचल की सीमा तक कभी नहीं रही।

# एथेनॉल उत्पादन में भारत बना दुनिया का सिरमौर

ईंधन उत्पादन

**अजीत रानाडे**

भारत का सतत आर्थिक विकास ऊर्जा के इस्तेमाल में वृद्धि के बगैर संभव नहीं है। अगले दो दशकों तक ऊर्जा इस्तेमाल की वृद्धि दर कमोबेश वही रहेगी, जो हमारी आर्थिक वृद्धि दर की रहेगी। हमें घर-परिवारों, फैक्ट्रियों और कार्यालयों के लिए अधिक बिजली की, तो परिवहन क्षेत्र में अधिक ऊर्जा की जरूरत है। देश में बिजली का तीन-चौथाई उत्पादन कोयले से होता है, जबकि शेष उत्पादन सौर, पवन, जल, परमाणु और बायोमास जैसे नवीकरणीय या अक्षत ऊर्जा स्रोतों से होता है। कुल बिजली उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 50 फीसदी के आसपास पहुंच चुकी है। भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कोयला भंडार है, इसके बावजूद बिजली उत्पादन के लिए कोयले का आयात करना पड़ता है, जिसके लिए देश को सालाना 20 अरब डॉलर या उससे अधिक खर्च करना पड़ता है।

हालांकि अच्छी बात यह है कि देश से पेट्रोल और डीजल का निर्यात कच्चे तेल के आयात की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है। पिछले साल पेट्रोल और डीजल का कुल निर्यात न सिर्फ 6.5 करोड़ टन रहा, बल्कि इसमें मुनाफा भी ज्यादा मिला। अगले कुछ वर्षों में घरेलू स्तर पर कच्चे तेल शोधन की क्षमता 20 फीसदी बढ़कर 31 करोड़ टन हो जायेगी। ब्राउनफील्ड (पहले से स्थापित उद्योगों) के विस्तार और नयी रिफाइनरियों के निर्माण से कच्चे तेल के शोधन की क्षमता बढ़ी है। चूंकि पश्चिमी दुनिया में रिफाइनरियां बंद हो रही हैं, ऐसे में भारत के लिए इस क्षेत्र में अवसर बढ़ रहे हैं। पश्चिमी महाराष्ट्र में प्रस्तावित एक नयी रिफाइनरी उत्पादन, रोजगार तथा निर्यात को और गति देगी।



> **आयात पर खर्च घटाने तथा कार्बन फुटप्रिंट में कमी लाने के लिए भारत पेट्रोल और डीजल में एथेनॉल ब्लेंडिंग या मिश्रण की महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रहा है। एथेनॉल उत्पादन की दर देश में पेट्रोल और डीजल की खपत में वृद्धि की दर से अधिक है। एथेनॉल गन्ने या मक्का, चावल आदि अनाज से तैयार किया जाता है।**

आयात पर खर्च घटाने तथा कार्बन फुटप्रिंट में कमी लाने के लिए भारत पेट्रोल और डीजल में एथेनॉल ब्लेंडिंग या मिश्रण की महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रहा है। एथेनॉल गन्ने या मक्का, चावल आदि अनाज से तैयार किया जाता है। वर्ष 2013 से देश में शुरू हुए एथेनॉल ब्लेंडिंग की योजना में काफी प्रगति हुई है। तब एथेनॉल ब्लेंडिंग की दर 1.5 फीसदी थी, जबकि इस साल 20 प्रतिशत का लक्ष्य पूरा हो चुका है। जहां तक मात्रा का सवाल है, तो यह सालाना 30 फीसदी की दर से बढ़ रहा है। एथेनॉल उत्पादन की यह दर देश में पेट्रोल और डीजल की खपत में वृद्धि की दर से अधिक है। इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम (इबीपी) को सरकारी सब्सिडी का लाभ मिलता है। एथेनॉल उत्पादकों को कच्चा माल खरीदने के लिए सब्सिडी दी जाती है और उन्हें जीएसटी भी कम देना पड़ता है। एथेनॉल उत्पादन तकनीक में भारत दुनिया का सिरमौर बन चुका है। इबीपी टारगेट का मतलब है कि तेल विपणन कंपनियों के लिए एक निश्चित लक्ष्य तक एथेनॉल की खरीद अनिवार्य है। फिलहाल देश में एथेनॉल उत्पादन की स्थापित क्षमता 1,810 करोड़ लीटर है, जिनमें से 858 करोड़ लीटर मकई और चावल से, 816 करोड़ लीटर गन्ने या शीरे से और 136 करोड़ लीटर गन्ना और अनाज से तैयार किया जाता है।

एथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम (इबीपी) के चार महत्वाकांक्षी लक्ष्य हैं- कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करना, विदेशी मुद्रा खर्च करने में कमी लाना, कार्बन उत्सर्जन में कमी करना, और कृषि उत्पादन में वृद्धि करना। एथेनॉल ब्लेंडिंग के 20 फीसदी का लक्ष्य पूरा कर चुकने के बाद इबीपी इन चार लक्ष्यों की पूर्ति में कहां तक पहुंचा है, इसे आंकना भी आवश्यक है। 2024 तक कुल दस साल में कच्चे तेल के आयात में 1.8 करोड़ टन की कमी आयी, जो उस अवधि में कुल कच्चे तेल आयात का 0.8 प्रतिशत है। इस दौरान विदेशी मुद्रा के मोर्चे पर करीब 10 अरब डॉलर की बचत हुई। हालांकि धनराशि की यह बचत इस दौरान खर्च की कई कुल विदेशी मुद्रा के 0.5 प्रतिशत से भी कम है। विगत 10 साल के दौरान इबीपी ने कार्बन उत्सर्जन में 5.4 करोड़ टन की कमी लाने में सफलता हासिल की, जो इस दौरान हुए कुल कार्बन उत्सर्जन के एक प्रतिशत से भी कम है। ऐसे ही, जहां तक कृषि क्षेत्र का सवाल है, तो एक दशक की अवधि में किसानों ने एक ट्रिलियन या एक लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त कमाया। इसके अलावा डिस्टलरियों ने भी एक लाख करोड़ रुपये अधिक कमाया। हालांकि गन्ना और मक्का उत्पादकों की आय वृद्धि प्रतिशत में मामूली ही रही। इबीपी ने गन्ना उत्पादकों को एक गारंटीशुदा बाजार मुहैया कराया है। यही कारण है कि गन्ना उत्पादन बढ़ता जा रहा है। हाल ही में सरकार ने एथेनॉल उत्पादन के लिए 50 लाख टन चावल मुहैया कराने का फैसला किया है, जो हमारे वैश्विक निर्यात का नौ प्रतिशत है। चावल और मकई के एक हिस्से को एथेनॉल उत्पादन के लिए देने से हालांकि पोल्ट्री क्षेत्र के प्रभावित होने की आशंका है, जो उत्पादों की कमी के अलावा इनपुट लागत में वृद्धि की समस्या से भी जूझ रहा है। हालांकि इस तथ्य की अनदेखी नहीं की जा सकती कि इबीपी के कारण ही कभी मकई का आयातक भारत आज मकई निर्यातक बन गया है। पेट्रोल और डीजल के लिए तेल विपणन कंपनियों पर उत्पाद और दूसरे करों का भार 50 फीसदी से भी अधिक है, जबकि एथेनॉल पर टैक्स का बोझ नगण्य है। मतलब यह कि एथेनॉल ब्लेंडिंग के 20 प्रतिशत के लक्ष्य तक पहुंचने के अलावा भी, जो एक बड़ी उपलब्धि है, इबीपी ने कई महत्वपूर्ण लक्ष्य हासिल किये हैं, जो बड़ी बात है।

प्रसंगवश

## पूरे सिस्टम की हार है बालासोर की घटना

> ओडिशा की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। ओडिशा के बालासोर में कॉलेज फैकल्टी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली छात्रा की मौत पूरे सिस्टम की हार है।

ओडिशा की घटना के मामले में सरकारी स्तर पर अभी जिस तरह की सक्रियता दिख रही है, अगर वह पहले दिखी होती तो शायद ऐसी नौबत नहीं आती। इस मसले पर अब राजनीति भी शुरू हो चुकी है, लेकिन जरूरत है ऐसी संवेदनशील प्रणाली विकसित करने की, जहां किसी छात्रा को लाचार होकर ऐसा आत्मघाती कदम न उठाना पड़े।

बीएड स्टूडेंट ने अपने हेड ऑफ डिपार्टमेंट की शिकायत प्रिंसिपल से की थी। अब यह तथ्य सामने है कि खुद को आग लगाने से कुछ दिनों पहले भी उसने एक्स (पहले ट्विटर) पर सार्वजनिक रूप से अपनी शिकायत रखते हुए चेताया था कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो वह जान दे देगी। कॉलेज की इंटरनल कंप्लेंट कमिटी से लेकर प्रिंसिपल तक, वह जहां तक पहुंच सकती थी, गई, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई।

आरोप है कि कॉलेज के प्रिंसिपल ने पीड़िता पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया, क्योंकि उन्हें अपने कॉलेज की 'इमेज' खराब होने की चिंता थी। इस मामले में एक बड़ी भूमिका इस कथित 'इमेज' की है, जिसे बचाने के चक्कर में अक्सर अपराध को छिपाने का अपराध किया जाता जाता है। लेकिन क्या किसी शैक्षणिक संस्थान की छवि एक छात्रा के जीवन से बढ़कर हो सकती है और क्या अपराध की शिकायत पर कार्रवाई करने से इमेज दागदार होती है। किसी भी आपराधिक घटना में न्याय मिलने में जरूरत से ज्यादा विलंब या न्याय मिलते नहीं दिखना, पीड़ित व उसके परिवार की पीड़ा को कई गुना बढ़ा देता है। कई बार तो पीड़ित इतना आहत हो जाता है कि उसके जीने की इच्छा तक दम तोड़ देती है।

सवाल है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है? कालेज प्रशासन ने इस मामले में तत्काल गंभीरता और संवेदनशीलता क्यों नहीं दिखाई? पीड़िता को ऐसा क्यों महसूस हुआ कि उसे न्याय नहीं मिल पाएगा? गौरतलब है कि पीड़ित छात्रा ने संबंधित कालेज की आंतरिक अनुपालन समिति में यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी।

सवाल है कि अगर कालेज प्रशासन की ओर से सक्रियता पहले दिखाई गई होती, तो क्या छात्रा को खुद को आग लगाने की हद तक पहुंचने से रोका नहीं जा सकता था? अक्सर देखा गया है कि जब कोई घटना तूल पकड़ लेती है, तो उसके बाद ही शासन और प्रशासनिक अमला हरकत में आकर चुस्ती दिखाने लगता है।

ओडिशा का नाम पिछले कुछ महीनों में इस तरह की घटनाओं में लगातार आया है। इस साल फरवरी में भुवनेश्वर के कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नॉलजी में बीटेक थर्ड ईयर की एक नेपाली स्टूडेंट ने खुदकुशी कर ली थी। वहां भी पीड़िता ने एक छात्र पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। जिससे मामला भारत-नेपाल के बीच कूटनीतिक स्तर तक पहुंच गया था। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने मार्च में विधानसभा में बताया था कि 2020 से फरवरी 2025 के दौरान पूरे राज्य के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में 72 स्टूडेंट्स खुदकुशी कर चुके हैं। इनमें से ज्यादातर के पीछे वजह थी - मेंटल प्रेशर, उत्पीड़न, पढ़ाई का दबाव, घरेलू परेशानियां, डिप्रेशन वगैरह। यूजीसी की गाइडलाइंस के मुताबिक, हर शैक्षणिक संस्थान में सेक्सुअल हैरेसमेंट की जांच के लिए कमिटी होनी चाहिए। हालांकि यह सबसे शुरुआती जरूरत है। कमिटी तो हो, लेकिन साथ में संवेदनशीलता भी चाहिए - जो स्टूडेंट्स के साथ संवाद और जांच करे। जांच में दोषी पाए जाने पर उस शख्स को सजा भी मिलनी चाहिए। तभी ऐसे मामलों में इंसाफ हो पाएगा।

## ।।गीता।।



**श्लोक**

**न चोरहार्यं न च राजहार्यंन भ्रातृभाज्यं न च भारकारी।**
**व्यये कृते वर्धते एव नित्यं विद्याधनं सर्वधन प्रधानम॥**

**भावार्थ**

हिंदी अनुवादः विद्यारूपी धन को कोई चुरा नहीं सकता, राजा ले नहीं सकता, भाइयों में उसका भाग नहीं होता, उसका भार नहीं लगता, (और) खर्च करने से बढ़ता है। विद्यारूपी धन सर्वश्रेष्ठ है।

जीवन दर्शन

# जीवन की नई संभावनाएं लेकर आते हैं बादल

बादल हमें यह भी सिखाते हैं कि हर घटना का एक उचित समय होता है। इसके लिए धैर्य की आवश्यकता होती है। यह वह धैर्य है जो अध्यात्म की नींव है। 'कालः कर्षति भूतानि' समय ही सबका निर्माता है।

क्या आपने कभी पहली वर्षा की उस गंध को महसूस किया है, जो तपती हुई धरती से उठती है? जैसे वर्षों पुराना कोई वादा पूरा हो गया हो? जैसे आकाश ने धरती को फिर से स्मरण किया हो? बादल जब उमड़ते हैं, तो वे जीवन की नयी संभावनाएं लेकर आते हैं। वर्षा केवल खेतों की नहीं, अंतरात्मा की भी सिंचाई करती है। वह बताती है कि ठहराव के बाद गति और सूखे के बाद हरियाली भी संभव है। जैसे बादल धीरे-धीरे आकार लेते हैं,



वैसे ही साधना से भीतर की अनुभूति पूर्णता की ओर बढ़ती है। यही तो वेदों का संदेश है, कि ऋतुओं के परिवर्तन में ही ब्रह्म की गति है, और जब पहली बूंद गिरती है, तो वह चेतना की पुकार होती है। वेदों में वर्षा को ऋतस्य गर्भः कहा गया है, वह जो ऋतु (नियम, गति, धर्म) को जन्म देती है। प्रकृति की यह स्थायी पुनरावृत्ति हमारे भीतर की चेतना को एक नया प्रारंभ देती है। वर्षा का हर आगमन हमें यह सिखाता है कि हर अंत के बाद एक नव आरंभ संभव है। जब भूमि महीनों तक तपकर कठोर हो जाती है, तो वह पहली बूँद को आत्मसात कर फूल जाती है। हम भी जीवन में कई बार ऐसे कठिन काल से गुजरते हैं, जहां भावनाएं सूख जाती हैं, संबंध बंजर हो जाते हैं, और विश्वास दरकने लगता है। लेकिन यदि धैर्य रखा जाए, तो भीतर का आकाश भी बादलों से भर सकता है। यह वर्षा केवल बाहर नहीं, भीतर भी घटती है। वर्षा जब गिरती है, तो वह सबको एक समान छूती है, यह समदृष्टि सिखाती है कि आत्मिक दृष्टि किसी में भेद नहीं करती। पूछिए स्वयं से, क्या मैंने भी कुछ संचित कर रखा है जो अब बहने को तैयार है? क्या मेरे भीतर भी कोई बादल बन चुका है जो कृपा की वर्षा बन सके? क्योंकि हर बादल एक अवसर है, और हर वर्षा एक उत्तर।

**अनन्या मिश्रा**

## संक्षिप्त खबरें

### प्रोफेसर आने पर अतिथि विद्वान होंगे स्थानांतरित

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन ने कहा कि याचिका लंबित रहने तक याचिकाकर्ता अतिथि विद्वानों को न तो पद से हटाया जाएगा, न ही नियमित नियुक्तियों अथवा स्थानांतरण के आधार पर उनकी सेवाएं बाधित की जाएंगी। यदि संबंधित पद पर नियमित नियुक्ति होती है, तो विभागीय नियमों के अनुसार अतिथि विद्वानों को अन्य कालेजों में रिक्त पदों पर स्थानांतरित किया जाएगा। यदि विभाग द्वारा प्रस्तावित स्थानांतरण को कोई अतिथि विद्वान अस्वीकार करता है, तो उसे न्यायालय द्वारा प्रदान की गई इस अंतरिम राहत का लाभ नहीं मिलेगा। उक्त याचिका में याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनन अग्रवाल द्वारा प्रभावशाली एवं तथ्यपूर्ण पैरवी की गई, जिसके फलस्वरूप यह न्यायोचित निर्णय प्राप्त हुआ। प्रकोष्ठ, अतिथि विद्वान महासंघ के संयोजक विधी डॉ गिरिवर सिंह राजपूत का कहना है कि हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश हमारे संवैधानिक अधिकारों की रक्षा एवं सेवा स्थायित्व की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। यह निर्णय न केवल हमारे जीवनोपार्जन के अधिकार की पुष्टि करता है, बल्कि शासन को भी यह बाध्य करता है कि वह अतिथि विद्वानों के प्रति अपने दायित्वों का विधिसंगत निर्वहन करे। वहीं महासंघ के मीडिया प्रभारी आशीष पांडे का कहना है कि यह निर्णय समस्त प्रदेश के अतिथि विद्वानों के लिए आशा की नई किरण लेकर आया है और उन्हें अपने शैक्षणिक योगदान के स्थायित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण संवैधानिक संबल प्राप्त हुआ है।


### जिम्मेदारी उठाएं पंचायत प्रतिनिधि : पटेल

**विसं भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि ग्रामीण विकास एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे पंचायत प्रतिनिधियों को नियत और न्याय की भावना से स्वीकार करना होगा। मंत्री पटेल धार में आयोजित पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मंत्री पटेल ने बताया कि सांसद रहते हुए उन्होंने सदैव कृषि और ग्रामीण विकास विषयक संसदीय समितियों में रहकर देश भर में इन विषयों को गहराई से समझने का प्रयास किया। प्रदेश में मंत्री के रूप में उन्हें इन नीतियों को लागू करने का अवसर मिला है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि अपने क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों, वृक्षारोपण और योजनाओं का रिकॉर्ड पारदर्शिता से रखें।

# ग्वालियर-चंबल में जीत के लिए अलग रणनीति बनाएगी भाजपा

## पिछले दो चुनाव से भाजपा को कड़ी टक्कर दे रही कांग्रेस, दिल्ली ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को पार्टी को मजबूत बनाने का दिया लक्ष्य

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी भले ही प्रदेश की सत्ता पर लगातार काबिज हो रही हो, लेकिन अब भी उसके सामने सबसे बड़ा टास्क आदिवासी अंचल और ग्वालियर चंबल संभाग है, जहां से उसे अपेक्षित सफलता नहीं मिल पा रही है। जानकारों की मानें तो दिल्ली ने नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को इन अंचलों में पार्टी को मजबूत बनाने का लक्ष्य थमा दिया है। गौरतलब है कि सत्ता पर बैठी भाजपा के लिए पिछले दो विधानसभा चुनावों में कई आदिवासी बाहुल्य अंचल और ग्वालियर चंबल संभाग में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की आदिवासी आरक्षित 47 सीटों में से कांग्रेस ने 30 सीटों पर जीत दर्ज की थी और भाजपा को महज 17 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा था। हालांकि पिछले 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 24




आदिवासी सीटों पर भाजपा-कांग्रेस की स्थित।

सीटों पर जीत हासिल हुई थी लेकिन कांग्रेस ने भी इस चुनाव में भाजपा को कड़ी टक्कर देते हुए 22 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इसी तरह वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को ग्वालियर चंबल की सीटों की वजह से सत्ता गवानी पड़ी थी,तब उसे यहां की 34 सीटों में से कांग्रेस को 26 सीटों पर जीत मिली थी और भाजपा के 7 विधायक ही चुनाव जीत पाए थे। इसी तरह वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में ग्वालियर चंबल संभाग में आदिवासी अंचल की तरह भाजपा की सीटें पिछले विधानसभा चुनाव में मिली 07 से बढ़कर 19 तक पहुंच गई,लेकिन ग्वालियर और मुरैना जिला मुख्यालय सहित 16 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस ने अपने विधायक जीता लिए। गौर वाली यह है कि इस अंचल में मध्यप्रदेश के कई दिग्गज नेता आते है। इनमें तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा,मौजूदा विधानसभाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और वर्ष 2028 में कांग्रेस की सरकार को गिराने में मुख्य किरदार रहे केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी आते है। भाजपा से जुड़े सूत्रों की माने तो संघ ने भाजपा के संगठन चुनाव के दौरान एक रिपोर्ट पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व को सौंपी है,जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि भाजपा को आदिवासी बाहुल्य अंचल के साथ-




साथ ग्वालियर - चंबल अंचल पर विशेष ध्यान देना होगा। ऐसा नहीं हुआ तो आने वाले चुनाव में भाजपा को इन क्षेत्रों से जोर का झटका मिल सकता है। बताया गया है कि प्रदेश संगठन की जिम्मेदारी लेने के बाद जब प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल दिल्ली में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल.संतोष से मिले थे,तब उन्हें आदिवासी और ग्वालियर - चंबल की विधानसभा सीटों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया था। इसके बाद खंडेलवाल ने अपने टास्क स्वयं तय करते हुए ग्वालियर चंबल संभाग पर विशेष रणनीति के तहत संगठन को मजबूत बनाने का निर्णय लिया है।

### आज ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे खंडेलवाल

प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल गुरुवार को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे,जहां उनके विभिन्न कार्यक्रम



रखे गए है। बताया गया है कि खंडेलवाल जीवाजी विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे,तो उनके द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक भी ली जाएगी। बताया गया है कि खंडेलवाल अपने कार्यकर्ताओं से यह जानकारी जुटाएंगे कि निकाय चुनाव में भाजपा को ग्वालियर निगम में हार क्यों मिली। अध्यक्ष पार्टी के कुछ नेताओं को अगले निकाय चुनावों के लेकर जिम्मेदारी भी सौंप सकते हैं।

# मिलावट खोरों पर लगाम लगाने दो नई डिवीजनल फूड लैब

## साल 2024-25 में 54861 नमूने जांचें, 2112 में मिली मिलावट, वसूला 3.40 करोड़ रुपए का जुर्माना

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में मिलावट खोरों पर लगाम लगाने के लिए दो नई संभागीय खाद्य प्रयोगशालाओं की स्थापना हो चुकी है। 2023 तक पूरे प्रदेश से लिए जाने वाले खाद्य पदार्थों के सैंपल्स की जांच भोपाल के ईदगाह हिल्स स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला में होती थी। इसके अलावा केंद्र सरकार ने इंदौर की दो निजी खाद्य प्रयोगशालाओं से भी अनुबंध कर रखा था। जहां खाद्य पदार्थों की माइक्रोबायोलॉजी व अन्य जांचें की जाती थीं, जिसके चलते कई बार खाद्य पदार्थों की रिपोर्ट आने में देरी होती थी, लेकिन नई राज्य खाद्य प्रयोगशालाएं बनने से नमूनों की जांच तेजी से हो सकेगी और समय पर रिपोर्ट मिलने से मिलावट खोरों पर तेजी से कार्रवाई भी होगी। बता दें कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूरे प्रदेश से 54861 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए, जिसमें 2112 में मिलावट पाई गई है।

इस दौरान मिलावट खोरों से लगभग 3 करोड़ 40 लाख रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। मिलावट पर लगाम लगाने के लिए पूरे प्रदेश में 40 चलित खाद्य प्रयोगशालाएं भी काम कर रही हैं। गौरतलब है कि 2023 तक प्रदेश की एक मात्र राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल में मौजूद थी, लेकिन 2024 में इंदौर और जबलपुर में संभागीय खाद्य प्रयोगशालाओं की स्थापना हुई है, जिससे भोपाल की प्रयोगशाला पर फूड सैंपल्स की तेजी से जांस का दबाव कम हुआ है। चंबल संभाग में मिलावट खोरों पर लगाम लगाने के लिए इस साल के अंत तक ग्वालियर में भी संभागीय खाद्य प्रयोगशाला की स्थापना की जाएगी।



**1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक लिए गए नमूने**

| | |
|---|---|
| लीगल नमने | 15164 |
| सर्विलांस नमूने | 39697 |
| कुल नमूने | 54861 |
| जांचे गए नमूने | 39314 |
| नकली नमूने | 2112 |
| लगाया गया जुर्माना | 12,22,06,000 |
| वसूला गया जुर्माना | 3,39,99,050 |

### मिलावट से मुक्ति के लिए यह नवाचार भी होंगे

पूरे प्रदेश में हो रही भारी मिलावट पर लगाम लगाने के लिए शासन द्वारा एक नए नवाचार को प्रयोग करते हुए प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तर पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कार्यालयों का निर्माण किया जाएगा और यहां तैनात खाद्य निरीक्षकों को चार पहिया वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि जांच के लिए नमूने तेजी से इकट्ठे किए जा सकें। इसके अलावा प्रत्येक जिले में एक चलित खाद्य प्रयोगशाला भी दी जाएगी, जिससे मौके पर ही कचौड़ी-समोसे के तेल, मसाले और दूध, घी, पनीर , दही और मावे की जांच की जा सके। चारों राज्य खाद्य प्रयोगशालाओं में माइक्रोबॉयोलॉजी टेस्टिंग फेसिलिटी दी जाएगी, जिसमें नॉनवेट फूड के नमूने भी जांचे जा सकेंगे।

### खाद्य कारोबारियों और आम लोगों को भी कर रहे प्रशिक्षित

मिलावट खोरों पर लगाम लगाने के लिए खाद्य कारोबारियों और आम लोगों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन से मिले आंकड़ों के अनुसार खाद्य कारोबारियों के लिए 469 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें 10312 खाद्य कारोबारियों को प्रशिक्षित किया गया। आम लोगों के लिए चलित खाद्य प्रयोगशाला में 757 जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें मिलावट की जांच घर पर करने के लिए 20558 नागरिकों को प्रशिक्षित किया गया।

### शिक्षकों के ट्रांसफर पर नाराज जिपं उपाध्यक्ष ने छोड़ी बैठक, डिप्टी कलेक्टर ने बताई अभद्रता

**जागरण, डिंडौरी।** शिक्षकों के तबादलों को लेकर नौकरशाहों और नेताओं के बीच विवाद सामने आने लगे हैं। ऐसा ही एक विवाद जिला पंचायत डिंडोरी की जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष बैठक छोड़कर बाहर निकल गईं। उन्होंने जिले में अव्यवस्था का हवाला देते हुए अपने इस्तीफे की धमकी तक दे डाली। जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी डिप्टी कलेक्टर के व्यवहार पर नाराजगी जताई। बैठक के बाद इसे लेकर कलेक्टर तक शिकायत पहुंच गई। बताया जाता है कि बैठक में 13 जिला अधिकारियों की अनुपस्थिति के बाद जिला पंचायत सदस्य प्रभारी सहायक आयुक्त के कक्ष में पहुंच गए। वहां नेताओं और अधिकारियों के बीच जमकर बहस हुई। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहार का कहना है कि वह जिले की शिक्षा समिति की अध्यक्ष भी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से शिक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार शिकायतें आ रही हैं। शिक्षकों और हॉस्टल अधीक्षकों के तबादले से व्यवस्था प्रभावित हुई है। कुछ अधीक्षक 10 साल से एक ही पद पर हैं। जबकि नए लोगों के तबादले कर दिए गए हैं। दूसरी तरफ डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक ने आरोप लगाया कि नेताओं ने उनके कक्ष में घुसकर अभद्रता की। इस मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते का कहना है कि प्रभारी सहायक आयुक्त ने अभद्र व्यवहार किया।

### झरने में पहले टकराए जाम, फिर कान पकड़े

**जागरण, शिवपुरी।** तीन दिन पहले झरने के नीचे बैठकर भींगते हुए जाम टकराने वाले पांच युवकों का अब नया वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इसमें पुलिस और लोगों की पिटाई के बाद पांचों युवक उसी झरने के नीचे कान पकड़कर ऊठक-बैठक लगा रहे हैं और दोबारा ऐसी गलती न करने की कसमें खा रहे हैं। असल में झरने में नहाते हुए शराब पार्टी कर रहे इन युवकों का वीडियो सामने आने पर लोगों ने जमकर नाराजगी जताई थी। ये युवक भौंती थाना क्षेत्र के चौकी खोड़ के ग्राम बीरा स्थित सिद्ध क्षेत्र केरखो धाम के सामने शराब पी रहे थे।

### बच्चों में बढ़ते मोटापे को देखते हुए सीबीएसई अलर्ट मोड पर, जारी किए निर्देश

# स्कूलों में लगेंगे ऑयल बोर्ड, बच्चों को पैदल चलने और सीढ़ियां चढ़ने को कहा




**जागरण, भोपाल।** बच्चों में बढ़ते मोटापे को देखते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) अलर्ट मोड पर है। सीबीएसई ने स्कूलों में तेल बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीबीएसई स्कूलों को बच्चों की स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए कहा गया है। सीबीएसई ने इस संबंध में सभी संबद्ध स्कूलों के लिए सर्कुलर भी जारी कर दिया है, जिसमें स्कूल प्रमुखों और प्रिंसिपलों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सीबीएसई स्कूलों में ऑयल बोर्ड लगाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खाद्य तेलों के उपयोग की मात्रा के बारे में जागरूक करना है। दरअसल, स्कूली बच्चों में बढ़ती मोटापे की समस्या को देखते हुए सीबीएसई ने इस संबंध में फैसला लिया है। निर्देशों में कहा गया है कि स्कूल कॉमन एरिया में डिजिटल समेत पोस्टर वाले बोर्ड लगाएं, जो खाद्य तेलों के अधिक सेवन से होने वाले नुकसान की जानकारी दें। साथ ही सीबीएसई ने संबद्ध स्कूलों के प्रिंसिपलों को सभी सरकारी दस्तावेजों, नोटपैड, लेटरहेड और अन्य दस्तावेजों में स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े संदेश छापने का निर्देश दिया है। सीबीएसई ने अपने निर्देश में कहा है कि स्कूलों को चाहिए कि वह बच्चों को सीढ़ियां चढ़ने, पैदल चलने के लिए प्रेरित करें, तो वहीं स्कूली बच्चों के बीच स्वस्थ भोजन और व्यायाम को बढ़ावा देने, जंक फूड कम करने और पौष्टिक खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देने का निर्देश सीबीएसई ने

### 2050 तक देश में 44.90 करोड़ लोग होंगे मोटापे से ग्रस्त

सीबीएसई ने स्कूलों में तेल और चीनी के बोर्ड लगाने के लिए बच्चों में बढ़ते मोटापे का हवाला दिया है। इसके लिए सीबीएसई ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस)-5 2019-20 और लैंसेट जीबीडी 2021 रिपोर्ट का हवाला दिया है। एनएफएचएस बताता है कि देश में मोटापा बढ़ रहा है और हर पाँच में से एक व्यक्ति मोटापे का शिकार है। वहीं, साल 2025 में प्रकाशित होने वाली लैंसेट रिपोर्ट बताती है कि साल 2021 में भारत में 18 करोड़ लोग मोटापे से ग्रस्त थे। इसी अनुपात में साल 2050 तक भारत में 44.90 करोड़ लोग मोटापे से ग्रस्त होंगे।

### नर्सिंग कॉलेजों के भ्रष्टाचार का एक और ऑडियो वायरल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र में नर्सिंग कॉलेज की मान्यता को लेकर घोटाले पर जमकर विवाद हुआ था। जांच सीबीआई द्वारा कराई गई है, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप थम नहीं पा रहे हैं। बुधवार को एक ऑडियो के वायरल होने पर विपक्षी कांग्रेस ने फिर से सरकार को निशाने पर लिया है। जानकारों की मानें तो ग्वालियर से एक ऑडियो वायरल हुआ है, जिसमें नर्सिंग कालेज की मान्यता को लेकर सीएमएचओ और निरीक्षण कमेटी के सदस्यों पर गंभीर आरोप लगे हैं। ग्वालियर जिले के दो नर्सिंग कॉलेज संचालकों की बातचीत में इसकी पुष्टि हुई है कि जिले के सीएमएचओ और निरीक्षण कमेटी के सदस्य कॉलेजों से खुलेआम वसूली कर रहे हैं। पैसे न देने वाले कॉलेजों को अनफिट करार देकर मान्यता से वंचित किया जा रहा है, जो कॉलेज मोटी रकम चुका रहे हैं, उन्हें सूटेबल रिपोर्ट दी जा रही है। हालांकि इस ऑडियो की दैनिक जागरण पुष्टि नहीं कर रहा है। इस आडियों ने कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि सीबीआई की दो जांचों के बाद इस तरह का ऑडियो वायरल हुआ है।

# एनसीईआरटी कोर्स में मप्र का इतिहास सांस्कृतिक विरासत जोड़ने की कवायद

## मंत्री ने अफसरों से एनसीईआरटी को पत्र लिखकर अनुमति मांगने को कहा

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एनसीईआरटी के कोर्स में परिवर्तन किय जाएगा। इसमें मप्र का इतिहास, धरोहर, सांस्कृतिक विरासत सहित अन्य स्थानीय कोर्स शामिल किए जाएंगे। इसके लिए स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने विभाग के अधिकारियों को एनसीईआरटी को पत्र लिखकर संशोधन करने की अनुमति मांगने का कहा है। मंत्री ने यह निर्देश नई शिक्षा नीति 2020 की टास्क फोर्स समिति की बैठक में दिए। बता दें कि प्रदेश में पहली से बारहवीं तक एनसीईआरटी का कोर्स चलाया जा रहा है। इसमें मप्र के स्थानीय कोर्स को नहीं जोड़ गया है। बल्कि अन्य राज्यों में एनसीईआरटी कोर्स के साथ स्थानीय कोर्स भी शामिल है। मंत्री सिंह ने टास्क फोर्स से कहा कि प्रदेश की स्कूली शिक्षा में भी मप्र का इतिहास, धरोहर, सांस्कृतिक विरासत सहित अन्य स्थानीय कोर्स शामिल होना चाहिए। एनसीईआरटी की पुस्तकों में 25 से 30 फीसदी कोर्स मप्र का होना चाहिए।



### कृषि को बढ़ावा देने पर जोर

राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध प्राइवेट स्कूलों में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और शिक्षा की गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिए विश्वसनीय मॉनिटरिंग की व्यवस्था होना जरूरी है। आधुनिक कृषि के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छात्रों को कृषि संकाय को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। उन स्कूलों में, जिनके पास दो एकड़ से अधिक भूमि है, वहां प्राथमिकता के साथ कृषि संकाय शुरू किए जा सकते हैं। मंत्री ने शिक्षकों की आकस्मिक मृत्यु पर परिजन को नौकरी देने की व्यवस्था में सुधार के लिए उपयुक्त सुझाव देने के लिए भी कहा है।

### त्रिभाषा फार्मूला सख्ती से किया जाएगा लागू

स्कूल शिक्षा मंत्री ने आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को पढ़ाई की तैयारी करने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने को कहा है। ये कार्य पायलट प्रॉजेक्ट के तौर पर अलीराजपुर, बालाघाट, नरसिंहपुर और उज्जैन जिले में शुरू किए जाएंगे। प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के पढ़ाने से बच्चे सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा के पूर्व कक्षाओं में पढ़ाई के लिए तैयार होकर जाएंगे। उन्होंने राच्य शैक्षणिक अनुसंधान केंद्र (एससीईआरटी) को मजबूत किए जाने के लिए संचालक की अध्यक्षता में कमेटी गठन करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के मूल्याकंन के लिए शिक्षाविदों के साथ आगामी 29 जुलाई को बैठक भी की जाए। इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2020 में नई शिक्षा 2020 की घोषणा की थी। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालयों में त्रिभाषा फार्मूला को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

**सियासत** | पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के एक देश दो कानून वाले बयान पर प्रदेश में सियासत तेज

# सांरग ने दिग्विजय को कहा मौलाना, तो पीसी बोले-कानून सबके लिए

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की एक देश एक विधान वाली पोस्ट ने मध्यप्रदेश की सियासत को गरमा दिया है। भाजपा ने कहा कि दिग्विजय सिंह को शांति अच्छी नहीं लगती। मंत्री विश्वास सारंग ने दिग्विजय सिंह को मौलाना करार दिया। दरअसल दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया में एक फोटो पोस्ट किया है, जिसमें एक ओर पूरी सड़क पर कावडिये दिख रहे हैं, तो दूसरी ओर नमाजी नजर आ रहे हैं, जिन्हें पुलिस मारकर हटाती दिख रही है। फोटो के साथ कैप्शन लिखा गया है एक देश दो कानून। इस पोस्ट के बाद भाजपा नेताओं ने दिग्विजय सिंह पर हमला बोल दिया। मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि मौलाना दिग्विजय सिंह केवल सनातन का विरोध का विरोध हैं, वे कांवड़ यात्रा जैसे पवित्र धार्मिक पर्व को भी विवादास्पद बनाना चाहते है। सारंग ने कहा कि हिंदू और सनातन धर्म के किसी भी त्योहार पर यदि इस प्रकार की टिप्पणी की जाएगी, तो यह सहन नहीं किया जाएगा। सारंग ने कहा कि जो व्यक्ति भगवा आतंकवाद जैसे शब्द गढ़ चुका है, सेना के ऑपरेशनों पर सवाल उठा






चुका है और जाकिर नायक की तारीफ करता है, उससे और क्या उम्मीद की जा सकती है। ऐसे में दिग्विजय सिंह को तत्काल माफी मांगनी चाहिए। प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर ने भी इस मामले को लेकर दिग्विजय सिंह पर निशाना साधा। उन्होंने दिग्विजय सिंह को जाकिर नाईक का खास मित्र बताते हुए कहा कि उनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं, दिग्विजय सिंह के करीबी नेता ने स्लीपर सेल को लेकर बयान दिया था। स्लीपर सेल का मतलब ये नहीं होता कोई बम फोड़े इस तरह का माहौल तैयार करने वाले लोग भी स्लीपर सेल होते हैं। दिग्विजय सिंह जब भी उगलते हैं जहर उगलते है और सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं। हनुमान चालीसा पढ़े या नमाज पढ़े लेकिन जो यातायात प्रभावित करेगा उस पर कार्रवाई होगी। तीन साल पहले उत्पात मचाने पर कावड़ियों पर भी लाठीचार्ज हुआ है, वो चित्र क्यों नहीं मिला सिर्फ नमाज वाला मिला। इधर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा दिग्विजय सिंह की पोस्ट को लेकर उनके पक्ष में बोले। उन्होंने कहा कि उनका (दिग्विजय सिंह) मतलब सीधा-साधा है कि बाबा साहब का संविधान है वह सब पर लागू होता है, यह सब चीज प्रशासन समझाइश से सुलझाई जा सकती है, लेकिन लठ्ठ चलाने और लोगों को प्रताड़ित करने की जरूरत नहीं होती। कावड़ यात्रा के बीच अगर गाड़ी वाले फंस गए, तो उनकी गाड़ी में तोड़ फोड़ कर दी गई। ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए। कानून सभी के लिए एक जैसा है। सबसे साथ एक जैसा बर्ताब होना चाहिए। कवाड़ियों ने गाड़ी तोड़ी और पुलिस खड़ी देखती रही।

### सीएम ने हरदा घटना को गंभीरता से लिया, विस्तृत रिपोर्ट मांगी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विदेश प्रवास पर गए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरदा छात्रावास मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में बुधवार को सोशल मीडिया एक्स में इस पूरे मामले पर साफ किया कि प्रदेश में सामाजिक समरसता और कानून व्यवस्था को भंग करने की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी। सीएम ने जिला प्रशासन हरदा से मामले की विस्तृत जांच कर डिटेल रिपोर्ट तलब की है। डॉ. यादव ने एक्स पर लिखा कि प्रदेश में सामाजिक न्याय और परस्पर सद्भाव बना रहे, यही हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने की किसी को भी अनुमति नहीं दी जाएगी। बता दें कि ठगी मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। करणी सेना ने पुलिस पर आरोपी को संरक्षण देना का आरोप लगाया और उन्होंने हरदा की सिटी कोतवाली के सामने प्रदर्शन किया। जहां स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस और वाटर कैनन का उपयोग किया। इसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गए। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर सहित 50 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। हालांकि बाद में उन्हें शर्तो के साथ रिहा किया गया। इधर इस मामले पर राजनीति हुइ। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने एक वीडियो वायरल कर आरोप लगाया कि पुलिस ने राजपूत छात्रावास में घुसकर छात्रों के साथ मारपीट की। इस पर भाजपा ने नेताओं ने भी दिग्विजय सिंह पर माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया।

# पुजारी से कोई नहीं कराएगा पूजा, बाल काटे तो जुर्माना, बच्चों को स्कूल से निकाला

## उज्जैन में गांव का तालिबानी फैसला, मंदिर की जमीन पर विवाद

**जागरण, उज्जैन।** आजादी के 78 साल बाद भी प्रदेश के गांवों में पिंड और कबीलियाई संस्कृति की झलक मिली है, जिसमें पूरे परिवार का गांव से हुक्का-पानी बंद कर दिया गया। गांव की पंचायत ने फरमान सुनाया है कि अब मंदिर के पुजारी से कोई पूजा-पाठ कराएगा और न किसी भी तरह का संबंध रखेगा। न कोई उनके परिवार के बाल काटने जाएगा और न किसी कार्यक्रम में बुलाया जाएगा। तालिबानी पैटर्न की यह सजा सुनाई गई है झलारिया पीर गांव के एक मंदिर के पुजारी और उनके परिवार को। गांव के इस फरमान का पहला असर यह हुआ है कि स्कूल के प्राचार्य ने पुजारी परिवार के तीन बच्चों को स्कूल से निकाल दिया है। उज्जैन के झलारिया पीर गांव के लोगों ने बैठक कर मंदिर के पुजारी और उनके परिवार पर सामाजिक बहिष्कार कर दिया



है। ग्रामीणों ने बैठक में फैसला कर परिवार पर लगाए गए प्रतिबंधों की बकायता फेहरस्ति जारी की है। इसके साथ ही फैसले की नाफरमानी करने वालों के खिलाफ भी जुर्माने का ऐलान किया है। पंचायत के फैसले का उल्लंघन करने वालों पर 51 हजार रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। गांव के नागराज मंदिर परिसर में बुलाई गई बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। सभी ने प्रतिबंध के हर पाइंट पर हाथ उठाकर सहमति जताई। पंचायत के सचिव गोकुल सिंह देवड़ा ने माइक पर फैसले सुनाए। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है।

## बंगाल: भेदभाव पर ममता का मार्च




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले लोगों के साथ हो रहे कथित उत्पीड़न के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। ममता ने कहा कि बंगालियों के प्रति भाजपा के रवैये से मैं शर्मिंदा और निराश हूं। अब से मैंने तय किया है कि मैं बांग्ला में ज्यादा बोलूंगी। अगर आप मुझे डिटेंशन कैंप में रखना चाहते हैं तो रखें। यह रैली कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से धर्मतला के दोरीना क्रॉसिंग तक निकाली गई। इसमें अभिषेक बनर्जी समेत पार्टी के कई बड़े नेता इस रैली में शामिल हुए।

## ओडिशा: छात्रा की मौत, सड़कों पर बीजेडी



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में विपक्षी बीजू जनता दल (बीजद) कार्यकर्ताओं की बुधवार को पुलिस से झड़प हो गई, जब वे बालासोर की कॉलेज छात्रा के लिए न्याय की मांग करते हुए लोक सेवा भवन का घेराव करने की कोशिश कर रहे थे, जिसने खुद को आग लगाने के बाद दम तोड़ दिया था। लड़की ने एक प्रोफेसर द्वारा उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली शिकायत को नजरअंदाज किए जाने के बाद यह कदम उठाया था। मार्च कर रहे बीजद कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा सुरक्षा बैरिकेड्स तोड़कर रोकने पर तनाव बढ़ गया।

## संक्षिप्त समाचार

### आरजी कर रेप: रॉय की अपील कोर्ट में स्वीकार

**कोलकाता, जेएनएन।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर से रेप, हत्या के दोषी संजय रॉय ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की है और मामले में खुद को बरी करने की अपील की है। हाईकोर्ट ने उसकी याचिका स्वीकार कर ली है। संजय रॉय की याचिका पर सीबीआई द्वारा दायर उस मामले के साथ सुनवाई होगी, जिसमें उसकी मौत की सजा की मांग की गई है। मामले की अगली सुनवाई सितंबर में होगी। जस्टिस देबांग्शु बसाक की खंडपीठ ने निर्देश दिया है कि पीड़िता का परिवार भी इस मामले में शामिल हो सकता है। रॉय के वकील ने बुधवार को अदालत को बताया कि जांच चल रही है, क्योंकि संजय पर लगे आरोप सबूतों के आधार पर साबित नहीं हुए हैं, उसे बरी करने के पर्याप्त कारण हैं।

### सचखंडश्री दरबार साहिब को फिर उड़ाने की धमकी

**अमृतसर, जेएनएन।** सचखंड श्री दरबार साहिब में धमकियां मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। 3 दिन में तीसरी धमकी मिली है। जानकारी के अनुसार तीसरी दिन भी धमकी ईमेल के जरिए मिली है। इस तरह से लगातार धमकियां मिलने के बाद पंजाब में दहशत का माहौल बन गया है। इस तरह से धमकी भरी ईमेल मिलने से बीएसएफ बम स्क्वाड टीम और डॉग स्क्वायड टीमों ने जांच शुरू कर दी है। श्री दरबार साहिब सभी धर्मों के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। रोजाना यहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु माथा टेकने पहुंचते हैं। ऐसे में धमकी भरी ईमेल आना बड़ी चिंता का विषय है। फिलहाल अमृतसर पुलिस अलर्ट हैं और जांच कर रही है। सोमवार को श्री दरबार साहिब

### एसआईटी जांच 'गलत दिशा में': सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ दर्ज दो एफआईआर की जांच कर रही हरियाणा एसआईटी को फटकार लगाई। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि एसआईटी को केवल सोशल मीडिया पोस्ट्स की सामग्री की जांच करनी थी, लेकिन उसने खुद को 'मूल मुद्दे से भटका लिया।' कोर्ट ने पूछा कि महमूदाबाद के मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त करने की जरूरत क्यों पड़ी, जबकि जांच का दायरा केवल सोशल मीडिया पोस्ट्स तक सीमित था। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'आपको केवल यह जांचना था कि पोस्ट्स में कोई अपराध बनता है या नहीं। इसके लिए न तो प्रोफेसर की जरूरत थी, न डिक्शनरी की, न ही गैजेट्स की।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एसआईटी चाहे तो यह निष्कर्ष दे सकती है कि एफआईआर में कोई अपराध नहीं बनता और मामला बंद हो सकता है।

### सीएम धामी बोले- श्रीकृष्ण का अर्जुन को दिया गया ज्ञान बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा करेगा

# उत्तराखंड में सरकारी स्कूलों के बच्चों को पढ़ाया जाएगा 'गीता' का पाठ

**देहरादून, जेएनएन।** स्कूलों में भागवत गीता पढ़ाए जाने को लेकर सीएम धामी का बड़ा बयान आया है। सीएम धामी ने कहा, 'हमने शिक्षा विभाग की समीक्षा मीटिंग में तय किया था, उस पर अब काम शुरू हो गया है।' सीएम ने कहा कि भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण का अर्जुन को दिया गया ज्ञान हमारे बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा करेगा। सीएम ने कहा कि इससे बच्चे न्यायशील बनेंगे और जीवन में आगे बढ़ेंगे। प्रदेश के सरकारी स्कूलों की प्रार्थना सभा में श्रीमद्भागवत गीता के श्लोक पढ़ाए जाने के फैसले को लेकर अब राजनीति भी शुरू हो गई है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महारा ने कहा कि किसी भी अच्छी चीज का स्वागत होना चाहिए. लेकिन सिर्फ श्रीमद् भागवत गीता को ही क्यों शामिल किया जाए। एक धर्म विशेष से जुड़े साहित्य को पढ़ाना सिर्फ वोटों की राजनीति लगती है।



### हर सप्ताह का एक श्लोक

शिक्षकों को हर हफ्ते गीता के एक श्लोक को 'सप्ताह का श्लोक' घोषित कर बोर्ड पर अर्थ सहित लिखना होगा, जिसका छात्र अभ्यास करेंगे। सप्ताह के अंत में चर्चा कर 'फीडबैक' लिया जाएगा। शिक्षकों को श्लोकों की व्याख्या तथा छात्रों को जानकारी देने को कहा गया है कि गीता के सिद्धांत कैसे मानवीय मूल्य, नेतृत्व कौशल, निर्णय क्षमता, भावनात्मक संतुलन और वैज्ञानिक सोच विकसित करते हैं।

### प्रार्थना में हर रोज सुनाना होगा एक श्लोक

उत्तराखंड में एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि राज्य के सरकारी स्कूलों की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को श्रीमद् भगवद्गीता का एक श्लोक अर्थ सहित प्रतिदिन सुनाया जाए, ताकि आधुनिक शिक्षा के साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा से छात्रों को अवगत कराकर उन्हें एक श्रेष्ठ नागरिक बनाया जा सके। उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में जारी एक आदेश में कहा गया है कि प्रार्थना सभा में सुनाए जाने वाले इस श्लोक के वैज्ञानिक दृष्टिकोण की जानकारी भी छात्रों को दी जाएगी।

### केवल विषय के तौर पर ना पढ़ाया जाए

छात्रों को यह भी बताया जाएगा कि गीता के उपदेश मनोविज्ञान, तर्कशास्त्र, व्यवहार विज्ञान एवं नैतिक दर्शन पर आधारित हैं जो धर्मनिरपेक्ष द्रष्टिकोण से संपूर्ण मानवता के लिए उपयोगी हैं. आदेश में कहा गया है कि विद्यालय स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि छात्रों को ये श्लोक केवल विषय या पठन सामग्री के रूप में नहीं पढ़ाए जाएं बल्कि ये उनके जीवन एवं व्यवहार में भी परिलक्षित हों. सती ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा का आधार एवं ज्ञान प्रणाली का अध्ययन कराया जाना है। इससे पहले उत्तराखंड में राज्य पाठ्यचर्या को लेकर छह मई को आयोजित एक बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रीमद् भगवद्गीता और रामायण को भी इसमें शामिल करने के निर्देश दिए थे।

# मानसून सत्र में पारित होगा नया आयकर विधेयक

### 8 बड़े बिल लाने की तैयारी में मोदी सरकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। 21 अगस्त तक चलने वाले सदन में कुल 21 बैठकें होंगी। माना जा रहा है कि सत्र के दौरान इस बार भी सत्तापक्ष और विपक्ष में टकराव की स्थिति बन सकती है। इस सत्र में 8 महत्वपूर्ण बिल लाने की तैयारी है। विपक्ष की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा की मांग की जा सकती है। दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा से जुड़ा विवाद भी सदन में गूंज सकता है।

मोदी सरकार सत्र में नया आयकर विधेयक (इनकम टैक्स बिल) पारित कराने की कोशिश करेगी। यह विधेयक पिछले सत्र में पेश हुआ था और फिर संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया था। वित्त मंत्री ने फरवरी में संसद में बताया था कि नया विधेयक 1961 के आयकर अधिनियम की जटिलताओं को दूर करेगा और इसे आमजन के लिए समझना आसान बनाएगा। यदि विधेयक इस सत्र में पारित हो जाता है, तो यह कानून 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा।

**बदल जाएगा टैक्स का नियम:** प्रस्तावित बदलावों में 'टैक्स ईयर' (कर वर्ष) की नई अवधारणा शामिल है, जो वर्तमान में 'वित्त वर्ष' और 'अकाउंटिंग ईयर' की प्रणाली की जगह लेगी। वर्तमान नियमों के तहत 2023-24 में अर्जित आय पर टैक्स 2024-25 में भरा जाता है, लेकिन नए नियम के तहत जिस वर्ष आय होगी, उसी वर्ष टैक्स भी देना होगा। बिल में पुराने और अप्रासंगिक प्रावधानों जैसे 'फ्रिंज बेनिफिट टैक्स' से जुड़े हिस्सों को हटाने का भी प्रस्ताव है। आयकर अधिनियम 1961 में बनाया गया था और 1962 में लागू हुआ। अब यह इतने संशोधनों के बाद जटिल हो गया है।

**नेशनल एंटी-डोपिंग संशोधन विधेयक:** सत्र में अन्य जो विधेयक आएंगे, उनमें नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, नेशनल एंटी-डोपिंग संशोधन विधेयक और माइन एंड मिनरल्स संशोधन विधेयक शामिल हैं। ८ अन्य लंबित विधेयकों को भी पारित कराने की कोशिश की जाएगी, जिनमें 'इंडियन पोर्ट्स बिल' भी शामिल है।

# असम के मुख्यमंत्री जेल जाएंगे मोदी भी नहीं बचा पाएंगे: राहुल

### सरमा बोले-नेताजी भूल गए खुद हैं जमानत पर

**गुवाहाटी, जेएनएन।** असम में विधानसभा चुनाव 2026 की तैयारी जोरों पर है। बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुवाहाटी पहुंचे। यहां पार्टी कार्यकर्ताओं से राहुल गांधी ने भाजपा और संघ पर जोरदार हमला बोला और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को लेकर विवादित टिप्पणी की। राहुल गांधी ने चायगांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा, 'असम के मुख्यमंत्री खुद को राजा समझते हैं, लेकिन जब आप उनकी आंखों में देखेंगे तो डर नजर आएगा।



### वह भूल गए..शर्मा

राहुल गांधी के बयान पर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने पलटवार करते हुए पोस्ट किया, 'लिख कर ले लीजिए, हिमंत बिस्वा सरमा को जेल जरूर भेजेगा-यही वाक्य राहुल गांधी ने कांग्रेस की बंद बैठक में कहा। लेकिन हमारे नेता भूल गए कि वे खुद कई आपराधिक मामलों में जमानत पर बाहर हैं। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं, राहुल जी। आज असम की मेहमाननवाजी का आनंद लें।'

### भारतीय दूतावास की चेतावनी ईरान की गैरजरूरी यात्रा से बचें

**तेहरान, जेएनएन।** ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीयों को सतर्क किया है। दूतावास ने सलाह दी है कि लोग फिलहाल ईरान की गैरजरूरी यात्रा से बचें और हालात पर नजर बनाए रखें। ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारतीय नागरिकों से ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचने को कहा है। पिछले कई हफ्तों के सुरक्षा संबंधी घटनाक्रमों को देखते हुए नागरिकों को यह सलाह दिया गया है। दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'पिछले कई हफ्तों के सुरक्षा संबंधी घटनाक्रमों को देखते हुए भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे ईरान की अनावश्यक यात्रा करने से पहले मौजूदा स्थिति पर ध्यानपूर्वक विचार करें।' दूतावास ने कहा है कि भारतीय नागरिक ताजा क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर नजर रखें और भारतीय अधिकारियों द्वारा जारी परामर्शों का पालन करें।

### भजनलाल सरकार की योजना पर उनके ही मंत्री ने ही उठाए सवाल

# अपात्रों पर पैसा लुटाने का कोई मतलब नहीं

**जयपुर, जेएनएन।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज विभाग की पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना को लेकर विरोध शुरू हो गया। कैबिनेट की बैठक में इस योजना पर स्वयं इसी विभाग के मंत्री किरोड़ीलाल मीना ने सवाल खड़े कर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि बीपीएल में शामिल जो लोग साधन-संपन्न हैं, उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप पैसा देने की क्या जरूरत है। अपात्रों पर पैसा लुटाने का कोई मतलब नहीं है। सरकारी सहायता तो उन परिवारों को मिलनी चाहिए, जो जरूरतमंद हैं और जिनके पास पक्के मकान नहीं है। यह बात अलग है कि मंत्री की इस असहमति को बैठक में रिकॉर्ड पर नहीं लिया गया। बीपीएल से ऊपर परिवारों को राज्य सरकार ने गरीबी से बाहर होने का दावा कर दिया। सवाल यह है कि बीपीएल सूची केंद्र की है और इस सूची के अनुसार ही खाद्य सुरक्षा योजना जैसी कई योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ऐसे में गरीबी रेखा से बाहर आ चुके इन परिवारों को केंद्रीय योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा या नहीं?

### गरीबी मुक्त गांव योजना?

दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परिवारों को बेहतर आजीविका प्रदान करने के लिए सरकार ने 300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। बीपीएल जनगणना 2002 की सूची के अनुसार प्रथम चरण में अप्रेल से जून 2025 तक सर्वे किया गया। 41 जिलों में प्रत्येक जिले से 122 गांवों का चयन कर कुल 5002 गांवों में 30631 परिवारों का सर्वे किया गया। सर्वे में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। चयनित 72 प्रतिशत यानी 22076 परिवार बीपीएल से बाहर आ गए।

# सनी ने शुरू की 'रामायणम' में हनुमान बनने की तैयारी!

**मुंबई, जेएनएन।** सनी देओल ने हाल ही 'बॉर्डर 2' की शूटिंग खत्म की, और अब उन्होंने नया लुक अपना लिया है, जिसकी इंटरनेट पर चर्चा हो रही है। पिछले काफी समय से सनी देओल दाढ़ी-मूंछों में नजर आ रहे थे, पर अब उन्होंने मूंछों और दाढ़ी को अलविदा कह दिया है। चर्चा है कि सनी देओल का यह नया अवतार नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम' के लिए है, जिसमें वह बजरंग बली हनुमान के किरदार में नजर आएंगे। सनी देओल ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तीन तस्वीरें शेयर की हैं, और साथ में लिखा है-नया लुक, नई डायरेक्शन। इनमें वह क्लीन शेव लुक में हैं। दाढ़ी और मूंछें कटवा दी हैं और डिफेंडर पर बैठे काला चश्मा लगाए पोज दे रहे हैं। सनी देओल के स्वैग और नए अवतार पर फैंस फिदा हो गए हैं। वो एक्टर को अब हनुमान जी के रोल में देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। तस्वीरें देख एक फैन ने लिखा है, 'हनुमान जी के रोल के लिए। जय श्रीराम।' एक और कमेंट है, 'जंगल में सिर्फ एक शेर है, और वो है सनी देओल। आपकी जगह कोई नहीं ले सकता।' एक फैन का कमेंट है, 'जबरदस्त लुक और साथ में डिफेंडर कार।' एक बोला, 'हनुमान की तैयारी चालू है।' एक ने लिखा, 'हनुमान जी के रोल के लिए क्लीन शेव लुक, आपको देखने के लिए एक्साइटेड हैं।'सनी देओल भी हनुमान बनने के लिए एक्साइटेड और नर्वस हैं।




नए अवतार में तस्वीरें देख फैंस बोले- एकदम जबरदस्त

### फौजा सिंह को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार

**जालंधर, जेएनएन।** पंजाब पुलिस ने दिग्गज मैराथन धावक फौजा सिंह की हिट-एंड-रन हादसे में हुई मौत के मामले में एनआरआई युवक को गिरफ्तार किया है। अनिवासी भारतीय अमृतपाल सिंह ढिल्लों को गिरफ्तार करने के साथ ही पुलिस ने फॉर्च्यूनर एसयूवी भी बरामद की है। जालंधर के करतारपुर स्थित दसूपुर गांव के निवासी ढिल्लों को मंगलवार देर रात हिरासत में लिया गया और भोगपुर थाने में उससे पूछताछ चल रही है। उसे आज अदालत में पेश किया जाएगा और पुलिस रिमांड पर लिया जा सकता है। फौजा सिंह को टक्कर मारने वाला एनआरआई अमृतपाल सिंह ढिल्लों निवासी गांव दासूवाल करतारपुर को पुलिस ने देर रात घर से गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी जालंधर ग्रामीण हरविंदर सिंह विर्क ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने कहा कि वह नहीं जानता था कि जिसे उसने टक्कर मारी है वह फौजा सिंह हैं। बाद में टीवी पर देखा तो पता चला। पुलिस ने फॉर्च्यूनर के कुछ टूटे पार्ट घटना स्थल पर मिलने के बाद उन्हें एजेंसी से चेक करवाया और गाड़ी का मॉडल पता लगने के बाद हाईवे के साथ गांव के कैमरे भी चेक किया।

**आशियाना** | भारत के मरम्मत के आश्वासन के बाद भी बांग्लादेश में कार्रवाई

# सत्यजीत रे की 'विरासत' जमींदोज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बांग्लादेश में भारतीय फिल्ममेकर सत्यजीत रे का घर गिरा दिया गया है। सत्यजीत रे का यह घर बांग्लादेश में मैमनसिंह शहर में मौजूद था, इसे पहले मैमनसिंह शिशु अकादमी के नाम से जाना जाता था। भारत इस इमारत को संरक्षित करना चाहता था, इसी के चलते भारत ने इमारत की मरम्मत और पुनर्निर्माण की बांग्लादेश को पेशकश भी की थी, इस इमारत को संरक्षित करने के लिए कहा था, लेकिन इसके बावजूद भी फिल्ममेकर का पैतृक घर गिरा दिया गया है।

प्रख्यात साहित्यकार उपेंद्र किशोर रे चौधरी, प्रसिद्ध कवि सुकुमार रे के पिता और फिल्म निर्माता सत्यजीत रे के दादा थे, जो इसी घर में रहते थे। अब इसको गिरा दिया गया है। सत्यजीत रे के घर की मरम्मत और पुनर्निर्माण में सहयोग की भारत ने पेशकश की थी। 100 साल पुरानी इस इमारत पर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया गया, इसी के चलते हालत खराब हो गई है।

भारत ने मरम्मत और पुनर्निर्माण की पेशकश की थी, इस मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा था, अफसोसनाक है कि मैमनसिंह में वो संपत्ति, जो फिल्ममेकर रे के दादा की थी उसको ध्वस्त किया जा रहा है। इस इमारत को बचाने के लिए प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का भी पोस्ट सामने आया था, इसी के बाद अब जब घर गिरा जा चुका है, तो टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी का बयान सामने आया है। अभिषेक बनर्जी ने कहा, मुझे यह जानकर बेहद दुख हुआ है कि ऑस्कर विजेता फिल्ममेकर सत्यजीत रे का ढाका में मौजूद पैतृक घर को कथित तौर पर बांग्लादेशी अधिकारी ध्वस्त कर रहे हैं।



### बंगाली विरासत को एक और झटका

सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर बीजेपी के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने इसको लेकर पोस्ट किया। उन्होंने कहा, बंगाली विरासत को एक और झटका, सत्यजीत रे का पैतृक घर बांग्लादेश में ध्वस्त कर दिया गया। यह सिर्फ एक पुरानी संरचना का विनाश नहीं है, यह इतिहास को मिटाना है। जिस मिट्टी ने दुनिया के महानतम सिनेमाई फिल्ममेकर में से एक को बढ़ा किया, वह अब मलबे में बदल गई है, क्या बांग्लादेश सरकार को ऐसे विशाल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्य वाले स्थल को संरक्षित करने की जिम्मेदारी नहीं लेनी चाहिए थी?

### बिहार: 35 लाख वोटरों तक नहीं पहुंचा आयोग

**पटना, जेएनएन।** बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन में 9 दिन शेष हैं। वहीं, करीब 35 लाख मतदाताओं तक चुनाव आयोग अब तक नहीं पहुंच पाया। उन्हें मतदाता गहन पुनरीक्षण का गणना फॉर्म मिलना अभी बाकी है। दूसरी ओर, बुधवार शाम 6 बजे तक राज्य में 88.95 प्रतिशत मतदाताओं का गणना फॉर्म जमा हो गया है, जिनकी संख्या करीब 7 करोड़ है। सात जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक गणना फॉर्म जमा किए जा चुके हैं। वहीं, पूरे राज्य में अब मात्र 54,07,483 फॉर्म जमा कराया जाना शेष रह गया है, जो कि कुल मतदाताओं का 6.85 प्रतिशत है। चुनाव आयोग के मुताबिक, 35,69,435 मतदाता (4.5 प्रतिशत) अब तक पते पर नहीं मिले हैं। आयोग की ओर से उनसे संपर्क के प्रयास किए जा रहे हैं। 35 लाख वोटर ऐसे हैं, जिनका नाम मतदाता सूची से कटना तय है। इनमें स्थायी रूप से बिहार से बाहर शिफ्ट हो चुके 17,37,336 (2.2 प्रतिशत) वोटर हैं। 12 लाख से ज्यादा मृत हो चुके मतदाताओं का नाम भी वोटर लिस्ट से हटाया जाएगा। एक से अधिक स्थानों पर रजिस्टर्ड 5.76 लाख मतदाताओं की भी पहचान हुई है। बिहार में मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत घर-घर जाकर सत्यापन का काम 24 जून को शुरू हुआ था।

# रोबोटिक कैंसर सर्जरी: सुरक्षित और तेज रिकवरी की एक नई उम्मीद

### डॉ. अभिनव देशपांडे, डायरेक्टर-सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक ऑन्कोसर्जरी

**नागपुर।** कैंसर का सामना करना कभी आसान नहीं होता। लेकिन आज की आधुनिक और नई तकनीक की मदद से कैंसर की सर्जरी अब और भी सुरक्षित, सटीक और कम दर्द वाली हो गई है। कैंसर के इलाज में बहुत ही नई और उन्नत तकनीक में से एक है रोबोटिक ऑन्को सर्जरी ङ्क यह एक स्मार्ट और सौम्य सर्जरी है, जिसमें एडवांस रोबोट्स की मदद से कैंसर को हटाया जाता है।

**रोबोटिक ऑन्को सर्जरी क्या है?**

रोबोटिक ऑन्कोलॉजिक सर्जरी एक विशेष प्रकार की सर्जरी है, जिसमें डॉक्टर रोबोटिक आर्म्स की मदद से नाजुक कैंसर ऑपरेशन करते हैं। यह रोबोट अपने आप काम नहीं करता, बल्कि इसे एक अनुभवी सर्जन कंट्रोल करता है, जो एक कंसोल (मशीन) पर बैठकर इसे चलाता है। यह रोबोटिक सिस्टम सर्जन को शरीर के अंदर का थ्री-डी दृश्य दिखाता है और उन्हें अत्यधिक सटीकता के साथ हाथों की गति नियंत्रित करने में सक्षम बनाता है।

**इसका उपयोग कहाँ होता है?**

रोबोटिक सर्जरी खासतौर पर उन अंगों के कैंसर के इलाज के लिए बहुत उपयोगी होती है, जो बहुत नाजुक होते हैं या शरीर के अंदर गहराई में होते हैं, जैसे कि फेफड़ों का कैंसर, कोलोरेक्टल (कोलन और रेक्टल) कैंसर, किडनी (गुर्दे) का कैंसर, सर्वाइकल और यूटेरिन कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, सिर और गर्दन के कैंसर। पारंपरिक ओपन सर्जरी की तुलना में, रोबोटिक कैंसर सर्जरी मरीजों के लिए कई फायदे देती है-

छोटे चीरे, कम दर्द: रोबोटिक सर्जरी में बहुत छोटे-छोटे चीरे लगाए जाते हैं, जिससे मरीज को ऑपरेशन के बाद कम दर्द होता है।

**जल्दी रिकवरी:** ज़्यादातर मरीज पारंपरिक सर्जरी के मुकाबले जल्दी घर जा सकते हैं और जल्दी अपनी रोज़मर्रा की जिंदगी में लौट सकते हैं।

कम रक्तस्राव: रोबोट की सटीकता के कारण ऑपरेशन के दौरान कम खून बहता है।

इन्फेक्शन का कम खतरा: छोटे घाव होने से संक्रमण की संभावना और जटिलताएं कम होती हैं।

**बेहतर कैंसर नियंत्रण:** बेहतर दृश्यता और नियंत्रण से डॉक्टर ट्यूमर को अधिक अच्छे से निकाल पाते हैं, साथ ही आसपास के स्वस्थ ऊतकों को बचा सकते हैं। हर कैंसर और हर मरीज अलग होता है। रोबोटिक सर्जरी हर मरीज के लिए सही हो, ऐसा ज़रूरी नहीं है। लेकिन कई मरीजों के लिए यह एक सुरक्षित और जल्दी ठीक होने वाला इलाज का तरीका बन चुका है। कैंसर सर्जरी का मुख्य उद्देश्य सिर्फ ट्यूमर हटाना नहीं होता, बल्कि मरीज की जीवन गुणवत्ता को भी बनाए रखना होता है। प्रोस्टेट सर्जरी के बाद पेशाब रोकने की क्षमता पर नियंत्रण और यौन क्रियाशीलता में सुधार, रेक्टल कैंसर सर्जरी के बाद मल पर नियंत्रण, और सिर, गर्दन व स्त्री रोग संबंधी कैंसरों में अंगों की संरक्षा इन सबमें रोबोटिक सर्जरी ने बेहतर परिणाम दिखाए हैं। इसका मतलब है कि मरीज न सिर्फ जल्दी ठीक होते हैं, बल्कि बेहतर तरीके से स्वस्थ होते हैं। रोबोटिक ऑन्को सर्जरी आपके इलाज में हाई-टेक उपचार का माध्यम है, क्योंकि कैंसर से लड़ते समय आपको सबसे उन्नत देखभाल मिलनी चाहिए।

### एनटीपीसी और एनएलसी के प्रस्तावों को केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने दी मंजूरी

# अक्षय ऊर्जा में होगा 27 हजार करोड़ निवेश

**नईदिल्ली, जेएनएन।** महारत्न कंपनी एनटीपीसी और नवरत्न कंपनी निवेली लिग्नाइट (एनएलसीआइएल) की तरफ से अक्षय ऊर्जा सेक्टर में 27 हजार करोड़ रुपए के नए निवेश प्रस्तावों को केंद्र सरकार ने अपनी मंजूरी दे दी है।

एनपीटीसी 20 हजार करोड़ रुपए का नया निवेश अपनी सब्सिडियरी एनटीपीसी ग्रीन में करेगी, जिससे यह कंपनी वर्ष 2032 तक सोलर व दूसरे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से 60 हजार रुपए मेगावाट बिजली बनाने लगेगी। एनएलसीआइएल नवीकरणीय यानी अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 7,000 करोड़ रुपए के प्रारंभिक निवेश से वर्ष 2030 तक 10 हजार मेगावाट की बिजली क्षमता स्थापित करेगी। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की



आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में दोनों कंपनियों के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह निर्णय भारत की स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इसके साथ ही इससे पारंपरिक ऊर्जा उत्पादन से जुड़ी सरकारी कंपनियों को ऊर्जा के नए क्षेत्र में जाने का विकल्प खुलेगा। एनटीपीसी देश में ताप बिजली बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। कुछ वर्ष पहले अक्षय ऊर्जा सेक्टर के लिए इसने अलग से एनटीपीसी ग्रीन नाम से सब्सिडियरी बनाई है।

#### अपनी स्थापित क्षमता का विस्तार करेगी दोनों कंपनियां

एनटीपीसी ग्रीन की अभी स्थापित क्षमता 6,000 मेगावाट है, जबकि 26 हजार मेगावाट पर अभी काम चल रहा है। अब केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद कंपनी सौर, पवन और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की क्षमता तेजी से बढ़ाएगी। इसी तरह से लिग्नाइट आधारित बिजली उत्पाद व खनन क्षेत्र की सरकारी कंपनी एनएलसीआइएल सौर और पवन ऊर्जा सेक्टर में तेजी से विस्तार करेगी।

### आईटीसी होटल्स का मुनाफा 53% बढ़कर 133.71 करोड़

**मुंबई।** आईटीसी होटल्स ने बुधवार को जून 2025 में समाप्त तिमाही के लिए अपने फाइनैंशियल नतीजों का ऐलान किया। मजबूत रेवेन्यू के दम पर पहली तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 53 प्रतिशत बढ़कर 133.71 रुपए करोड़ हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 86.53 करोड़ रुपए था। हालांकि तिमाही आधार पर आईटीसी होटल्स का मुनाफा 48.2 प्रतिशत घट गया है। पिछली तिमाही में कंपनी ने 256.90 करोड़ का मुनाफा कमाया था। एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने बताया कि पहली तिमाही में आईटीसी होटल्स का ऑपरेशन से रेवेन्यू सालाना आधार पर 15.5 प्रतिशत बढ़कर 815.54 करोड़ रुपए हो गया।

## चार नए फंड लॉन्च करेगी जियो ब्लैकरॉक, सेबी की हरी झंडी

**मुंबई, जेएनएन।** जियो ब्लैकरॉक म्यूचुअल फंड को मार्केट रेगुलेटर सेबी से चार पैसिव फंड लॉन्च करने की मंजूरी मिल गई है। ये फंड जियो ब्लैकरॉक निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स फंड, जियो ब्लैकरॉक निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स फंड, जियो ब्लैकरॉक निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड और जियो ब्लैकरॉक निफ्टी 8-13 ईयर जी-सेक इंडेक्स फंड हैं। इन चार फंड्स में से तीन इक्विटी-ओरिएंटेड इंडेक्स फंड हैं, जबकि एक डेट-ओरिएंटेड इंडेक्स फंड है। इससे पहले 7 जुलाई को जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट ने डेब्यू एनएफओ के जरिए 17,800 करोड़ रुपए जुटाए थे। जियो ब्लैकरॉक ने तीन कैश या डेट म्यूचुअल फंड स्कीम्स के जरिए यह फंड रेज किया था। मई में लाइसेंस मिलने के बाद कंपनी की यह पहली पेशकश थी। कंपनी की तीन स्कीम्स- जियो ब्लैकरॉक ओवरनाइट फंड, जियो ब्लैकरॉक लिक्विड फंड और जियो ब्लैकरॉक मनी मार्केट फंड हैं।

**एक दर्जन इक्विटी और डेट फंड पेश करने का प्लान :** पिछले हफ्ते सूत्रों ने बताया था कि जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट साल के आखिरी तक भारत में लगभग एक दर्जन (लगभग 12) इक्विटी और डेट फंड पेश करने का प्लान बना रही है। जिसमें छोटे निवेशों पर फोकस किया जाएगा और लागत कम करने के लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स की जरूरत नहीं होगी।

**आरबीआई गवर्नर बोले- रेट के हिसाब से तय करते हैं लोन की दरें**

## अगस्त में ब्याज दरों में और कटौती कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि देश को महंगाई से राहत मिल चुकी। जून में रिटेल महंगाई सिर्फ 2.1 प्रतिशत रही। अब लोन की किस्तें भी और घट सकती हैं। रिजर्व बैंक अगस्त में होने वाली बैठक में फिर रेपो रेट घटा सकता है। उन्होंने कहा कि न्यूट्रल रुख का ये मतलब नहीं है कि पॉलिसी रेट्स नहीं घटाई जा सकती। जरूरत पड़ने पर इसमें और कटौती की जा सकती है। जून में ही रेपो रेट 0.5 घटाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया गया है। फरवरी से अब तक इसमें 1 प्रतिशत कटौती हो चुकी है। बैंक इसी रेट के हिसाब से लोन की दरें तय करते हैं। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) में 1 प्रतिशत की कटौती करके इसे 4 से घटाकर 3 प्रतिशत करने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई के इस कदम से 2.5 लाख करोड़ फाइनेंशियल सिस्टम में आएंगे। सीआरआर वो पैसा है जो बैंकों को कुल जमा का एक हिस्सा आरबीआई के पास रखना होता है।

## मुंबई व दिल्ली में 8 चार्जिंग स्टेशन लगाएगी अब टेस्ला

### एक बार में 252 गाड़ियां हो सकेंगी चार्ज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेस्ला का पहला शोरूम मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में खुल गया है। अभी कंपनी ने भारतीय बाजार में अपनी सबसे पॉपुलर कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल वाई को उतारा है, जिसकी एक्स-शोरूम कीमत 60 लाख रुपए से शुरू होती है। इसके अलावा कंपनी ने स्टोर से करीब 6 किलोमीटर दूर एक सर्विस सेंटर और गोडाउन भी खोला है। कंपनी ने स्टोर ओपनिंग के साथ ही मुंबई और दिल्ली में 8 चार्जिंग स्टेशन सेटअप लगाने की घोषणा भी की है। इन स्टेशन्स पर एक बार में 252 इलेक्ट्रिक गाड़ियां चार्ज हो सकेंगी। कंपनी भारत में अन्य मॉडल लॉन्च करने के साथ अन्य प्रमुख शहरों में स्टोर भी खोलेगी। सूत्रों के मुताबिक कंपनी ने अपनी अग्रेसिव अप्रोच से भारतीय बाजार में मौजूद बड़े प्लेयर्स को जता दिया है कि वह कड़ी टक्कर देने तैयार है। टेस्ला स्टोर लोगों के लिए एक एक्सपीरियंस सेंटर के तौर पर काम करेगा। यानी यहां न सिर्फ कंपनी की इलेक्ट्रिक गाड़ियां बेची जाएंगी, बल्कि लोग टेस्ला की टेक्नोलॉजी और फीचर्स को भी देख सकेंगे। 2024 में आई भारत की नई ईवी पॉलिसी के मुताबिक, अगर टेस्ला 4,150 करोड़ रुपए निवेश करता है, तो इम्पोर्ट ड्यूटी 70 से घटकर 15 प्रतिशत जाएगी।



### कलेक्टर थप्पड़ कांड में छात्र ने शिकायत वापस ली, बोला- जबरन साइन करवाए थे

जागरण, भिंड। कलेक्टर भिंड संजीव श्रीवास्तव के थप्पड़ जड़ने के प्रकरण में शिकायतकर्ता छात्र रोहित राठौर ने अपनी शिकायत वापस ले ली है। रोहित ने पुलिस को बताया कि वह कलेक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं चाहता। कुछ लोगों ने दबाव बनाकर जबरन साइन कराकर कलेक्टर की शिकायत दर्ज कराई थी। छात्र ने मेहगांव थाने पहुंचकर टीआई महेश शर्मा को लिखित आवेदन देकर कहा है कि वह कलेक्टर के खिलाफ कोई शिकायत या कार्रवाई नहीं चाहता। पहले जो आवेदन दिया था, वह उसकी मर्जी से नहीं दिया था। इसके बाद छात्र ने कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव से मुलाकात भी की और उन्हीं शब्दों को दोहराया। 1 अप्रैल 2025 को स्नातक परीक्षाओं के दौरान नकल की शिकायतों पर कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने पंडित दीनदयाल कॉलेज, लाड़मपुरा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया था।

### अव्यवस्था से नाराज किसानों ने नर्मदापुरम और गाडरवारा में हाईवे पर किया चक्काजाम

# नर्मदापुरम में साफ-सुथरी मूंग भी रिजेक्ट गाडरवारा में बिना लाइसेंस के स्लॉट बुक



### समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की राह नहीं आसान, किसान परेशान

**जागरण, नर्मदापुरम/नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा पर दाम, प्रक्रिया और शेड्यूल तय होने के बाद भी समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की राह प्रदेश में आसान नहीं है। कहीं वेयर हाउस मनमानी कर किसानों को लौटा रहे हैं तो कहीं क्वालिटी के नाम पर किसानों को लौटाया जा रहा है। बुधवार को नर्मदापुरम में साफ-सुथरी मूंग भी वेयर हाउस संचालकों ने रिजेक्ट कर दी। वहीं गाडरवारा में स्लॉट बुक कर मूंग बेचने पहुंचे किसानों को वेयरहाउस संचालक ने यह कहते हुए लौटा दिया कि उसे मूंग खरीदी का लाइसेंस ही अब तक नहीं मिला है। इस अव्यवस्था से नाराज किसानों ने नर्मदापुरम और गाडरवारा में नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। काफी देर मान-मनोव्वल के बाद ही किसान सड़क छोड़ने का तैयार हुए। नर्मदापुरम के माखननगर के दुर्गेश वेयरहाउस पर क्षेत्र के किसान अपनी मूंग लेकर पहुंचे थे। वेयर हाउस पहुंचे अधिकांश किसानों की मूंग रिजेक्ट कर दी गई। इससे वहां आए किसान उखड़ गए और नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। वहीं, गाडरवारा में भी मूंग लेकर वेयर हाउस पहुंचे किसानों ने जमकर हंगामा कर दिया। अव्यवस्था के खिलाफ किसानों ने एनएच 30 से जुड़े सालीचौका स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर दिया।

## सागर के जैसीनगर में खाद के लिए सुबह से किसानों का रेला

**जागरण, सागर/जैसीनगर।** जिले में जिन वितरण केंद्रों से खाद किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है, वहां अव्यवस्थाएं किसानों के लिए परेशानी बन गई हैं। भले ही खाद की पर्याप्तता का दावा किया जा रहा है लेकिन वितरण केंद्रों पर खाद-यूरिया के लिए जद्दोजहद जारी है। जैसीनगर में बुधवार सुबह से किसानों की कतारें लग गई थीं तो मकरोनिया में वितरण नहीं हो पाया। मंगलवार रात को जैसे ही किसानों को खाद आने की सूचना मिली तो वह बुधवार सुबह 6 बजे से ही कृषि उपज मंडी पहुंचकर लाइनों में लग गए। किसानों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने टोकन के माध्यम से दो-दो बोरी किसानों को यूरिया उपलब्ध कराई। इस दौरान पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे जिन्होंने व्यवस्थित रूप से खाद का वितरण कराया। राजस्व विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को लगभग 2000 बोरी यूरिया किसानों को वितरित की गईं।



### टेक महिंद्रा का 34 प्रतिशत बढ़ा मुनाफा

**मुंबई, जेएनएन।** टेक महिंद्रा ने बुधवार को वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमही के अपने नतीजों का ऐलान किया। आईटी कंपनी का नेट प्रॉफिट चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 33.9 प्रतिशत बढ़कर 1,140.6 करोड़ रुपए हो गया। पिछले साल अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 851.5 करोड़ रुपए रहा था। टेक महिंद्रा ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी की कमाई 2.65 प्रतिशत बढ़कर 13,351.2 करोड़ रुपए हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 13,005.5 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक मोहित जोशी ने कहा कि हमारा प्रदर्शन लगातार मजबूत हो रहा है, जो अनुशासन एवं केंद्रित रणनीति को दर्शाता है। पिछले 12 महीनों के आधार पर सौदों की संख्या 44 प्रतिशत बढ़ी जिसे विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक क्षेत्रों में व्यापक गति का समर्थन मिला। कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या 30 जून, 2025 तक 1,48,517 रही। सालाना आधार पर कर्मचारियों की संख्या में 897 की वृद्धि हुई है।

## राजस्थान: स्कूल में नौ वर्षीय बच्ची को हार्ट अटैक, ढ़ाई घंटे बाद दूसरा दौरा आने से मौत



**सीकर, जेएनएन।** राजस्थान के सीकर जिले के डांटा कस्बे में स्थित आदर्श विद्या मंदिर की कक्षा 4 की छात्रा प्राची कुमावत की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। करीब 11 बजे लंच ब्रेक के दौरान वह अपना टिफिन खोल रही थी। अचानक उसने टिफिन गिरा दिया और बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य नंद किशोर ने बताया, 'हम सभी उस समय मैदान में थे। पहले हमें लगा कि शायद वह सामान्य बेहोशी है, लेकिन हालात गंभीर लगे, तो तुरंत पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जो मात्र 500 मीटर दूर था।' शुरू में प्राची की हालत थोड़ी सुधरती दिखी। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सरकारी अस्पताल रेफर किया और एम्बुलेंस से भेजा। लेकिन रास्ते में ही उसे दोबारा दिल का दौरा पड़ा और दोपहर 1.30 बजे मौत की सूचना मिली। डॉ. आर. के. जांगिड़ ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर यह मामला अचानक हुए कार्डियक अरेस्ट का है। 'हमने उसे ऑक्सीजन दी और कार्डियक रिससिटेशन की कोशिश की, लेकिन वह ज्यादा देर तक नहीं बच सकी। पोस्टमॉर्टम नहीं हुआ, लेकिन लक्षणों और प्रतिक्रिया से स्पष्ट था कि दिल का दौरा ही मौत का कारण था।'

मेडिकल विशेषज्ञों के मुताबिक, कोविड या अन्य वायरस के बाद बच्चों में मायोकार्डाइटिस की घटनाएं बढ़ी हैं, जिसमें दिल की मांसपेशियों में सूजन आ जाती है। कुछ दुर्लभ मामलों में अत्यधिक मानसिक तनाव, थकावट, या गर्मी भी हृदय को अचानक प्रभावित कर सकती है। आधुनिक खानपान (जैसे ज्यादा प्रोसेस्ड फूड, चीनी, फैट), मोबाइल और टीवी की लत से निष्क्रिय जीवनशैली भी बच्चों की हृदय-स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है।

#### पहले हुई हैं ऐसी घटनाएं

**2023, मध्य प्रदेश:** 12 साल का बच्चा स्कूल की प्रार्थना सभा में बेहोश होकर गिरा और हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई।

**2024, महाराष्ट्र:** 10 साल की लड़की को खेलते वक्त कार्डियक अरेस्ट आया, डॉक्टरों ने उसे बचा नहीं पाया।

**असामान्य और दुर्लभ:** मेडिकल विशेषज्ञों के मुताबिक, 9 साल की उम्र में हार्ट अटैक आना बहुत ही असामान्य और दुर्लभ है। दुर्भाग्यवश, हाल के सालों में भारत सहित दुनियाभर में ऐसे कुछ मामले सामने आए हैं, जो चिंताजनक संकेत देते हैं।

**संभावित कारण:** हाईपेर्टोफिक कार्डियोमायोपैथी इसकी वजह हो सकता है। इसमें दिल की मांसपेशियां असामान्य रूप से मोटी हो जाती हैं। इससे पंपिंग क्षमता प्रभावित होती है। यह बिना लक्षण के भी बच्चों में रह सकती है।

## बीबीए-बीसीए में 7,235 विद्यार्थियों

### दूसरे राउंड में प्रवेश लेने के लिए आज और होंगे पंजीयन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** तकनीकी शिक्षा विभाग ने बुधवार 266 कालेजों में बीबीए और बीसीए की पहली काउंसलिंग पर विराम लगा दिया है। प्रथम राउंड में बीबीए पांच हजार 167 और बीसीए में दो हजार 368 प्रवेश हुए हैं। उक्त दोनों कोर्स में सात हजार 235 विद्यार्थियों के दाखिले हुए हैं। जबकि बीबीए में प्रवेश लेने के लिए करीब आठ हजार 559, बीसीए में चार हजार 508 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराए थे। उक्त दोनों कोर्स में करीब 13 हजार पंजीयन हुए थे। इसमें से 162 कालेजों के बीबीए में छह हजार 560 और 104 कालेजों के बीसीए में तीन हजार 30 विद्यार्थियों को अलाटमेंट जारी किया गया है। बीबीए में एक हजार 393 और बीसीए में 662 विद्यार्थियों ने प्रवेश नहीं लिए हैं। उक्त विद्यार्थियों को दूसरे राउंड की काउंसलिंग में मौका मिला सकता है। दोनों कोर्स का संचालन करने वाले कालेज एआईसीटीई से मान्यता और संबंधित विश्वविद्यालय से संबद्धता लेकर काउंसलिंग से जुड़ रहे हैं। इसके साथ विभाग ने दूसरे राउंड के पंजीयन भी शुरू कर दिए हैं। विद्यार्थी गुरुवार तक पंजीयन कर सकते हैं। आवेदन में सुधार 18 ओर 19 जुलाई तक होंगे। च्वाइस फिलिंग 21 जुलाई तक होगी। 22 जुलाई को मेरिट जारी की जाएगी। विभाग 26 को अलाटमेंट जारी करेगा। विद्यार्थी 31 जुलाई तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे।

#### बीई में च्वाइस फिलिंग 24 हजार

प्रदेश में इंजीनियरिंग कालेजों की 61 ब्रांच में करीब 47 हजार सीटें रिक्त हैं। उक्त सीटों पर प्रवेश लेने के लिए करीब 24 हजार विद्यार्थियों ने च्वाइस फिलिंग कर दी है। इसमें दस हजार पंजीयन जेईई मेंस और करीब 14 हजार पंजीयन 12वीं के आधारपर किए गए हैं। दूसरे राउंड की काउंसलिंग में बुधवार च्वाइस फिलिंग करने का अंतिम दिना था। विभाग गुरुवार को मेरिट जारी करेगा।21 जुलाई को आवंटन करेगा। विद्यार्थी 25 जुलाई तक शाम पांच बजे तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे। प्रथम राउंड की काउंसलिंग में प्रदेश भर में करीब 15 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। इसमें सबसे ज्यादा प्रवेश सीएस में हुए थे।

#### कोर्स में प्रवेश लेने का आंकड़ा

| कोर्स | कालेज | सीट | अलाटमेंट | प्रवेश |
|---|---|---|---|---|
| बीबीए | 162 | 19330 | 6560 | 5167 |
| बीसीए | 104 | 8060 | 3036 | 2368 |

## जीएसटी से नाखुश मनी गेमिंग कंपनियां

**मुंबई, जेएनएन।** ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग कंपनियों ने मंगलवार को अपनी सेवाओं पर 28 फीसदी वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने का विरोध किया और तर्क दिया कि यह कर मूल रूप से खामियों से भरा है और कानूनी व्यवस्था के विपरीत है। ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता वी. श्रीधरन ने तर्क दिया कि अधिकारियों ने जिस तरह से कोशिश की, उस हिसाब से अक्टूबर 2023 से पहले के जीएसटी प्रावधान ऑनलाइन गेमिंग ऑपरेटरों पर 28 फीसदी कर लगाने के लिए अपर्याप्त थे। 2018 में लागू किए गए जीएसटी नियमों के नियम 31ए (लॉटरी, सट्टा, जुआ और घुड़दौड़ के मामले में आपूर्ति का मूल्य) पर सरकार के आधार को चुनौती दी चूंकि नियम में केंद्रीय जीएसटी अधिनियम के तहत सांविधिक अधिकार का अभाव था। श्रीधरन ने तर्क दिया कि नियम 31ए, (जो सट्टेबाजी और जुए के मूल्यांकन तरीके निर्धारित करता है) सीजीएसटी अधिनियम की धारा 15(5) के तहत अनिवार्य दो चरण वाली प्रक्रिया का अनुपालन नहीं करता। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से यह नियम कार्रवाई योग्य दावों को कर योग्य आपूर्ति के रूप में पहले ही अधिसूचित किए बिना जारी किया गया था, जिससे यह अप्रभावी और अमान्य हो गया। उन्होंने तर्क दिया कि वस्तु दर अधिसूचना में संशोधन करके सट्टेबाजी और जुए जैसे कार्रवाई योग्य दावों पर वस्तु के रूप में कर लगाने के प्रयास भी त्रुटिपूर्ण थे। 1 अक्टूबर, 2023 तक सीमा शुल्क टैरिफ अनुसूची में कार्रवाई योग्य दावों के लिए कोई प्रविष्टि नहीं थी, जिससे जीएसटी के तहत उन्हें वस्तु के रूप में वर्गीकृत करना अव्यावहारिक हो गया।

**बदले दो आदेश** | उच्च शिक्षा विभाग ने हिंदी विश्वविद्यालय में किया था स्थानांतरण, हाईकोर्ट ने रद्द किया

# प्रभारी रजिस्ट्रार मंसूरी की सवा महीने बाद ही बीयू में हो गई वापसी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विवि में जमे असिस्टेंट रजिस्ट्रार (एआर) के साम्राज्य को हाईकोर्ट ने खत्म कर दिया है। हाईकोर्ट के आदेश से सवा माह बाद ही प्रभारी रजिस्ट्रार आईके मूंसरी की बीयू में वापसी हो गई है। बता दें कि उच्च शिक्षा विभाग ने नौ जून को प्रभारी रजिस्ट्रार मंसूरी को अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि में स्थानीय व्यवस्था के नाम पर स्थानांतरित कर दिया था। नियमानुसार शासकीय सेवक व अधिकारी को उनके सोवानिवृत्ति के एक साल पहले तक स्थानांतरित नहीं किया जाता है। नियमों के विपरीत जाकर मंसूरी को बीयू से हिंदी विवि में भेजा गया। इसके खिलाफ वे हाईकोर्ट चले गए। कोर्ट ने स्थानांतरण को अवैध ठहराते हुए निरस्त कर दिया। बुधवार को उन्होंने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।



### बीयू में पांच से छह हो गए एआर

बीयू में दो डिप्टी रजिस्ट्रार के तौर पर मंसूरी और सरिता चौहान पदस्थ थीं। डीआर चौहान को विभाग ने पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल में प्रभारी कुलसचिव नियुक्त किया है। इससे बीयू डीआर विहीन हो गया था। बीयू में सिर्फ आधा दर्जन एआर ही रहे गए थे, जो पूरे बीयू का संचालन कर रहे थे। एआर सुनील नायक को गोपीनीय विभाग का प्रभारी रजिस्ट्रार का दायित्व दिया गया। उनके बाद बीयू में एआर पुनीत शुक्ला एकेडमिक के प्रभार में थे। वहीं एआर अभय गुप्ता प्रशासन, एआर मनोज भटनागर परीक्षा और एआर शरद पटेल लीगल सीएम हेल्पलाइन देख रहीं हैं। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से बीयू आयीं एआर पिंकी मनकानी को भंडार विभाग दे दिया गया। इससे बीयू में एआर की संख्या पांच से बढ़कर छह और डीआर की संख्या दो से जीरो हो गई थी। मंसूरी की वापसी से संख्या एक हो गई है।

### बिना विचार विभाग ने किया स्थानांतरण

हाईकोर्ट ने विभाग द्वारा किए गए स्थानांतरण की निंदा की है। विभाग ने बिना विचार किए और निरयों के विपरीत जाकर डीआर के स्थानांतरण किए हैं। इसलिए हाईकोर्ट ने सरिता चौहान के स्थानांतरण पर विभाग को री प्रेजेंटेशन देने के लिए तीस दिन का समय दिया है। वहीं अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि से प्रभारी कुलसचिव शैलेंद्र जैन को राजाशंकर शाह विवि छिंदवाड़ा भेजा गया है। जहां उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। उनके प्रकरण में भी शासन को तीस दिन में री-प्रेजेंटेशन हाईकोर्ट में प्रस्तुत करना है। ऐसा नहीं करने की दशा में हाईकोर्ट उनके स्थानांतरण आदेश भी निरस्त कर उन्हें वापस पदस्थ कर देगा। हालांकि विभाग ने दस फीसदी से ज्यादा डीआर के स्थानांतरण किए हैं।

## इधर, 48 घंटे में ही डीआर भार्गव के पास लौट आया पीएचडी का प्रभार

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. राजेश भार्गव को एक बार फिर पीएचडी का प्रभार मिल गया है। दो दिन पहले एनएसयूआई ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया था। भार्गव से पीएचडी का प्रभार बदलने की मांग की गई थी। प्रदर्शन को देखते हुए डीआर भार्गव से पीएचडी का प्रभार लेकर एसएटीआई से प्रतिनियुक्ति पर आयीं इलेक्ट्रानिक एंड कम्यूनिकेशन विभाग की प्रीति डी स्वामी को दिया गया था। उन्होंने एक दिन बाद लिखित तौर पर रजिस्ट्रार डॉ. मोहन सेन को पत्र लिखकर प्रभार वापस दे दिया है। उन्होंने कहा कि वे पीएचडी का अतिरिक्त प्रभार पर कार्य नहीं कर सकती हैं। इसके चलते रजिस्ट्रार सेन ने बुधवार को आदेश जारी करते हुए डॉ. भार्गव को दोबारा से पीएचडी का प्रभार दे दिया है। जानकारी के मुताबिक प्रो उदय चौरसिया की पीएचडी विवादों की घिरी हुई है। उनके गाइड संजय सिलाकारी ने लिखित तौर पर कहा कि प्रो. उदय चौरसिया ने अपनी पीएचडी पर कोई कार्य नहीं किया है। चौरसिया अपने गाइड सिलाकारी से छह-छह माह की प्रोग्रेस रिपोर्ट डीआर भार्गव के पास प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं। इसके कारण प्रो चौरसिया की पीएचडी का कार्य रुका हुआ है। इसके चलते संजय सिलाकारी को एचओडी से हटाने और डॉ भार्गव से पीएचडी का प्रभार वापस लेने के लिए एनएसयूआई ने विरोध प्रदर्शन किया था।

# नया भवन और ऑडिटोरियम भौतिक विकास नहीं, यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत और नवाचार का बनेगा केंद्र : सौरभ सुमन





## दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही में नवनिर्मित भवन एवं अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का हुआ उद्घाटन समारोह

### छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत की रंगारंग श्रृंखला

जागरण, निगाही

दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही में नवनिर्मित विद्यालय भवन एवं अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महाप्रबंधक निगाही क्षेत्र तथा प्रो. वाइस चेरमैन दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही सौरभ सुमन थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में निगाही परियोजना के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष निगाही परियोजना के श्रमिक संगठनों के सदस्य गण मौजूद थे ।कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःडॉ. एन पी मिश्र के द्वारा मंत्र उच्चारण एवं शंखनाद के साथ वैदिक रीति रिवाज के अनुसार शिला पूजन से हुई। जिसमें मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने पूजा अर्चना कर उद्घाटन पट्टिका का अनावरण किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने परिसर में विभिन्न छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण भी किया। विद्यालय के प्राचार्य श्री थापर ने मुख्य अतिथि को शाल श्रीफल तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। वही विद्यालय के कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थी परिषद के सदस्यों के माध्यम से विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित निगाही परियोजना के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष तथा श्रमिक संगठनों के नेतागण सीएमओएआई निगाही क्षेत्र के सचिव तथा डीएवी पब्लिक स्कूल निगाही के प्राचार्य को श्रीफल तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती की प्रतिमा पर अतिथियों ने पुष्प अर्पित किया। इसके तत्काल बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात निगाही परियोजना के स्टाफ अधिकारी कार्मिक विभाग गौरव वाजपेई ने स्वागत भाषण के माध्यम से औपचारिक रूप से कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। समारोह के दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक रंगारंग श्रृंखला प्रस्तुत की जो दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। दुर्गा स्तुति नृत्य में छात्राओं ने माँ दुर्गा की स्तुति करते हुए शक्ति और भक्ति का सुंदर संगम प्रस्तुत कियाएवहीं छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत रेट्रो डांस ने दर्शकों को 70 और 80 के दशक की यादों में पहुँचा दिया। तत्पश्चात पंजाबी और गुजराती संस्कृति नृत्य की प्रस्तुति हुई। जिसमें दोनों प्रांतों की जीवंता रंगीनता और उत्सव धर्मिता को खूबसूरती से दर्शाया गया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण प्रेरणादायक थॉट्स का मंचन रहा। इन विचारों ने सभी को आत्म चिंतन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर निगाही क्षेत्र के एचएमएस श्रमिक संगठन के सचिव श्री कमलेश्वर पटेल जी ने अपने संबोधन में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के प्राचार्य के नेतृत्व और उनकी दूरदर्शिता की खुले मन से प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार की पहल शिक्षा के स्तर को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी ।उन्होंने अपने संगठन की ओर से विद्यालयों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया ।वही सीएमएस श्रमिक संगठन के सचिव श्री एस डी तिवारी जी ने बच्चों की प्रस्तुति की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए विद्यालय के प्राचार्य के दूरदृष्टि नेतृत्व क्षमता और सतत प्रयासों की तारीफ की और बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बीएमएस श्रमिक संगठन के सचिव दिलीप पांडेय ने कहा कि यह अत्याधुनिक संरचना विद्यालय की प्रगति और शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रतीक है। श्री पांडेय ने प्राचार्य के नेतृत्व उनकी दूरदर्शिता और समर्पित टीमवर्क की सराहना करते हुए कहा कि इस निर्माण कार्य के पीछे उनके कुशल मार्गदर्शन और विद्यालय परिवार की मेहनत स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। जबकि सीएमओएआई निगाही क्षेत्र के सचिव मनोज कुमार मालवीय ने कहा कि विद्यालय का नवनिर्मित भवन और भव्य ऑडिटोरियम न केवल शिक्षा के स्तर को ऊँचाई प्रदान करेगा बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की खुले दिल से प्रशंसा की तथा विद्यालय के प्राचार्य की दूरदर्शिता नेतृत्व क्षमता और शैक्षणिक विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह नया भवन और ऑडिटोरियम केवल भौतिक विकास नहीं बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत और नवाचार का केंद्र बनेगा । विद्यालय के प्राचार्य श्री थापर ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी गण सीएमओ एआई के पदाधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य तथा शिक्षक अभिभावक सदस्यों का इस अवसर पर विद्यालय में आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस भवन एवं ऑडिटोरियम के निर्माण में एनसीएल के सभी विभागों का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है। उन्होंने आशा जताई कि आने वाले समय में भी इसी प्रकार का सहयोग एनसीएल प्रबंधन का बना रहेगा। यह नया भवन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का केंद्र बनेगा और शिक्षा की गुणवत्ता को एक नई ऊँचाई प्रदान करेगा। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक अजीत सिंह तथा जसबीर कौर मान ने किया।

# इंटक की राष्ट्रीय वर्किंग कमेटी 20 जुलाई को दिल्ली में

## रीवा संभाग से रिप्रेजेंट करेंगे नरेंद्र मिश्रा

**जागरण, बैढ़न।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की राष्ट्रीय वर्किंग कमेटी दिल्ली में 20 जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.जी संजीव रेड्डी की अध्यक्षता में संपन्न होने जा रही है इंटक के राष्ट्रीय वर्किंग कमेटी में रीवा संभाग से जो राष्ट्रीय वर्किंग कमेटी के सदस्य हैं नरेंद्र मिश्रा एकमात्र को आमंत्रित किया गया है आमंत्रित सदस्य के रूप में लाल पुष्पराज सिंह एनसीएल सिंगरौली को भी आमंत्रित किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यालय के सेक्रेटरी पी जे राजू का पत्र 5 जून का 20 जून को प्राप्त हुआ है राष्ट्रीय वर्किंग कमेटी में भारत सरकार द्वारा जो कानून में संशोधन किए गए हैं जो श्रमिक विरोधी हैं उस पर विशेष चर्चा होगी तथा संपूर्ण भारत में ट्रेड यूनियन के लीडरों को कार्य करने का राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दिशा निर्देश दिया जाएगा साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रधानमंत्री भारत सरकार को देश के श्रमिकों आउटसोर्स संविदा कर्मचारी एवं अधिकारियों आदि की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन भी सौपा जावेगा ज्ञात हो की इंटक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीव रेड्डी नेता को पूरे देश के ट्रेड यूनियन लीडर गौरांवित है जिन्होंने अत्यंत त्याग एवं स्वच्छ सोच के आधार पर इसे नेतृत्व प्रदान किया है सामान्य कर्मचारियों तथा समाज के वैसे गरीब वंचित एवं सुविधा विहीन समूह के हितों की रक्षा करने और महत्वपूर्ण नीतियों के निर्धारण में इंटक् गतिशील रहा है इंडियन नेशनल कांग्रेस के साथ निकट संबंधों में रही है विगत कई अवसरों पर इंटक् तथा आईसीसी के आपसी संबंधों तथा दोनों संगठनों के आपसी हित के बिंदुओं पर लगातार चर्चा होती रही है कई पदजनब के नेता केंद्र राज्य तथा समान स्तर पर भी पार्टी में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्माण कर रहे हैं केंद्रीय कार्य समिति में इंटक् का अध्यक्ष विशेष आमंत्रित सदस्य होते हैं राष्ट्रीय कमेटी दिल्ली में होने जा रही है यह राष्ट्रीय कमेटी एनडी एम सी कन्वेंशन सेंटर जय सिंह रोड जंतर मंतर न्यू दिल्ली में एक दिवस रखा गया है यह जानकारी श्रमिक इंटक नेता नरेंद्र प्रसाद मिश्र द्वारा जारी की गई है।

# चितरंगी का नया बस स्टैंड बना चारागाह

**जागरण चितरंगी।** सरकार द्वारा लगभग 90 लाख रुपये मे यह बस स्टैंड बनाया गया है जिसका लोकार्पण चितरंगी के मौजूदा विधायक और राज्य मंत्री राधा सिंह पूर्व विधायक अमर सिंह जनपद अध्यक्ष सियादुलारी सरपंच रानी देवी और जिला पंचायत उपाध्यक्ष अर्चना नागेन्द्र सिंह की मौजूदगी मे अक्टूबर 24 मे किया गया था लेकिन बस स्टैंड संचालक की तरफसे संचालन और सफाई व्यबस्था मे किसी भी प्रकार का वैधानिक प्रयास नहीं किया जा रहा है जिससे बस स्टैंड में साफ सफाई हो और यात्री आराम से बैठकर बस का इंतजार कर सके जैसा कि आप फोटो और वीडियो के माध्यम से देख सकते हैँ कि बस स्टैंड को चालू हुए 1 साल भी नहीं हुआ और बस स्टैंड जानवरों का आरामगृह बन गया है साथ ही बियर की बोतल यह भी बताती है कि बस स्टैंड पार्ट टाइम नशे का भी अड्डा है वाशरूम मे ताला लगाया गया है जिससे आने जाने वाले सवारी को भी दिक्कत होती है ऐसे मे सवाल यह पैदा होता है कि बस स्टैंड कि व्यवस्था कौन देख रहा है और अगर कोई नहीं देख रहा है तो क्यों ऐसा प्रतीत होता है कि बस स्टैंड सिर्फ दिखाने के लिए बनाया गया हो या यह भी धीरे धीरे भ्रस्टाचार का हिस्सा बन रहा है प्रसाशन से बस स्टैंड पर ध्यान केंद्रित करते हुए सवारियों को बैठने और वाशरूम जैसी सामान्य सुविधा प्रदान करवाये।

# जीएच सेवन सोसाइटी के अध्यक्ष बनें डॉ रोहित चौधरी



**जागरण, सिंगरौली।** क्रॉसिंग रिपब्लिक की सबसे बड़ी सोसाइटी जी एच सेवन में अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन का चुनाव उप रजिस्ट्रार द्वारा नामित चुनाव अधिकारी जिला कुष्ठ अधिकारी की देखरेख में संपन्न हुआ। संपन्न हुए उक्त चुनाव में टीम संकल्प के छः प्रत्याशी तथा टीम आरंभ के चार प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर जनता के बदलाव की मंशा को पूरा करने का वीणा उठाया। ज्ञात हो कि चुनावी मैदान में चार अलग.अलग टीमों में. टीम उन्नति टीम संकल्प टीम आरम्भ टीम जी एच सेवन से मिलाकर कुल उन्तालीस प्रत्याशियों ने भाग्य आजमाया था जिसमें टीम संकल्प को भारी मतों से बहुमत हासिल हुआ और उसके छ प्रत्याशी जीते और टीम आरंभ से चार प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। चुने हुए विजेता सदस्यों की हुई प्राथमिक बोर्ड मीटिंग में संकल्प टीम के डॉ रोहित चौधरी को अध्यक्ष सुशील कुमार माहेश्वरी को उपाध्यक्ष अभय सिंह यादव को महासचिव पूनम सिन्हा को कोषाध्यक्ष मयंक अग्रवाल को सह कोषाध्यक्ष और कमल तनेजा को सह सचिव के पद पर सर्वसम्मति से चुना गया। उक्त मेजॉरिटी रेजोल्यूशन के दौरान अन्य निर्वाचित सदस्य राम सिंह प्रगति शारदा सुखविंदर सिंह संधू एवं सुमित श्रीवास्तव बोर्ड मेंबर चुने गए। क्रॉसिंग रिपब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर डॉ रोहित चौधरी के चुने जाने से समिति के नागरिकों में काफी हर्ष है तथा डॉक्टर चौधरी को विभिन्न सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में क्रोमा के पदाधिकारी क्षितिज सिंघल बीपीएस भाटिया तरुण भारत चौहान सहित देर रात तक तांता लगा रहा।

# एनटीपीसी रिहंद में टॉपर विद्यार्थियों के सम्मान व संवाद कार्यक्रम का आयोजन







**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी रिहंद परिसर स्थित केन्द्रीय विद्यालय डीएवी पब्लिक स्कूल एवं सेंट जोसेफ विद्यालय के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन शिवालिक अतिथिगृह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव द्वारा परंपरागत रूप से किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने सभी टॉपर विद्यार्थियों का रोजबड देकर अभिनंदन किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को विशेष प्रस्तुतीकरण के माध्यम से साझा किया गया। कार्यक्रम की विशेषता खुले मंच संवाद सत्र रहा जिसमें विद्यार्थियों ने परियोजना प्रमुख से अपने जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। श्री श्रीवास्तव ने सभी प्रश्नों का सहज प्रेरणात्मक उत्तर देते हुए विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। समारोह के दौरान सभी टॉपर विद्यार्थियों को मेमेंटों प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं में सेंट जोसेफविद्यालय की मैत्रयी ने 95.6 प्रतिशत डीएवी के सुमित केशरी ने 95.2प्रतिशत एवं केन्द्रीय विद्यालय के मोहित कुमार ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 वीं विज्ञान वर्ग में डीएवी की ईशिता सिंह ने 97.2 प्रतिशत एसजेएस के ईशान कुमार ने 94 प्रतिशत एवं केन्द्रीय विद्यालय की अनामिका कुमारी ने 87 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वाणिज्य वर्ग में डीएवी की वंशिका श्रीवास्तव ने 93.8 प्रतिशत तथा केन्द्रीय विद्यालय के ध्रुव गुप्ता ने 78 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया। उल्लेखनीय रूप से सेंट जोसेफ विद्यालय के ईशान कुमार ने एडवांस परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 2496 प्राप्त कर आईआईटी पटना में कंप्यूटर साइंस शाखा में प्रवेश लेकर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। अपने समापन संबोधन में परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें राष्ट्र का भविष्य बताया तथा जीवन में निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा दी।

# उपलब्धि हमें स्वच्छता में आगे और अच्छा कार्य करने के लिए करेगी प्रेरित : आयुक्त

## स्वच्छता सर्वेक्षण पूरे देश में सिंगरौली नगर निगम को 50 हजार से 3 लाख की आबादी वाली रैकिंग में मिला चौथा स्थान

**जागरण, बैढ़न।** नगर पालिक निगम सिंगरौली ने स्वच्छता सर्वेक्षण नेशनल रैंकिंग में चौथा स्थान प्राप्त किया गया। नगर निगम को यह उपलंब्धि 50 हजार से 3 लाख की पापुलेशन वाले नगरो के बीच जारी रैकिंग प्राप्त हुआ। वही प्रदेश में नगर निगम को तीसरा स्थान मिला है।। निगम की यह रैंक 50 हजार से तीन की आबादी वाले जिलों की कैटेगरी में है। इसके साथ निगम को वाटर प्लस का टैग भी प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त ने कहा कि यह उपलंब्धि महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल निगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय सहित पार्षद गणो जन प्रतिनिधियो के सहयोग एवं कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में मिली है। उन्होने कहा रैंक मे केवल नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित आमजन को बहुत योगदान रहा है। निगमायुक्त ने कहा कि इस उपलंब्धि के लिए मै सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हू। उन्होने कहा कि आज हम सब मिलकर यह सकल्प लेते है कि आगले वर्ष स्वच्छता के लिए देश एवं प्रदेश स्तर से जारी होने वाली रैकिंग अच्छे अंक प्राप्त कर सिंगरौली नगर निगम को पहले पायदान में लाने का सफल प्रयास करेगे।

# एनसीएल की खदान में घुसकर ड्रगलाइन का कॉपर केबल काटने वाला कबाड़ गिरोह गिरफ्तार

## इन्हीं कबाड़ियों ने एक अन्य मामले में केबल चोरी के दौरान धारदार हथियार से वार कर सिक्योरिटी गार्ड को किया था घायल



**जागरण, सिंगरौली।** बीते दिनों एनसीएल की दूधिचुआ परियोजना में ड्रगलाइन की केबल काटकर चोरी करने का करने वाले कबाड़ गिरोह के 5 सदस्यों को मोरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि इन्हीं कबाड़ियों ने खदान में एक अन्य चोरी के दौरान वहां ड्यूटी पर मुस्तैद सिक्योरिटी गार्ड पर हमला कर उसे पूरी तरह घायल कर दिया था इसमें उसकी एक आंख पूरी तरह खराब हो गई है। जानकारी अनुसार फरियादी रमेशचन्द्र उपाध्याय निवासी वनकटवा हाल रामरतन सिक्योरिटी एजेसी कैम्प दुद्धीचुआ ने थाने मे आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि कबाड़ियों द्वारा बीते 30 मार्च को ज्योति ड्रग लाइन का 40 मी.कापर केबल काट लिया गया है। जिसपर मोरवा पुलिस ने अज्ञात कबाडियों के खिलाफ अपराध क्र 199/25 धारा 303/2 बीएनएस कायम कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। वहीं एक अन्य फरियादी श्रीराम कश्यप पिता दूबलाल कश्यप 59 वर्ष जो रिटायर्ड आर्मी मैन था और वर्तमान में दुद्धीचुआ खदान में सिक्योरिटी गार्ड था। वह बीते 6 अप्रैल को सावल नं. 14 पर डियुटी पर था तभी कबाडियों ने आकर खदान के अंदर धारदार हथियार टंगिया से मारकर सिर से लेकर एक आंख तक फोड दिया था। जिसपर सूचना के बाद 28 अप्रैल को पुलिस ने अप.क्र. 261/25 धारा 296, 115/2 351/2 118/1 बी एन एस कायम किया और मेडिकल रिपोर्ट पर धारा 117/2 117/3 118/2 3/5 बीएनएस बढ़ाकर अज्ञात आरोपियों की लगातार तलाश की जाने लगी। पर पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी आरोपियों का पता नही चल पा रहा था। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कृष्ण कुमार पाण्डेय की सतत निगरानी में थाना प्रभारी मोरवा यू पी सिंह द्वारा लगातार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। बीते दिन मोरवा पुलिस को सूचना मिली की कुछ कबाडी पुनः इकठ्ठा हुये हैं जो पुरानी घटनाओं में शामिल थे। मुखबिर सूचना के आधार पर मोरवा पुलिस द्वारा गठित विभिन्न टीमों ने घेराबंदी कर उन्हें पकड लिया गया। पकड़े गए आरोपी राजेश साकेत पिता रामकिशुन साकेत 32 निवासी बगदरी थाना बरगवां लालजी साकेत पिता रजई साकेत, 33 वर्ष निवासी डल्ला थाना बरगवां बाबूलाल सिंह गोड़ पिता भीखराम सिंह गोड़ 38 वर्ष निवासी पिड़रिया थाना चितरंगी छोटू उर्फहरिश्चंद्र पिता रामचरित साकेत 24 वर्ष निवासी अजगुढ़ हाल बदिया मोहल्ला थाना मोरवा भाईलाल सिंह गोंड पिता हरीफलाल सिंह गोंड 27 वर्ष निवासी सगनरा थाना चितरंगी सभी सिंगरौली जिले के हैं। सभी पाचों कबाड़ियों को गिरफ्तार कर घटना के संबंध में पूछताछ की गई जिन्होने अपराध करना कबूल किया है। वहीं घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी सहित अन्य सामान जप्त किया गया। पुलिस ने बताया कि वारदात में शामिल एक सुरक्षागार्ड जो इनकी गिरफ्तारी के बाद से फरार है उसकी भी तलाश की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरी.एनपी् तिवारी सउनि डीएन् सिंह संजीत सिंह संतोष सिंह उमेश अग्निहोत्री सुनील दुबे पिन्टू राय प्रआर पतरंग सिंह अर्जुन सिंह अजीत सिंह विवेक सिंह आर.दशरथ मांझी एवं साइबर सेल बैढन से प्रशांत केशरी एवं नंदकिशोर शामिल थे।

## ई अटेंडेंस के विरोध में अतिथि शिक्षक सड़क पर

**जागरण चितरंगी।** प्रदेश संगठन के आह्वाहन पर अतिथि शिक्षक समन्वय समिति संघ के द्वारा जिले मुख्यालय समेत ब्लाको मे भी ज्ञापन रैली करके ज्ञापन सौपे जिसमे बैढ़न ब्लाक अध्यक्ष सुर्यकांत शर्मा के नेतृत्व मे और देवसर मे संजय द्विवेदी तथा चितरंगी मे प्रवीण बैस के नेतृत्व मे ज्ञापन सौपा गया जिसमे प्रमुख रूप से विभाग द्वारा ई अटेंडेंस लगाने के फरमान को जल्द से जल्द हटाया जाये जल्द से जल्द नियमित किया जाये 12 माह का सेवा काल किया जॉये।


## नाम परिवर्तन सूचना

मैं घोषणा करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम KAMLESH KUMAR GUPTA लिखा था जिसे मैं बदल कर अब अपना नया नाम KAMLESH PRASAD GUPTA S/O GIRDHARI LAL GUPTA कर लिया है। कृपया अब से मुझे नये नाम KAMLESH PRASAD GUPTA S/O GIRDHARI LAL GUPTA के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता–120 AMAHA TOLA, GRAM AMAHA TOLA, POST SARAI, DISTRICT SINGRAULI, MADHYA PRADESH है।

## कार्यालय नगर परिषद् बिरसिंहपुर, जिला सतना (म0प्र0)

email – cmobirsingpur@mpurban.gov.in Phone – 07671-277220

क्रमांक /......../न.प./2025 बिरसिंहपुर, दिनांक – / /2025

नामान्तरण/(हस्तान्तरण) हेतु सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार नामान्तरण/हकान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्राप्त हुआ है।

| हस्तान्तरण कर्ता का नाम | हस्तान्तरण ग्राहिता का नाम | वार्ड कमांक | रकबा | नामान्तरण का आधार पर |
|---|---|---|---|---|
| 1 स्व0 मो0 चोखे | अब्दुल रहीम | 09 | 30×60, वर्गफुट | पिता की मृत्यु पर आपसी बटवारा |
| 2 अब्दुल रहीम | मो0 गुस्ताख | 09 | 12×15, वर्गफुट | शहमत शपथ पत्र |
| 3 परमलाल गुप्ता | राहुल गुप्ता | 07 | 15×180 वर्गफुट | शहमत शपथ पत्र |

इस संबंध में जिस व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना के जारी होने के दिनांक 15 दिवस क के अन्दर आपत्ति प्रमाण सहित कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों में कोई भी विचार नही किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बिरसिंहपुर
जिला सतना (म0प्र0)

## मैदान से हटकर

### चहल और कथित गर्लफ्रेंड मना रहे लंदन में छुट्टियां



भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और आरजे महवश को लेकर अफवाहें चल रही हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। ये चर्चा तब से शुरू हुई जब युजवेंद्र का एक्ट्रेस धनश्री वर्मा से तलाक हुआ और उसके बाद से उन्हें महवश के साथ कई बार पब्लिक प्लेसेस में देखा गया। हालांकि दोनों ने अपने रिश्ते को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन सोशल मीडिया पर एक-दूसरे की पोस्ट में अक्सर दिखाई देते हैं। अब ऐसा लग रहा है ये दोनों ही लंदन में एक साथ हैं, और ये चीज तब नोटिस हुई जब दोनों के फोटोज के बैकग्राउंड सेम दिखे, जिसे देख फैंस भी दोनों के साथ होने की आशंका जताने लगे। महवश लदंन की सड़कों पर जिन लुक्स में नजर आ रही हैं वो लुक्स भी बेहद स्टाइलिश हैं और लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रहे हैं। ब्लैक हाई नेक ड्रेस में महवश को देखकर लग रहा है कि वे लंदन सड़कों पर नहीं बल्कि फैशन शो के रैंप पर चल रही हैं। फ्लेयर्ड डिटेलिंग वाली इस ड्रेस के साथ महवश ने बूट्स कैरी किए हैं। मेकअप को महवश ने बोल्ड और शिम्मरी रखा है। वहीं, एक्सेसरीज में ट्रेंडी बो इयरिंग्स पहने हैं। (जेएनएन)



# मैनचेस्टर टेस्ट खेल सकते हैं बुमराह

## सीरीज दांव पर, बुमराह पर जल्द फैसला लेगा मैनेजमेंट, पांच मैचों की सीरीज का चौथा टेस्ट 23 से

जेएनएन, बेकेनहैम



एक बार फिर वही सवाल सभी के सामने है- क्या जसप्रीत बुमराह मैनचेस्टर टेस्ट खेलेंगे या द ओवल में होने वाले आखिरी टेस्ट से पहले उन्हें मिलेगा आराम? इस सवाल का सटीक जवाब चौथे टेस्ट के ठीक पहले वाली शाम ही मिलेगा, जो 23 जुलाई से शुरू होगा। लेकिन गुरुवार को इस बात का इशारा भारतीय टीम की तरफ से मिला है कि ओल्ड ट्रैफर्ड में शायद बुमराह खेलते हुए नजर आएं। लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारत 22 रन से हार गया था, जिससे सीरीज में 1-2 से पिछड़ गया। भारत के सहायक कोच रयान टेन डेश्काटे ने अभ्यास सत्र के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा, बुमराह के खेलने के ऊपर फैसला अभी नहीं लिया गया है। हम जानते हैं कि बुमराह आखिरी दो टेस्ट में से कोई एक टेस्ट खेलेंगे। अब जबकि मैनचेस्टर में होने वाला चौथा टेस्ट करो या मरो का हो चुका है लिहाजा हम उन्हें खिलाने को लेकर उत्सुक हैं। लेकिन यह हम अभी नहीं कह सकते, हमें और भी चीजें देखना है। हम वहां कितने दिन खेल रहे हैं, हमारी जीत की उम्मीद कितनी है। सीरीज के आखिरी दो मुकाबले बेहद अहम हैं। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में आने से पहले बुमराह को लेकर तस्वीर बिल्कुल साफ थी, बीसीसीआई की मेडिकल टीम के साथ बातचीत के बाद ही यह फैसला लिया गया था कि बुमराह पांच में से तीन मैच ही खेलेंगे। उसी हिसाब से उन्होंने लीड्स में सीरीज का पहला टेस्ट खेला और फिर एजबेस्टन टेस्ट में बाहर बैठे। बुमराह ने लीड्स टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट झटका था, जबकि दूसरी पारी में उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी थी। इसके बाद भारत के पास आठ दिन का ब्रेक था, लेकिन इसके बावजूद बुमराह बर्मिंघम टेस्ट नहीं खेले थे और फिर इसके लिए उन्हें काफी आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा था। पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने तो स्काई क्रिकेट के साथ बातचीत में बोल दिया था कि खिलाड़ी के पास इस बात का अधिकार नहीं होना चाहिए कि वह कौन सा मैच खेले या नहीं बल्कि इसका फैसला टीम मैनेजमेंट को करना चाहिए। लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में वापसी करते हुए बुमराह ने मैच में सात विकेट लिए थे, जिसमें पहली पारी में एक बार फिर उनके नाम पांच विकेट हॉल था। अब एक बार फिर तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच आठ दिन का विराम है, ऐसे में एक बार फिर सभी के जेहन में वही सवाल है।

### जुरेल को विकेटकीपर के तौर पर मिल सकती है जगह

भारतीय उप-कप्तान रिषभ पंत ने न तो बल्लेबाजी की थी और न ही विकेटकीपिंग। ऐसा लगता है कि वह अभी तक उंगली में लगी चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। लेकिन टेन डेश्काटे पूरी तरह से मैनचेस्टर में पंत के खेलने को लेकर आश्वस्त हैं, बस सवाल ये है कि वह कीपिंग करेंगे या नहीं। मैनचेस्टर टेस्ट से पहले पंत बल्लेबाजी शुरू कर देंगे। मुझे नहीं लगता कि आप पंत को टेस्ट मैच से बाहर रख सकते हैं। उन्होंने तीसरे टेस्ट में दर्द और चोट के बावजूद बल्लेबाजी की थी। अब जब हमारे पास समय है, तो इससे उंगली और बेहतर ही होगी। कीपिंग आखिरी चीज है, जिसपर हमें फैसला लेना है, हम नहीं चाहते के कि पारी के दौरान हमें एक बार फिर कीपर को बदलना पड़े। कहीं इसका यह मतलब तो नहीं कि भारत मैनचेस्टर में ध्रुव जुरेल को बतौर विकेटकीपर खिलाने पर विचार कर रहा है और पंत बतौर बल्लेबाज खेलेंगे? टेन डेश्काटे ने भी इस बात से इंकार नहीं किया, जुरेल हमारे समीकरण में हैं, लेकिन पंत तभी बल्लेबाजी और कीपिंग करेंगे जब वह पूरी तरह फिट हों।

## प्रज्ञानानंदा ने वर्ल्ड नंबर एक कार्लसन को हराया




**लास वेगास, जेएनएन।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर अपने हम वतन अर्जुन एरिगैसी के साथ चल रहे 750,000 डॉलर इनामी फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर के शीर्ष ब्रैकेट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कार्लसन के लिए पिछले कुछ समय से भारतीय खिलाड़ियों से पार पाना मुश्किल रहा है। उन्हें कुछ सप्ताह पहले मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने भी हराया था, जो इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। कार्लसन के खिलाफ 19 वर्षीय प्रज्ञानानंदा अपने पूरे रंग में थे। उन्होंने शुरू से ही अपने मोहरों को प्रभावी ढंग से तैनात किया। कार्लसन को कुछ मौके मिले, लेकिन प्रज्ञानानंदा ने कुछ शानदार चालों से उन्हें नाकाम कर दिया। इस हार का कार्लसन पर इतना गहरा प्रभाव पड़ा कि वह अगले राउंड में वेस्ली सो के खिलाफ एक और गेम हार गए और चौथे स्थान के लिए हुए अंतिम टाईब्रेकर में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने उन्हें 2-0 से हराकर शीर्ष ब्रैकेट में खिताब की दौड़ से बाहर कर दिया। एरिगैसी दूसरे ग्रुप से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय थे।

# दीप्ति और रोड्रिग्स ने दिलाई भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में जीत

## भारत की चार विकेट से जीत, तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे

**जेएनएन, साउथैम्प्टन।** भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे में चार विकेट से जीत दर्ज कर शानदार शुरुआत की। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा (64 गेंदों पर नाबाद 62 रन) ने अपने बल्लेबाजी कौशल और धैर्य का शानदार परिचय देते हुए नाबाद अर्धशतक जड़ा, जिससे भारत ने 259 रन का लक्ष्य 10 गेंद शेष रहते हुए हासिल कर दिया। इस तरह से भारत ने वनडे विश्व कप के लिए अपनी तैयारी की अच्छी शुरुआत भी की। दीप्ति ने अपनी पारी के दौरान जेमिमा रोड्रिग्स (54 गेंदों पर 48 रन) के साथ 14.2 ओवर में पांचवें विकेट के लिए 90 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की।

अंतिम ओवरों में ऑलराउंडर अमनजोत कौर (14 गेंदों पर 20 रन) ने भी अहम योगदान दिया। भारत की तरफ से सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल (36), उप कप्तान स्मृति मंधाना (28), हरलीन देओल (27) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (17) अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाई, जिससे भारत का स्कोर एक समय चार विकेट पर 124 रन हो गया था। इसके बाद दीप्ति और रोड्रिग्स ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। इससे पहले भारत की युवा तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने दो विकेट झटककर प्रभावित किया, लेकिन सोफिया डंकले की नाबाद 83 रन की पारी की मदद से इंग्लैंड ने छह विकेट पर 258 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।



गौड़ (नौ ओवर में 55 रन देकर दो विकेट) और ऑफ स्पिनर स्नेह राणा (10 ओवर में 31 रन देकर दो विकेट) ने दो-दो विकेट झटके। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जिसके बाद उसने 97 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे, लेकिन एलिस डेविडसन रिचर्ड्स ने 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली और डंकले के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 106 रन की भागीदारी निभाई।

### प्लेयर ऑफ द मैच

**दीप्ति शर्मा नाबाद 64 रन**

> हमने जिस तरह की गेंदबाजी की, उससे मैं खुश हूं। हमने जिस तरह की बल्लेबाजी की, उससे भी बहुत खुश हूं, खासकर दीप्ति से। उसकी पारी अहम थी। हमें लगा कि हमने 20-30 रन ज्यादा दे दिए। यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट था। हम फील्डिंग पर काम कर रहे हैं, हमने आज दो मौके गंवाए। हम बेहतर करने की कोशिश करेंगे। जेमी और दीप्ति ने जिस तरह से धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी की उसका पूरा श्रेय उन्हें जाता है।
>
> ● **हरमनप्रीत कौर,** कप्तान, भारत

## जापान ओपन : लक्ष्य और सात्विक-चिराग हारे, भारतीय चुनौती समाप्त

**जेएनए, टोक्यो।** भारतीय खिलाड़ियों का जापान ओपन में निराशाजनक प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा तथा लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी दूसरे दौर में हारकर इस सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को पुरुष एकल में जापान के कोडाई नाराओका के हाथों 19-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला करीब एक घंटे तक चला। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग पर 21-11, 21-18 से जीत दर्ज की थी, लेकिन वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख सके। इससे पहले पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 44 मिनट तक चले मुकाबले में 22-24, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत से पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता वेई केंग और वांग चांग ने भारतीय जोड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 7-2 कर लिया। सात्विक और चिराग ने धीमी शुरुआत की, लेकिन जल्द ही लय हासिल करके पहले गेम में 18-14 से बढ़त बना ली।




भारतीय जोड़ी हालांकि अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई और चीन की जोड़ी ने वापसी करते हुए पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी आक्रमण और रक्षा दोनों में लड़खड़ा गई और उसे वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद महिला एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में अनुपमा उपाध्याय को भी चीन की दूसरी वरीय वांग झी ही को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद 55 मिनट में 21-13, 11-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे प्रतियोगिता में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

## खेल एक नजर

### बंगाल अंडर-23 टीम के कोच बनने की दौड़ में रिद्धिमान साहा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने के छह महीने बाद भारत के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में से एक रिद्धिमान साहा कोचिंग के क्षेत्र में उतरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने उन्हें अंडर-23 राज्य टीम का मुख्य कोच नियुक्त करने में दिलचस्पी दिखाई है। 40 वर्षीय साहा ने इस साल जनवरी में रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लीग चरण अभियान के अंत में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। ऐसा माना जा रहा है कि बंगाल के पूर्व कप्तान लक्ष्मी रतन शुक्ला सीनियर टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे, जबकि पूर्व ऑफ स्पिनर सौरभ लाहिड़ी अंडर-19 टीम के कोच होंगे। सीएबी के एक वरिष्ठ सूत्र ने कहा, सीएबी के अधिकारी अगले हफ्ते तक विभिन्न टीमों के लिए सभी उम्मीदवारों पर फैसला कर लेंगे। निश्चित रूप से रिद्धिमान से बात हो चुकी है और अगले हफ्ते अंतिम फैसला लिया जाएगा। सौरव गांगुली और पंकज रॉय के अलावा वह 40 टेस्ट के साथ बंगाल का बड़ा नाम हैं। रिद्धिमान पहले से ही कई कोचिंग सेंटर चलाते हैं और वह जूनियर खिलाड़ियों के लिए एक बेहद अनुभवी कोच रहे हैं। वह कोचिंग के प्रति जुनूनी हैं। उम्मीद है कि वह इसके लिए तैयार होंगे। वहीं दिल्ली रणजी टीम के मुख्य कोच पद के लिए पूर्व भारतीय खिलाड़ी सरनदीप सिंह और विजय दहिया के बीच कड़ी टक्कर होने की उम्मीद है। दोनों ने इस पद के लिए आवेदन किया है।



## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करियर का अंतिम मैच खेलेंगे आंद्रे रसेल

**किंग्स्टन, जेएनएन।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल 22 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच के बाद अपने 15 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगे। रसेल की सबसे बड़ी उपलब्धि 2012 और 2016 में टी-20 विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम का सदस्य होना है। वह 2019 से सिर्फ टी-20 प्रारूप में ही खेल रहे हैं। उन्होंने 84 टी-20, 56 वनडे और एक टेस्ट मैच खेला है। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान निकोलस पूरन के 30 साल की उम्र से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने की घोषणा के एक महीने बाद वह संन्यास ले रहे हैं। जमैका के 37 वर्षीय खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के लिए टीम में चुना गया था। वह अपने अंतिम दो मैच 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क में खेलेंगे। रसेल ने भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी-20 विश्व कप से सिर्फ सात महीने पहले अपने फैसले की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैं अपनी भावनाओं को शब्दों में बयां नहीं कर सकता। वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन की सबसे गौरवपूर्ण उपलब्धियों में से एक है।



# यूरोप में पेशेवर फुटबॉल खेलने वाली पहली भारतीय अदिति ने लिया संन्यास

**17 सालों को स्वर्णिम कॅरियर समाप्त, बोलीं- गर्व से इस खेल को अलविदा कह रही हूं**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** यूरोप में पेशेवर फुटबॉल खेलने वाली पहली भारतीय महिला बनने के ठीक एक दशक बाद स्टार खिलाड़ी अदिति चौहान ने 17 साल के अपने करियर को विराम लगाते हुए खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है।

यह 32 वर्षीय भारतीय महिला टीम की पूर्व गोलकीपर अब मैदान के बाहर काम करना चाहती हैं और अगली पीढ़ी के लिए एक मजबूत रास्ता और माहौल बनाना चाहती हैं। अदिति ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा- फुटबॉल का शुक्रिया -मुझे आकार देने, मेरी परीक्षा लेने और मुझे आगे ले जाने के लिए। 17 अविस्मरणीय वर्षों के बाद, मैं गहरी कृतज्ञता और गर्व के साथ पेशेवर फुटबॉल से संन्यास ले रही हूं। इस खेल ने मुझे सिर्फ करियर से कहीं बढ़कर दिया, इसने मुझे एक पहचान दी। दिल्ली में एक सपने का पीछा करने से लेकर ब्रिटेन तक अपना रास्ता बनाने तक, जहां मैंने खेल प्रबंधन में मास्टर्स की पढ़ाई की और वेस्ट हैम यूनाइटेड के लिए खेला-मैं एक ऐसे रास्ते पर चली जिसका कोई स्पष्ट नक्शा नहीं था। अदिति ने कहा, मुझे कभी भी शिक्षा और जुनून के बीच चयन नहीं करना पड़ा। मैंने दोनों काम करने के लिए कड़ी मेहनत की और इसी संतुलन ने मुझे परिभाषित किया है। मैंने खेल को अपना सब कुछ दे दिया। सब कुछ भारत के लिए नंबर एक बनने की तलाश में। लेकिन मुख्य आकर्षण पर्दे के पीछे की शांत लड़ाइयां थीं: अनजानी चीजों का डर, यह साबित करने का दबाव कि मेरा रास्ता सही था और समाज का लगातार सवाल-आप फुटबॉल खेलकर जीविका कैसे चला सकते हैं? उन्होंने कहा, और फिर, चोटें।



- अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान अदिति ने इंग्लैंड में महिला सुपर लीग के लिए वेस्ट हैम यूनाइटेड द्वारा अनुबंधित किए जाने पर सभी का ध्यान आकर्षित किया।
- अदिति ने 57 मैच में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 2012, 2016 और 2019 में सैफ महिला चैंपियनशिप जीतने वाली सीनियर टीम का हिस्सा रहीं।
- 2018 की शुरुआत में अदिति भारत लौटने से पहले वेस्ट हैम के साथ दो सत्र बिताए। वह 2019-20 में इंडियन वुमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) के लिए गोकुलम केरल एफसी से जुड़ीं। घरेलू स्तर पर अदिति ने 2019-20 और 2021-22 में गोकुलम केरल एफसी के साथ आईडब्ल्यूएल का खिताब जीता और एएफसी महिला क्लब चैंपियनशिप में तीसरा स्थान भी हासिल किया।

## स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स निर्माण जल्द हो इसके लिए अधिकारी की नियुक्ती होगी

**भोपाल, खेप्र।** खेल विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स निर्माण के अधोसंरचना कार्यों की सतत निगरानी के लिए विभागीय स्तर पर अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। निर्माण की गुणवत्ता, समयबद्धता और उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक कदम होगा। यह निर्देश खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दिए। वे गुरुवार को बरखेड़ा नाथू स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के प्रथम एवं द्वितीय चरण के अंतर्गत प्रगतिशील निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति तथा निर्माण कार्यों की वर्तमान प्रगति की समीक्षा भी की गई। खेल मंत्री ने निर्देश दिए कि संपूर्ण परिसर में साइनेजेस की स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए एक समर्पित प्रोजेक्ट प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि कॉम्पलेक्स के सुचारु संचालन एवं विभिन्न राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए प्रशासनिक भवन, सर्वर रूम, आईटी रूम तथा एक आधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण की ठोस कार्य-योजना तैयार की जाए। खेल मंत्री ने द्वितीय चरण के अंतर्गत निर्माण गतिविधियों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि खिलाड़ियों एवं आगंतुकों की सुविधा के लिए परिसर के अंदर ही एक उपयुक्त स्थान पर कैफेटेरिया का निर्माण किया जाए।

**खेल मंत्री ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश**




## श्री सत्य साईं ने बाल भवन को 29-0 से एकतरफा शिकस्त दी

**भोपाल, खेप्र।** जवाहर लाल नेहरू, सेंट जोसेफ को-एड, विद्यांजलि, श्री सत्य साईं और गुड शेफर्ड स्कूल ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर मेगा सीबीएसई क्लस्टर (राज्य स्तर) बास्केटबाल गर्ल्स टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। आईईएस पब्लिक स्कूल परिसर के बास्केटबाल कोर्ट पर खेले गए अंडर-17 मुकाबले में जवाहर लाल नेहरू स्कूल ने सेंट जोसेफ (गेहुखेड़ा) को 11-4 से शिकस्त दी। सेंट जोसेफ को-एड ने दिल्ली पब्लिक स्कूल (कोलार) 22-12 से और विद्यांजलि स्कूल (इंदौर) ने कमला नेहरू स्कूल को 12-4 से परास्त कर अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर-14 में श्री सत्य साईं (इंदौर) ने बाल भवन (भोपाल) को 29-0 से एकतरफा शिकस्त दी। गुड शेफर्ड स्कूल (शहडोल) ने न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल (इंदौर) को 14-4 से हराया। इससे पहले टर्नामेंट का शुभारंभ आईईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर इंजीनियर बीएस यादव ने किया। टूर्नामेंट में भोपाल, इंदौर, रीवा, रतलाम, सागर और विदिशा की स्कूल टीमें हिस्सा ले रही है। टूर्नामेंट में 45 स्कूल से 600 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा ले रहे है, जिसको अंडर 14, 17 एवं 19 में विभाजित किया गया है।

## खेल अधिकारी और संविदा युवा समन्वयकों की कार्यशाला आज

**भोपाल, खेप्र।** खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग 18 जुलाई को समन्वय भवन में जिला खेल अधिकारी एवं संविदा युवा समन्वयकों की राज्य स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। खेल विभाग द्वारा सुबह 10:30 बजे आयोजित कार्यशाला में प्रदेश के सभी 10 संभाग भोपाल, रीवा, सागर, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर, मुरैना, जबलपुर, नर्मदापुरम और शहडोल के सभी जिला खेल अधिकारी एवं युवा समन्वयक भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य प्रदेश में खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ करना, युवाओं को नेतृत्व और फिटनेस से जोड़ना तथा विभाग द्वारा संचालित नई पहलों की जानकारी साझा करना है। सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में मध्यप्रदेश में खेलों की नई पहलें, माय भारत एवं युवा कल्याण गतिविधियों के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य, डोपिंग जागरुकता और शारीरिक फिटनेस जैसे विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। सम्मेलन में संभागवार प्रस्तुतिकरण भी किया जाएगा। कार्यशाला में खेल अधोसंरचना, जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं और नवाचारों को लेकर विचार साझा किए जाएंगे। इस अवसर पर सहभागी प्रतिनिधियों से प्रश्नोत्तर और फीडबैक सत्र के माध्यम से सुझाव भी लिए जाएंगे।

### पंचायत सचिव निलंबित कर मुख्यालय में अटैच

**रीवा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने ग्राम पंचायत कोनीकला के सचिव शिवभूषण द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि नशे की हालत में पंचायत दिवस का अश्लील वीडियो वायरल हुआ था। गंभीर कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए पंचायत सचिव को निलंबित कर मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय जवा नियत किया गया है।

## भारी बारिश का असर : रीवा में एक सैकड़ा से अधिक बाढ़ में फंसे, रेस्क्यू कर निकाला

# सतना में पानी में डूबने से 2 बच्चों की मौत
# रीवा में 2 साल का मासूम नाले में बहा

### सतना के रेलवे कॉलोनी व रीवा के अमहिया नाला में सामने आई घटना

**जागरण, रीवा/सतना।** बीती रात से शुरू हुई झमाझम बारिश से नदी और नाले उफान पर हैं। सतना में दो बच्चों की गढ्ढे में डूबने से मौत हो गई, जिनके शव को अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया है। वहीं रीवा के अमहिया नाला में दो साल का मासूम बह गया, जिसका अब तक पता नहीं चल सका था। घटना रीवा शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत विवेकानंद नगर में गुरुवार की दोपहर तीन बजे सामने आई। अमहिया नाला के तेज बहाव में रुद्रांश गुप्ता पिता दीपचंद्र गुप्ता 2 वर्ष निवासी गोरगी महसांव बह गया। बताया गया कि मासूम अपने परिजनों के साथ रिश्तेदारी में शहर के अमहिया थाना क्षेत्र के विवेकानंद नगर आया हुआ था। रुद्रांश घर के बाहर नाले के पास पेशाब करने गया था, तभी उसका पैर फिसला और वह नाले के तेज बहाव में बह गया। हादसा देख परिजनों ने चीख पुकार शुरू कर दी और आनन फानन में स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची अमहिया पुलिस ने एसडीआरएफ टीम को बुलाकर रेस्क्यू शुरू करवाया लेकिन खबर लिखे जाने तक मासूम बालक का पता नहीं लग सका था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।



### रेलवे कॉलोनी के गड्ढे में भरे पानी में डूबने से 2 की मौत

सतना रेलवे कॉलोनी के ग्राउंड में स्थित गड्ढे में डूबने से दो बालकों की मौत हो गई। दोनों आपस मे दोस्त बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी लगते ही जीआरपी प्रभारी राजेश राज ने एसडीआरएफ की मदद से दोनों बालकों के शव को पानी से बाहर निकलवाया। घटना गुरुवार की शाम तकरीबन 5 बजे के आसपास हुई। बताया गया कि खेलते हुए दोनों बच्चे गड्ढे में भरे पानी में पहुंच गए। गड्ढे में पानी अधिक अधिक होने से दोनों पानी में डूब गए, जिससे दोनों की मौत हो गई। हादसे में नितिन कुशवाहा पिता राजेन्द्र कुशवाहा 15 वर्ष और अमन भट्ट पिता रजनीश भट्ट 16 वर्ष की मौत हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मौके पर मिले जूते और कपड़ों से अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों नहाने के लिए गड्ढे में उतरे थे, जहां दोनों डूब गए। शाम तकरीबन 6 बजे नितिन कुशवाहा का शव रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया इसके बाद अमन का शव मिला है। बताया गया मृतक अमन के पिता सतना रेलवे स्टेशन में कार्यरत हैं।

### छात्रावास में फंसे आधा सैकड़ा छात्रों को निकाला बाहर



शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत निराला नगर वार्ड क्रमांक 9 में बुधवार की रात से शुरू हुई बारिश से सुबह जल भराव की भीषण स्थिति देखने को मिली। सरदार वल्लभ भाई पटेल संस्थान के छात्रावास में करीब आधा सैकड़ा छात्र जलभराव के चलते अंदर कैद हो गए। आनन फानन में मामले की सूचना के बाद एसडीआरएफ की टीम पहुंची और छात्रों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। बताया गया कि नाले में अतिक्रमण के चलते यहां पर जलभराव की स्थित सामने आई है। नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, व पार्षद सतीश सिंह भी रेस्क्यू के दौरान मौके पर मौजूद रहे। उन्होने नाला के अतिक्रमण को साफ कराने का अल्टीमेटम दिया है। बहरहाल अचानक हुए जल भराव के कारण छात्र वहां से निकल ही नहीं पा रहे थे और भवन पानी में डूबने लगा, जिसके बाद एसडीआरएफ टीम के प्रभारी विकास पाण्डेय के नेतृत्व में रेस्क्यू कर छात्रावास में फंसे छात्रों को बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंचे नगर निगम परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि नालों पर अतिक्रमण करने वाले और अवैध कॉलोनी बसाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### पानी के बीच फंसे श्रमिकों को रेस्क्यू कर निकाला बाहर

सगरा थाना क्षेत्र के सथनी गांव में निर्माणधीन अस्पताल भवन में सतना जिले के 8 श्रमिक पानी के बीच फंसे हुए थे। करीब 10 घण्टे श्रमिक पानी के बीच जिंदगी की जंग से जूझते रहे। सूचना के बाद सगरा थाना पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची जहां रेस्क्यू कर श्रमिकों को शाम 5 बजे सुरक्षित बाहर निकाला गया । मिली जानकारी के मुताबिक सथनी गांव से निकलने वाला किशन नाला उफान में था, करीब दस से 15 फिट पानी चल रहा था, आसपास के खेत भी लबालब थे। निर्माणाधीन अस्पताल में रुककर सतना जिले के 8 श्रमिक कार्य कर रहे थे। बुधवार की रात से शुरू हुई बारिश से किशन नाला का जलस्तर गुरुवार की सुबह बढ़ गया और श्रमिक फंस गए। मजदूरों के फंसने की सूचना पर तत्काल सागर थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा स्टाफ के साथ मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम को मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए मौके पर बुलाया। मजदूर बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से पर जान बचाने के चढ़ गए थे। बिल्डिंग के चारों ओर तकरीबन 10 से 15 फिट पानी भरा हुआ था। जिसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद निर्माणाधीन भवन के पास पहुंचकर एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू कर श्रमिकों को बाहर निकाला गया।

### जर्जर मकान की सीढ़ियां बारिश से धराशायी, रेस्क्यू कर घर के अंदर फंसे लोगों को निकाला गया बाहर



**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत उपरहटी मोहल्ले में बीती रात से हुई तेज बारिश से एक जर्जर भवन की सीढ़िया क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान घर की दूसरी मंजिल में रह रहे लोग फंसे गए। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस प्रशासन सहित एनडीआरएफ की टीम पहुंची और मकान के अंदर से सात लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकल गया है। जानकारी के मुताबिक उपरहटी मोहल्ला निवासी भागवत चौरसिया का मकान काफी पुराना है, लगातार बारिश से मकान के अंदर बनी हुई सीढ़ियां अचानक क्षतिग्रस्त हो गई जिसके चलते मकान के ऊपरी हिस्से में तीन लोग फंस गए थे जबकि चार लोग घर के नीचे के हिस्से में फंसे थे जिसमें से दो लोग पैरालिसिस बीमारी से ग्रसित थे। मौके पर पहुंची टीम ने मकान के ऊपर फंसे तीन लोगों को खिड़की काटकर नगर निगम के वाहन से सुरक्षित बाहर निकाला है और सभी सातों लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है।

### त्योंथर के डीह में 10 लोगों का किया रेस्क्यू

ग्राम डीही में 10 लोग बाढ़ से घिर गए थे जिन्हें एसडीआरएफ की टीम द्वारा सुरक्षित निकाल लिया गया है। उन्हें बनाए गए राहत शिविरों में ले जाया गया है। राहत शिविर में भोजन और पानी की उपलब्धता भी करा दी गई है।




### 45 हजार रुपए की 101 लीटर अवैध शराब जब्त

**जागरण, रीवा।** आबकारी विभाग की टीम द्वारा वृत्त मऊगंज क्षेत्र में अवैध मदिरा के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। कार्रवाई में करीब 101 लीटर देशी विदेशी शराब जब्त की गई जिसकी अनुमानित कीमत 45 हजार रुपए है। बताया गया कि ग्राम वनपाडर में रामलखन यादव के रिहायशी मकान पर आबकारी विभाग के दल ने छापा मारा । जहां से कुल 101.78 बल्क लीटर देशी व विदेशी मदिरा जब्त की गई। अवैध रूप से मिली शराब में 514 पाव देशी प्लेन मदिरा और 52 पाव व्हिस्की शामिल है। मामले में पुलिस ने आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है। वहीं आरोपी मौके से फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। बताया गया है कि आबकारी अधिकारी अनिल जैन को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मऊगंज जिले के ग्राम वनपाडर में रामलखन यादव के रिहायशी मकान शराब की अवैध शराब की खेप उतारी गई है। जिसके बाद आबकारी अधिकारी द्वारा एक टीम गठित कर राम लखन यादव के घर में छापा डाला गया, जहां से भारी मात्रा में देशी और अंग्रेजी शराब जब्त की गई है।

### लाठी से पीट-पीटकर युवक की हत्या
#### एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

**जागरण, रीवा।** डभौरा थाना क्षेत्र के डभौरा बस्ती में एक युवक की बीती रात लाठी-डंडा से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकी दूसरे फरार आरोपी की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक और आरोपी नशे की हालत में थे जिनका किसी बात को लेकर विवाद हुआ और दो आरोपियों ने आदित्यनाथ पाण्डेय उर्फ कल्लू पिता स्व. अवधेश नारायण पाण्डेय के सर पर लाठी डंडा से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को गुरुवार की सुबह हुई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। डभौरा थाना में फरियादी कौशलेन्द्र पाण्डेय पिता स्व.अवध नरेश पाण्डेय निवासी डभौरा नईबस्ती ने शिकायत दर्ज करवाई कि गुरुवार की सुबह उसे कुलदीप सेन ने बताया कि उसके भाई आदित्यनाथ पाण्डेय उर्फ कल्लू मृत अवस्था में बांकेलाल चर्मकार के घर के सामने पड़ा हुआ है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या का मामला पंजीबद्ध कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया जहां पीएम के उपरांत पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने घटना में आरोपी राजेन्द्र उर्फ सोनू वर्मा पिता बांकेलाल चर्मकार 28 वर्ष निवासी डभौरा बस्ती थाना डभौरा को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल ने बातया कि घटना में शामिल एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

### इंस्टाग्राम से दोस्ती कर महिला के साथ दुष्कर्म



**जागरण, रीवा।** इंस्टाग्राम सोशल प्लेटफार्म पर महिला से दोस्ती फिर प्यार और उसके बाद दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के बाद गोविंदगढ़ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने गोविंदगढ़ थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि सुनील पटेल से दो वर्ष पूर्व उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम से हुई थी, जिसके बाद एक दिन सुनील उसके घर के पास आया और बातों ही बातो में बहला फुसला कर दुष्कर्म किया। इसके बाद कई बार अलग अलग स्थानों पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया और धमकी दी गई कि अगर वह इस संबंध में किसी को बताई तो उसे जान से मार देगा। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।






































जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com